
नई दिल्ली
सोमवार, 1 सितंबर 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष,
नवमी वर्ष : 29, अंक : 138
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32.0
न्यून. 28.0

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



टीम इंडिया ने चीन के बाद जापान को भी रौंदा, लगातार मिली दूसरी जीत 9



## खबर संक्षेप



### पुलिस से मुठभेड़ के बाद दो शूटर गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के जाफरपुर कलां इलाके में पुलिस से हुई मुठभेड़ के बाद नंदू-वेंकट गिरोह के दो शूटरों को गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान रोहतक के निवासी नवीन उर्फ भांजा (25) और अंबाला के रहने वाले अनमोल कोहली (26) के रूप में हुई है, जो 28 अगस्त को छावला इलाके में हुई गोलीबारी की घटना के सिलसिले में वांछित थे। अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ के दौरान, दोनों को गोली लग गई और पुलिस ने उन्हें काबू कर लिया। बाद में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने कहा कि नवीन गिरोह के लिए शार्पशूटर के रूप में काम करता था, जबकि अनमोल मददगार की भूमिका निभाता था। पुलिस ने बताया कि वे दोनों गिरोह के सरगना कपिल नंदू और वेंकट गर्ग के निर्देश पर गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है।

### वांछित अपराधी किया अरेस्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कई जघन्य मामलों में वांछित 25 वर्षीय अपराधी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अपराधी को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके से गिरफ्तार किया गया और उसके पास से एक पिस्तौल और कारतूस बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान जनता मजदूर कॉलोनी निवासी मेहताब के रूप में हुई है और उसे बृहस्पतिवार की सुबह गुप्त सूचना मिलने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। वेलकम थाने में शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, मेहताब से कड़ी पूछताछ की गई। इस दौरान उसने कथित तौर पर कई अपराधों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

## तीन लोगों को किया गिरफ्तार

# चार करोड़ रुपये से अधिक कीमत की हेरोइन बरामद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने रविवार को दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर चार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की हेरोइन बरामद की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने 29 अगस्त को दो चरणों में चलाए गए अभियान में लगभग 1.012 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सबसे पहले जहांगीरपुरी निवासी अफसाना (23) को भलस्वा डेयरी इलाके में गिरफ्तार किया गया और उसके पास से लगभग 300 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान अफसाना ने उस व्यक्ति का नाम उजागर किया जिसने उसे हेरोइन दी थी।

अधिकारी ने बताया कि इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापेमारी कर बुराड़ी इलाके से नरेंद्र (37) और उसकी पत्नी ज्योति (35) को गिरफ्तार किया। नरेंद्र को बुराड़ी स्थित परिवहन प्राधिकरण कार्यालय के पास से पकड़ा गया, जबकि ज्योति को उसके आवास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि बुराड़ी स्थित उनके फ्लैट की तलाशी में कई जगहों पर छिपाकर रखी गई 712 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस के अनुसार, जब्त किए गए मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत चार करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों लोगों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। उसने यह भी बताया कि मादक पदार्थ कहां से लिया गया, इसका पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## 2015 के डाबरी हत्याकांड और डकैती मामले में भगोड़ा अपराधी पकड़ा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने डाबरी इलाके में हत्या और डकैती के एक दशक पुराने मामले में भगोड़ा घोषित किए गए 30 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के हापुड़ निवासी ललित सैनी के रूप में हुई है और वह 2015 में लूटपाट की एक घटना के दौरान एक ऑटो चालक की हत्या के सिलसिले में वांछित था। पुलिस के अनुसार, सैनी ने अपने साथियों विशाल उर्फ कौआ और साजन के साथ मिलकर ऑटो चालक हजारी लाल की कथित तौर पर चाकू मार दी थी और उसका सामान लेकर फरार हो गया था। चाकू घोंपे जाने के कारण घायल ऑटो चालक ने दम तोड़ दिया था। पुलिस के अनुसार मुकदमे के दौरान सैनी अदालत में पेश नहीं होता, जिसके कारण उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने कहा कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए द्वारका अदालत परिसर के पास एक जाल बिछाया गया और सैनी को पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान सैनी ने कथित तौर पर पुलिस को बताया कि 2015 के हत्या के मामले में गिरफ्तार होने से पहले उसने दिल्ली में कई अपराध को अंजाम दिया था। जमानत पर रिहा होने के बाद वह फरार हो गया और सुनवाई में शामिल होना बंद कर दिया, जिसके कारण उसे भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है।

### घुमंतू समाज के लिए स्थायी आवास देना हमारी प्राथमिकता : रेखा

**नई दिल्ली।** घुमंतु समाज के प्रत्येक परिवार को स्थायी आवास उपलब्ध कराना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को विमुक्त, घुमंतू व अर्ध-घुमंतू जनजातियों के सशक्तिकरण के लिए डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में विमुक्त जाति दिवस कार्यक्रम में कही। मुख्यमंत्री ने इस दौरान विश्वास दिलाया कि इस समाज के हर परिवार को छत उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जहां इन परिवारों को बसाया जाएगा, वहीं रोजगार की सुविधाओं और हाट-बाजार की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि आजीविका और जीवन-यापन दोनों सुनिश्चित हों। दिल्ली सरकार के कला व संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के केबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा व रविंद्र इंद्राज सिंह के अलावा अन्य गणमान्य अतिथि भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संवेदनशीलता और दूरदृष्टि का सम्मान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा घुमंतू, विमुक्त और अर्ध-घुमंतू समुदायों के लिए बोर्ड का गठन कर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आवास जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है।

## द्वारका हत्याकांड में दो दबोचे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ला में द्वारका के बिंदापुर इलाके में इस महीने की शुरुआत में 35 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या किए जाने के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान उत्तम विहार निवासी पवन कुमार (23) और भगवती विहार निवासी विपिन (19) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि उत्तम नगर के एक अस्पताल से 17 अगस्त को सूचना मिली कि कुलदीप नामक एक व्यक्ति को मृत अवस्था में लाया गया था और उसके सीने पर चाकू से हमला किया गया था। अधिकारी ने बताया कि कुलदीप के भतीजे की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया, जिसने आरोप लगाया कि उसके चाचा का आरोपियों के साथ झगड़ा हुआ था और उन्होंने उनकी छाती में चाकू मार दिया गया था। पुलिस ने बताया कि अपने चाचा को बचाने की कोशिश में भी वह भी घायल हो गया।

अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि आरोपियों ने अपने मोबाइल फोन बंद कर दिए थे और गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार ठिकाने बदल रहे थे। उन्होंने बताया कि विपिन को 23 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था जबकि पवन को बाद में पकड़ा गया।

पुलिस के अनुसार, पवन का आपराधिक रिकॉर्ड है और वह इससे पहले 2023 में हत्या के प्रयास के मामले और 2022 में आबकारी अधिनियम के एक मामले में शामिल था जबकि विपिन का पहले कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। पुलिस ने कहा कि मामले में अन्य संदिग्धों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं और मामले की जांच जारी है।

# 248 ग्राम कोकीन सहित दो नाइजीरियाई नागरिक पकड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के उत्तम नगर इलाके से दो नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 248 ग्राम कोकीन जब्त की। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों की पहचान चुक्वू एंड्रयू (48) और कोने पायस डेनियल (43) के रूप में हुई है, जो नाइजीरिया के सबसे बड़े शहर लागोस के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि दोनों पर भारत में निर्धारित अवधि से अधिक समय तक रहने का भी आरोप है। अधिकारियों के मुताबिक, एंड्रयू और डैनियल द्वारका व उत्तम नगर में कथित तौर पर छात्रों तथा संपन्न निवासियों को निशाना बनाते थे। उन्होंने बताया कि दोनों के पास से फर्जी पासपोर्ट और वीजा जब्त किए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 24 अगस्त को उत्तम नगर के ओम विहार में छापा मारा और एंड्रयू को गिरफ्तार कर उसके पास से 135 ग्राम कोकीन जब्त की। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान एंड्रयू ने खुलासा किया कि वह 2009 में भारत आया था और वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी देश में रह रहा है। उसे एक अन्य नाइजीरियाई नागरिक सेंट ने नशीले पदार्थों के व्यापार में शामिल किया, जिसे छह महीने पहले निर्वासित कर दिया गया था।" अधिकारी ने कहा कि एंड्रयू से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने 27 अगस्त को डैनियल को ओम विहार से गिरफ्तार कर लिया, जहां वह कोकीन पहुंचाने गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने डैनियल के पास से 113 ग्राम कोकीन जब्त की। पुलिस के मुताबिक, शहर में कोकीन की तस्करी में शामिल व्यापक नेटवर्क की पहचान करने के प्रयास जारी हैं।

## दिल्ली सरकार की बस सेवा यात्रियों के लिए खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- किलोमीटर पूरे करने की दौड़ यात्रियों की जान पर भारी

राजधानी दिल्ली की सड़कों पर दौड़ती दिल्ली सरकार की कुछ इलेक्ट्रिक बसें और क्लस्टर योजना की कुछ ऑरेंज बसें अब यात्रियों के लिए यातायात का सहारा नहीं, बल्कि डर का कारण बन गई हैं। इसके पीछे वजह बताई जाती है कि इन बसों के ड्राइवरों पर 8 घंटे में तय किलोमीटर पूरे करने का दबाव इतना हावी है कि वे निर्धारित बस स्टैंडों पर रुकने की बजाय सीधे आगे निकल जाते हैं। दिल्ली सरकार और उसके परिवहन विभाग द्वारा तय किए गए नियमों के मुताबिक ड्राइवरों को शिफ्ट खत्म करने के लिए एक निश्चित दूरी पूरी करनी होती है। नतीजा यह है कि ड्राइवर बस को तेजी से भगाते हैं और हर जहां कम सवारी होती है, या कोई रूकने का संकेत नहीं करता है तो स्टॉप पर रुकने से बचते हैं। महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को बीच सड़क पर हाथ हिलाकर बस रुकवाने की मजबूरी झेलनी पड़ती है। ऐसे में देखने में आया है कि कई बार लोग भागकर बस में चढ़ने की कोशिश करते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं। ड्राइवरों की इस जल्दबाजी ने दिल्ली की सड़कों पर अनगिनत जानें जोखिम में डाल दी हैं।

### प्राइवेट कंपनियों और डीटीसी अधिकारियों पर मिलीभगत के आरोप

डीटीसी यूनियन से जुड़े पदाधिकारियों ने दिल्ली में प्राइवेट बस कंपनियों और डीटीसी (दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन) अधिकारियों पर मिलीभगत को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं, नाम नहीं छापने की शर्त पर बस ड्राइवरों का कहना है कि निजी कंपनियों के मालिक किलोमीटर के हिसाब से पैसा कमाने के लिए अपने प्राइवेट ड्राइवर रखते हैं और उन पर "ओके ड्यूटी" का दबाव बनाते हैं। यदि कोई कर्मचारी निर्धारित दबाव में काम करने से मना करता है तो उसकी ड्यूटी हटा दी जाती है या फिर नौकरी से निकाल दिया जाता है। वही, नाम नहीं छापने पर डीटीसी बस कंडक्टरों का कहना है कि इस पूरे सिस्टम में डीटीसी अधिकारियों की भी मिलीभगत रहती है, जो प्राइवेट कंपनियों के मालिकों के पक्ष में काम करते हैं और कर्मियों पर अतिरिक्त दबाव बनवाते हैं।

## कालकाजी मंदिर हत्याकांड मामला: शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीम गठित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने कालकाजी मंदिर में 35 वर्षीय सेवादार की हत्या के मामले में शेष आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए कई टीम गठित की हैं। सेवादार योगेंद्र सिंह की शुक्रवार रात प्रसाद वितरण को लेकर हुए विवाद के बाद कुछ लोगों ने कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इस मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ़्तार किया जा चुका है, जिनमें मुख्य आरोपी अतुल पांडे भी शामिल है, जिसे स्थानीय लोगों ने मौके पर ही पकड़ लिया था। चार अन्य लोगों, मोहन उर्फ भूरा, उसके चचेरे भाई कुलदीप बिधूड़ी, नितिन पांडे और उसके पिता अनिल कुमार को शनिवार को गिरफ़्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पूर्वी) हेमंत तिवारी ने कहा कि हमले में कथित रूप से शामिल अन्य लोगों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।" उन्होंने कहा कि शेष संदिग्धों को पकड़ने के लिए कई समर्पित टीम बनाई गई हैं, जो सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल, तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण और लोगों से पूछताछ कर रही हैं। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि



शेष सभी आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सिंह लगभग 15 वर्षों से मंदिर में सेवा कर रहे थे। भंडार खत्म होने की वजह से जब उन्होंने आरोपियों के समूह की चुन्नी प्रसाद की मांग पूरी नहीं की, तो उन पर लाठी-डंडों और मुक्कों से हमला कर दिया गया। सिंह के छोटे भाई कौशल ने कहा कि परिवार इस त्रासदी से स्तब्ध है। उन्होंने सरकार से सहायता की मांग की। कौशल ने कहा कि योगेंद्र अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए अथक परिश्रम करते थे। वह मंदिर में सेवा करके अपनी पत्नी और बच्चों का भरण-पोषण कर रहे थे, जिनमें उनकी छह साल की दिव्यांग बेटी भी शामिल थी। हमें अकेले उसके इलाज पर ही एक लाख रुपये से ज़्यादा खर्च करने पड़े। अब हम सरकार से आर्थिक मदद के लिए विनती करते हैं, ताकि उसका इलाज जारी रह सके। उन्होंने यह भी बताया कि उनके भाई ने आरोपी के प्रसाद के अनुरोध को विनम्रतापूर्वक अस्वीकार कर दिया था। कौशल ने कहा कि योगेंद्र ने बताया कि प्रसाद खत्म हो गया है। लेकिन समझने की बजाय, उन्होंने उसे बाहर खींच लिया और इतनी बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया कि वह बच नहीं सका। हम सोच भी नहीं सकते कि उस पर इतनी क्रूरता क्यों की गई। उन्होंने कहा कि सभी आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, ताकि ऐसा अपराध फिर कभी न हो। मंदिर के अन्य सेवादारों ने कहा कि इस घटना के बाद वे अब अपनी सुरक्षा को लेकर अनिश्चित हैं।

सेवादारों में से एक ने कहा कि हम मंदिर और श्रद्धालुओं की पूरी श्रद्धा से सेवा करते हैं। लेकिन इस हत्या के बाद, हम यहाँ आने वाले किसी भी व्यक्ति पर कैसे भरोसा कर सकते हैं? इस क्रूरता ने हमें हिलाकर रख दिया है। हम मंदिर में काम करने वाले सेवादारों और अन्य कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए उचित व्यवस्था की माँग करते हैं।

## शांति मानवता का सच्चा मार्ग है और अहिंसा उसकी सबसे बड़ी ताकत है : विजेंद गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- विधानसभा अध्यक्ष ने अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में वैश्विक शांति का आह्वान कर 'विश्व गुरु' के रूप में भारत की भूमिका को किया रेखांकित




शांति मानवता का सच्चा मार्ग है और अहिंसा उसकी सबसे बड़ी ताकत है। यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रविवार को भारत के पहले नवस्थापित वर्ल्ड पीस सेंटर में 'विश्व शांति, सद्भाव और शांति शिक्षा' पर आयोजित प्रथम अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कही। आचार्य डॉ. लोकेश मुनि के मार्गदर्शन में आयोजित इस संगोष्ठी में भारत और विदेश से आए अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने वैश्विक शांति, सद्भाव और शांति शिक्षा की परिवर्तनकारी भूमिका पर विचार-विमर्श किया। अपने संबोधन में विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत का इतिहास शांति और अहिंसा का इतिहास है। भगवान महावीर ने कहा था अहिंसा परम धर्म है, भगवान बुद्ध ने करुणा से एकजुट महाद्वीप का सपना देखा था और महात्मा गांधी ने यह सिद्ध किया कि सत्य और अहिंसा से साम्राज्यवादी शक्तियों को भी परास्त किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विरासत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पुनर्जीवित किया है। 2022 में रूस–यूक्रेन युद्ध के दौरान, उन्होंने संयुक्त राष्ट्र, जी20 और ब्रिक्स में कहा कि यह युद्ध का युग नहीं, बल्कि शांति, स्थिरता और सहयोग का समय है। भारत ने समय रहते दुनिया को यह संदेश दिया कि भविष्य युद्ध में नहीं, बल्कि शांति में है। गुप्ता ने कहा कि भारत की पहचान शांति और अहिंसा के मूल्यों में गहराई से निहित है, जो भगवान महावीर, भगवान बुद्ध और महात्मा गांधी की शिक्षाओं में निहित है। गुप्ता ने कहा कि आचार्य डॉ. लोकेश ध्यान, योग और शांति शिक्षा के विशेषज्ञ हैं। व्यापक शोध के बाद उन्होंने एक 'शांति शिक्षा' पाठ्यक्रम तैयार किया है, जो भारत की प्राचीन ध्यान–योग परंपरा को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ समन्वित करता है। यह शिक्षा मानव के भीतर की नकारात्मक प्रवृत्तियों को दूर करती है और मानवीय तथा दिव्य गुणों को जागृत करती है, जिससे करुणा, सद्भाव और सकारात्मक मानवीय मूल्यों का विकास होता है।

### हत्या के प्रयास से जुड़े मामले में वांछित हाशिम बाबा गिरोह का शार्पशूटर पकड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गोकलपुरी इलाके में हत्या के प्रयास से जुड़े एक मामले में वांछित शार्पशूटर को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी हाशिम बाबा गिरोह का सदस्य है। अधिकारियों के मुताबिक, जाफराबाद निवासी असद अमीन (23) को बाराखंभा रोड मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया और उसके पास से एक 'सेमी-ऑटोमैटिक' पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर 26 अगस्त को बाराखंभा रोड मेट्रो स्टेशन के बाहर एसबीआई बस स्टैंड के पास जाल बिछाया। उसने अमीन को जांच के नाम पर रोका और तलाशी लेने पर उसके पास से एक 'सेमी-ऑटोमैटिक' पिस्तौल बरामद की। उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया। अधिकारी ने दावा किया कि पूछताछ के दौरान अमीन ने हाशिम बाबा गिरोह का सक्रिय सदस्य होने की बात स्वीकार की।

## स्कूल के रास्ते के लिए अपनी भूमि देने के लिए भी ग्रामीण तैयार

# नरेला के बांकनेर गांव में नए विद्यालय का निर्माण अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के बांकनेर गांव क्षेत्र में लंबे समय से प्रस्तावित नए विद्यालय के निर्माण कार्य पर रोक लगने से बच्चों और अभिभावकों में गहरी नाराज़गी है। शनिवार को गांव के लगभग 50 लोगों का प्रतिनिधिमंडल, बांकनेर विद्यालय संघर्ष समिति के गजे सिंह खत्री और आसपास की कई आरडब्ल्यूए और सामाजिक संस्थाओं के समर्थन पत्रों के साथ राजकीय सर्वोदय बाल विद्यालय बांकनेर के प्रधानाचार्य से मिला। प्रतिनिधिमंडल में लामपुर आरडब्ल्यूए, बांकनेर आरडब्ल्यूए, गौतम कॉलोनी विकास समिति, संजय कॉलोनी विकास समिति, शिव मंदिर विकास समिति, फेडरेशन ऑफ नरेला सब सिटी, जनहित फेडरेशन नरेला सहित कई संगठन जुड़े। स्थानीय पार्षद दिनेश भारद्वाज, सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र खत्री, वरिष्ठ नागरिक और किसान भी




इस पहल का हिस्सा रहे। बैठक में गांव के गणमान्य लोगों ने भी बड़ा निर्णय लिया। उन्होंने सरकार को आश्वासन दिया कि यदि सड़क चौड़ी करने की आवश्यकता है तो वे अपनी भूमि देने के लिए भी तैयार हैं। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों से विद्यालय स्थल का पुनः सर्वेक्षण करने और निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की। अब सबकी नज़रें शिक्षा मंत्री आशीष सूद पर हैं कि वे कब बांकनेर के बच्चों के लिए नए विद्यालय के निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाते हैं।

### निरीक्षण के बाद मौखिक आदेश से रोक दिया गया निर्माण कार्य

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कुछ समय पहले ठेकेदार ने विद्यालय स्थल पर काम शुरू भी कर दिया था, लेकिन बाद में शिक्षा मंत्री आशीष सूद, सांसद योगेंद्र चंदोलिया, विधायक राज करण खत्री और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल तक पहुंच मार्ग की चौड़ाई कम होने का हवाला देकर मौखिक रूप से निर्माण पर रोक लगा दी गई। वर्तमान स्थिति बेहद गंभीर है। बांकनेर वार्ड नंबर -2 और आसपास के क्षेत्र में सिर्फ दो सरकारी स्कूल हैं। एक लड़कों और एक लड़कियों के लिए। दोनों विद्यालयों में क्षमता से दोगुना से अधिक छात्र पढ़ रहे हैं।

## रामलीलाएं समाज को मर्यादा, संयम और सेवा का संदेश देने का पवित्र माध्यमः रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रामलीलाओं का आयोजन केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि समाज को मर्यादा, संयम और सेवा की शिक्षा देने का पवित्र माध्यम है। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को पुरानी दिल्ली स्थित लालकिला क्षेत्र में दो रामलीलाओं और पीतमपुरा में एक रामलीला आयोजन के लिए हुए भूमि पूजन समारोह के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में रामलीलाओं के मंचन को लेकर तैयारियां जारी हैं। दिल्ली सरकार राजधानी को सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और परंपराओं से भरपूर बनाने के लिए हर कदम पर सहयोग करेगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को लालकिला स्थित श्री धार्मिक लीला कमेटी (बगीची माधवदास), लव-कुश रामलीला कमेटी व पीतमपुरा स्थित श्री राम-लखन धार्मिक सभा रामलीला के भूमि पूजन समारोहों में शामिल हुईं। मुख्यमंत्री कहा कि रामलीलाओं के आयोजन से दिल्ली, बल्कि पूरे देश के लाखों श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के आदर्शों से जुड़ने का अवसर मिलता है। दिल्ली सरकार सभी धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलीला की ज्योति दिल्ली को आस्था, संस्कार और सांस्कृतिक एकता की राह दिखाती है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि आयोजकों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को ऐतिहासिक लाल किला मैदान में राजधानी में पहली बार आयोजित भव्य दसलक्षण पर्व उत्सव में सम्मिलित होकर जैन समाज और उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ अपनी आस्था और भावनाएं साझा कीं।

नई दिल्ली
सोमवार, 1 सितंबर 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 138
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 32
न्यून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



9 राणा ने खेली तूफानी पारी फाइनल में वेस्ट दिल्ली लायंस

'मन की बात' के 125वें एपिसोड में पीएम मोदी का आह्वान

## 'वोकल फॉर लोकल' से ही बनेगा आत्मनिर्भर भारत, गर्व से कहो, ये स्वदेशी है

# उपहार वही हो- जो भारत में बना हो, पहनावा वही हो-जो भारत में बुना हो, सजावट वही हो-जो भारतीय सामान से हो, और रोशनी वही हो-जो भारत में बनी झालरों से हो

स्वदेशी अपनाने से न सिर्फ देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान भी और सशक्त बनेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 125वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गणेशोत्सव और आने वाले सभी त्योहारों की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खासतौर पर स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और स्वच्छता अभियान पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि त्योहारों में हमें उपहार, पहनावा, सजावट और रोशनी सब कुछ भारत में बने सामान से ही लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्व से कहो, ▶▶ शेष पेज 5 पर



पीएम मोदी ने 'मन की बात' में किया जिक्र

### फुटबॉल खिलाड़ियों को जर्मनी में मिलेगा प्रशिक्षण

पीएम मोदी ने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के विचारपुर गांव का उल्लेख करते हुए स्थानीय खिलाड़ियों के लिए बड़ी खुशखबरी दी। प्रधानमंत्री ने बताया कि जर्मनी के एक फुटबॉल कोच ने शहडोल के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने की इच्छा जताई है। इसके तहत जल्द ही यहां के चार खिलाड़ी जर्मनी की एक अकादमी में ट्रेनिंग के लिए भेजे जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि ▶▶ शेष पेज 5 पर



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आदिवासी भाषाओं के लिए आदि वाणी एप की लांचिंग

**रांची।** जनजातीय कार्य मंत्रालय की पहल पर आदिवाणी एप बनाया गया है। एक सितंबर को इस ऐप की लांचिंग होने वाली है। यह एप एक एआइ प्लेटफॉर्म में है, जिससे भाषा के संरक्षण और संवर्धन में काफी मदद मिलेगी। इसके जरिये आदिवासी भाषाएं डिजिटल और ग्लोबल होंगी। आदिवासी भाषाओं के डिजिटलीकरण की दिशा में यह एक बड़ा कदम है।



### भारतीय हॉकी टीम की लगातार दूसरी जीत

**राजगीर।** बिहार के राजगीर में खेले जा रहे एशिया कप 2025 में भारतीय हॉकी टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारतीय टीम ने अपने दूसरे पूल मुकाबले में जापान को 3-2 से हरा दिया। रविवार को भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह (5वें मिनट और 46वें मिनट) ने दो गोल दागे। वहीं मनदीप सिंह (4वें मिनट) एक गोल करने में सफल रहे।



### मोइत्रा के खिलाफ छग में एफआईआर

**रायपुर।** रायपुर में टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा पर एफआईआर दर्ज की गई है। उन पर आरोप है कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर विवादित टिप्पणी की। यह मामला रायपुर के माना कैंप पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ। गोपाल सामंतो ने की। कहा गया है कि टिप्पणी से लोकतांत्रिक संस्थाओं का अपमान हुआ है और ऐसा बयान समाज में नफरत फैलाने वाला है।



### टिक-टॉक: जॉब ओपनिंग निकाली

**गुरुग्राम।** भारत में प्रतिबंधित शॉर्ट वीडियो एप टिक टॉक ने चुपचाप अपने गुरुग्राम ऑफिस में नई हायरिंग शुरू कर दी है। लिंक्डइन पर एक नई नौकरी की पोस्टिंग देखी गई है, जिससे यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या एप भारतीय बाजार में वापसी की तैयारी कर रहा है? भारत ने 2020 में इस चीनी एप पर पाबंदी लगा दी थी। गुरुग्राम ऑफिस के लिए दो जॉब ओपनिंग पोस्ट की है।




## प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग ने निकाली ट्रंप की टैरिफ की धमकी की पूरी हवा...

# बोले दोनों शीर्ष नेता, विश्व व्यापार को स्थिर बनाने में भारत-चीन की है महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ और वैश्विक स्तर पर जारी सैन्य संघर्षों से बने हुए चिंताजनक माहौल के बीच चीन के बंदरगाह शहर तियानजिन में रविवार (31 अगस्त) का दिन बेहद निर्णायक साबित हुआ। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों के 25 वें शिखर सम्मेलन से ठीक 24 घंटे पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच पहली उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसने न केवल अमेरिकी राष्ट्रपति की दुनियाभर में चली जा रही टैरिफ की कुटिल चाल को पूरी तरह से नाकाम कर दिया। बल्कि भारत और चीन को पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर अपने सीमाई विवाद से जुड़े कटुतापूर्ण इतिहास को पीछे छोड़कर सकारात्मकता के साथ द्विपक्षीय संबंधों के एक नए और सशक्त युग की शुरुआत करने की हरी झंडी प्रदान की। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी है। यहां बता दें कि अमेरिका ने भारत की रूस से कच्चे तेल की खरीद पर नाराज होकर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जबकि चीन पर इससे कुछ कम यानी 30 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ▶▶ शेष पेज 5 पर

- दोनों देश विरोधी नहीं, विकास भागीदार हैं, विवाद में तब्दील नहीं होने चाहिए मतभेद
- राष्ट्रपति शी के समक्ष दृढ़ता से आतंकवाद का मुद्दा उठाते हुए बोले पीएम, वैश्विक खतरा है आतंकवाद, दोनों देशों को इसके खिलाफ साथ मिलकर लड़ना चाहिए
- जिनपिंग बोले, मित्रता संग अच्छे पड़ोसी बनने के लिए 'ड्रैगन' और 'हाथी' की एकजुट कदमताल जरूरी
- एससीओ शिखर सम्मेलन से ठीक पहले रविवार को तियानजिन में हुई भारत-चीन के राष्ट्राध्यक्षों की महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक से निकला यह निष्कर्ष





### स्थिर संबंधों से पूरी दुनिया का फायदा

*मंत्रालय ने बताया कि दोनों शीर्ष नेताओं ने बैठक में टैरिफ के संदर्भ में एकजुटता से इस बात को स्वीकार किया कि विश्व व्यापार में स्थिरता लाने में दोनों देशों की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। द्विपक्षीय व्यापार-निवेश संबंधों को बढ़ावा देने और व्यापार घाटे को कम करने के लिए राजनीतिक और रणनीतिक दिशा देने की भी मोदी-जिनपिंग ने आवश्यकता जताई है। साथ ही उन्होंने प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि हमारे संबंध दो विरोधी देशों के समान नहीं हैं। बल्कि हम विकास भागीदार हैं। दोनों को यह ध्यान रखना चाहिए कि हमारे मतभेद, विवाद के रूप में न बदलें। भारत-चीन और उसके 2.8 बिलियन लोगों के बीच आपसी सम्मान, हितों और संवेदनशीलता के आधार पर स्थिर संबंध और सहयोग होना चाहिए। जो दोनों देशों के विकास के अलावा बहुध्रुवीय दुनिया व 21 वीं सदी में एक नई गाथा लिखने जा रहे बहुध्रुवीय एशिया के लिए भी जरूरी है। इसी से समूची मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा।*

### सीधी उड़ान सेवाएं शुरू होंगी

*पीएम मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग ने दोनों देशों के लोगों के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने आवश्यकता जताते हुए कहा कि इस संबंध में सीधी उड़ान सेवाओं की शुरुआत, वीजा प्रदान किए जाने से लेकर पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा का फिर से हुआ आरंभ और पर्यटक वीजा की शुरुआत जैसे कदम अहम हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-चीन के बीच सीधी उड़ान सेवाएं भी शुरू की जा रही हैं।*

### जिनपिंग को दिया ब्रिक्स का न्योता

*प्रधानमंत्री ने एससीओ की सफलता के लिए समर्थन देते हुए चीन के राष्ट्रपति को अगले साल 2026 में भारत की मेजबानी में आयोजित किए जाने वाले बिक्स शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। राष्ट्रपति जिनपिंग ने पीएम के निमंत्रण को स्वीकार करते हुए उसके लिए धन्यवाद दिया और ब्रिक्स की सफल अध्यक्षता के लिए भारत को चीन का समर्थन देने की घोषणा की।*

### एक-दूसरे के लिए खतरा नहीं दोनों: जिनपिंग

*चीन के मीडिया के मुताबिक, राष्ट्रपति जिनपिंग ने बैठक में कहा कि भारत और चीन एक-दूसरे के लिए खतरा नहीं हैं। बल्कि हमें विकास के अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। सहयोग के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य के बीच हम सभ्यताओं के साथ ही दो बड़ी आबादी वाले देश हैं। जो वैश्विक दक्षिण का भी हिस्सा हैं। जिस नाते से यह जरूरी है कि दोस्ती के साथ अच्छे पड़ोसी की तरह रहने के लिए ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ-साथ चलना चाहिए। सीमा संबंध भारत-चीन के समूचे संबंधों की व्याख्या नहीं कर सकते हैं। बहुपक्षवाद को लेकर हमें अपनी ऐतिहासिक जिम्मेदारी को लेकर कदम बढ़ाने चाहिए। एकजुटता से काम करते हुए बहुध्रुवीय दुनिया के साथ ही अंतरराष्ट्रीय संबंधों में लोकतंत्र को अधिक महत्व दिया जाना चाहिए। जिससे एशिया समेत दुनिया में शांति, समृद्धि में सही मायने में योगदान दिया जा सके। उधर, बैठक से इतर पीएम ने चीन के पोलित ब्यूरो समिति के स्थायी सदस्य कै क्यूई से भी मुलाकात की। एक्स पोस्ट के मुताबिक, दोनों ने भारत-चीन के बीच द्विपक्षीय, आर्थिक, राजनीतिक और लोगों के बीच आदान-प्रदान पर चर्चा की।*

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहला मौका, जब दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने साझा किया कोई वैश्विक मंच

## चीन में एससीओ के मंच पर ग्रुप फोटो में साथ नजर आए भारत-पाकिस्तान के प्रधानमंत्री



- *तियानजिन में आज होगा एससीओ राष्ट्राध्यक्षों का 25 वां शिखर सम्मेलन*
- *सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री मोदी की रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ होगी बैठकं*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ की वजह से बनी हुई आर्थिक अस्थिरता के बीच चीन के तियानजिन शहर में आज (सोमवार) शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों का 25 वां शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिस पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हुई होंगी। लेकिन इससे ठीक चौबीस घंटे पहले रविवार को समूह के नेताओं की एक ग्रुप फोटो सामने आई। जिसमें पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई भारतीय सशस्त्र सेनाओं की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद पहली बार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र ▶▶ शेष पेज 5 पर

### यूक्रेन विवाद का शांतिपूर्ण समाधान हो: भारत

*रूस के राष्ट्रपति भी एससीओ सम्मेलन में भाग लेने के लिए तियानजिन पहुंचे हैं और उन्होंने चीनी मीडिया से बातचीत में कहा, रूस और चीन अमेरिका की पाबंदियों के खिलाफ एक जैसा (भेदभाव वाली पाबंदियां) रुख रखते हैं। इन सबके बीच बीते शनिवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बातचीत की थी और उनसे ये आग्रह किया था कि चीन में रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ होने वाली बैठक में वो उनसे कहें कि रूस के प्रमुख नेता यूक्रेन के साथ युद्ध के बीच शांति बहाली से जुड़ी बैठकों के सिलसिले को आगे बढ़ाएं। यूक्रेन, रूस के साथ बैठक के लिए तैयार है। जेलेंस्की के मुताबिक, पीएम मोदी ने इस संबंध में यूक्रेन के राष्ट्रपति को अपनी सहमति प्रदान की है। भारत इस संघर्ष का बातचीत-कूटनीति के जरिए शांतिपूर्ण समाधान निकालने के पक्ष में है।*

48 सुरंग, 142 ब्रिज, 8000 करोड़ लागत

## पहाड़ों को 'चीरकर' मिजोरम में बनाई गई 51 किमी लंबी बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन

- *भारतीय रेलवे का इंजीनियरिंग चमत्कार*
- *आइज़ोल और सिलचर के बीच 7 घंटे की यात्रा अब 3 घंटे में*

राजधानी आइज़ोल आज़ादी के बाद पहली बार भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक राज्य ऐसा है जो अब तक रेल सेवा से नहीं जुड़ा था। दरअसल, मिज़ोरम, भारत के पूर्वोत्तर में स्थित सबसे खूबसूरत राज्यों में से एक है लेकिन रेल नेटवर्क से कटा हुआ था। हालांकि, अब मिज़ोरम की राजधानी आइज़ोल आज़ादी के बाद पहली बार भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ने के लिए तैयार है। क्योंकि, 8,000 करोड़ से ज़्यादा की लागत से बनी बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन जल्द ही शुरू होने वाली है। 51.38 किलोमीटर लंबी बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन को भारतीय रेलवे का इंजीनियरिंग चमत्कार माना जा रहा है। बैराबी-सैरांग रेल लाइन आइज़ोल से 12 किलोमीटर दूर स्थित है। यह रेल लाइन दो प्लेटफार्मों, तीन पटरियों और आधुनिक सुविधाओं के साथ आइज़ोल ▶▶ शेष पेज 5 पर



### भारतीय रेलवे के लिए मील का पत्थर

- इस रेल लाइन पर बड़े और छोटे 142 ब्रिज बनाए गए हैं।
- 104 मीटर की ऊंचाई के साथ, इस रेलवे लाइन पर स्थित एक पुल, कुतुब मीनार से भी ऊंचा है। यह अपने सेक्शन का सबसे ऊंचा पुल और भारतीय रेलवे का दूसरा सबसे ऊंचा ब्रिज भी है।
- खास बात है कि इस रेल लाइन को अन्य परिवहन साधनों के साथ इंटीग्रेड करने के लिए पांच सड़क, ओवरब्रिज और 6 अंडरपास रोड भी बनाए गए हैं।

### रेल लाइन से क्या फायदे होंगे

- इस रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों की रफ्तार 100 किमी प्रति घंटा होगी।

लखनऊ में पटाखा फैक्टरी में धमाका

## फैक्ट्री मालिक उनकी पत्नी व दो बेटों की मौत, छह लोग घायल



**सीएम योगी ने लिया घटना का संज्ञान**

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

गुडंबा थाना क्षेत्र के बेहटा गांव में रविवार सुबह एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हुआ, जिसमें फैक्ट्री मालिक आलम, उनकी पत्नी व दो बेटों की मौत हो गई। धमाका इतना तेज था कि आसपास की इमारतें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। फायर ब्रिगेड, पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और ▶▶ शेष पेज 5 पर

दिल्ली से इंदौर आ रही फ्लाइट के इंजन में लगी आग

## यू-टर्न लेकर दिल्ली में कराई सुरक्षित लैंडिंग, सभी सुरक्षित




**आग का अलर्ट मिलते ही इंजन किया बंद**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली से इंदौर आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट (एआई 2913) में आग लगने से हड़कंप मच गया। पायलटों को जैसे ही राइट इंजन में आग लगने का अलर्ट मिला, तत्काल कुछ देर में विमान को वापस दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड किया गया। यात्रियों को दूसरे विमान से इंदौर लाया गया। उड़ान भरने के कुछ ▶▶ शेष पेज 5 पर

भस्म आरती के दौरान दर्शन व्यवस्था में बदलाव

## प्रथम आओ- प्रथम पाओ के आधार पर ही तय होगी अब बैठक व्यवस्था



**वीवीआईपी का पहले से तय होगा बैठने का स्थान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

महाकाल मंदिर में भस्म आरती के दौरान दर्शन व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी चल रही है। अब भक्तों को भस्म आरती बुकिंग के साथ ही ये भी याद रखना होगा कि, उन्हें आरती के दौरान कहां बैठना है। भस्म आरती की नई दर्शन व्यवस्था प्रथम आओ-प्रथम पाओ के आधार पर होगी। पहले आवेदन करने वाले ▶▶ शेष पेज 5 पर


समूह के कई अन्य देशों के शीर्ष नेताओं के साथ भी हुई पीएम की मुलाकात

## चीन में नेपाल के पीएम और म्यांमार के वरिष्ठ जनरल से मिले प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन में सोमवार को होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से पहले 31 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेपाल के प्रधानमंत्री के .पी ओली और म्यांमार के सीनियर जनरल मिन आंग ह्लाइंग के अलावा समूह के कई अन्य देशों जैसे वियतनाम, लाओस, आर्मेनिया, तुर्कमेनिस्तान, बेलारूस, ताजिकिस्तान, कजाकिस्तान, मालदीव और मिस्र के शीर्ष नेताओं के साथ मुलाकात हुई। पीएम ने इन सभी नेताओं के साथ हुई अपनी मुलाकात का जिक्र एक्स पर की गई कई पोस्ट में किया। जिसमें नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. ओली के साथ हुई मुलाकात को लेकर पीएम ने अपनी पोस्ट में कहा कि तियानजिन में नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. ओली से मिलकर मुझे प्रसन्नता हुई है। भारत और नेपाल के संबंध बहुत गहरे और विशेष हैं। यहां बता दें कि दोनों नेता के बीच यह मुलाकात बीते दिनों भारत के पड़ोसी पहाड़ी राज्य द्वारा लिपुलेख दर्रे के मार्ग से चीन के साथ शुरू किए जा रहे प्राचीन व्यापार के संबंध में आपत्ति जताई गई है। नेपाल का कहना है कि यह इलाका उसके अधिकार क्षेत्र में आता है। बल्कि भारत इसे अपना हिस्सा मानता है। ▶▶ शेष पेज 5 पर





### कनेक्टिविटी परियोजनाओं से बढ़ेगा संपर्क

*मंत्रालय ने बताया कि जनरल ह्लाइंग के साथ बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी पड़ोस प्रथम, पूर्व की ओर देखो और हिंद-प्रशांत की नीतियों के हिसाब से म्यांमार के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है। दोनों नेताओं ने बातचीत में द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और विकास साझेदारी, रक्षा-सुरक्षा, सीमा प्रबंधन-व्यापार के साथ ही आपसी सहयोग से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों के भावी परिदृश्य पर चर्चा की। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि जारी कनेक्टिविटी परियोजनाओं की प्रगति दोनों देशों के लोगों के बीच बेहतर संपर्क को प्रेरित करेगी। साथ ही पूर्व की ओर देखो नीति के तहत क्षेत्रीय सहयोग और एकीकरण को बढ़ावा देगी।*

## खबर संक्षेप

### शव को जंगल में फेंकने के मामले में 3 आरोपी धराए

**फरीदाबाद।** व्यक्ति की हत्या कर शव को ताजुपूर गांव के जंगल में फेंकने के मामले में क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पवन सरपंच गांव ताजुपूर ने थाना भूपानी में एक शिकायत दी कि उनके गांव के चरागाह में एक नौजवान व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। जिसे किसी ने छुपाने के लिए ये शव फेंका है। जिस शिकायत पर थाना भूपानी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।



### एक लाख रुपए की ठगी के आरोप में 2 गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** टेलीग्राम टास्क के नाम पर 135000 रुपये की ठगी में खाता उपलब्ध करवाने वाले धारक सहित 2 आरोपियों को साईबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बल्लभगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने साईबर थाना बल्लभगढ़ में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 17 दिसंबर 2024 को उसके व्हॉट्सएप पर एक लिंक आया जिस पर क्लिक करते ही वह एक टेलीग्राम ग्रुप में जुड़ गया।



### जल भराव की समस्या के लिए चलाया अभियान

**गाजियाबाद।** बरसात के दौरान व्यवस्था बनाने में जुटा हुआ है, पांचों जोन के अलावा इंदिरापुरम क्षेत्र में भी जल निकासी की कार्यवाही उपकरणों के माध्यम से विभाग द्वारा की जा रही है। भारी बारिश के चलते स्वास्थ्य जलकल तथा निर्माण की टीम जल निकासी के लिए व्यवस्था में बनी रही। बारिश का मौसम होते ही नगर आयुक्त द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों सहित पूरी टीम को एक साथ वॉकी-टॉकी के माध्यम से अलर्ट किया गया। इसी क्रम में कई हॉटस्पॉट पर जल निकासी के स्थाई समाधान भी कराए गए हैं।



# इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल, प्रताप विहार में नन्हे-मुन्नों का पुरस्कार वितरण समारोह

## कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, वरिष्ठ पदाधिकारियों का स्वागत किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल, प्रताप विहार विहार में फाउंडेशन स्टेज (बाल वाटिका से कक्षा 2) तक के विद्यार्थियों के लिए भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन तथा निदेशक पंकज जोशी एवं प्रधानाचार्य मधुकर प्रिय सहित विद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारियों के स्वागत के साथ हुआ।

नन्हे-मुन्नों की विनायक वंदना पर मोहक नृत्य प्रस्तुति पर दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंज गया। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण की श्रृंखला आरंभ हुई, जिसमें विद्यार्थियों को बेस्ट इन स्पोर्ट्स, कंप्यूटर, इंग्लिश व हिंदी रेसिटेशन, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस, इंस्ट्रूमेंटल , वोकल म्यूजिक तथा होलिस्टिक अचीवर्स जैसी विविध श्रेणियों में सम्मानित किया गया।

**खास बातें**

- नन्हें-मुन्नें बच्चों ने विनायक वंदना पर मोहक नृत्य प्रस्तुति दी
- सभागार दर्शकों की तालियों से गूंजा
- राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन




### नृत्य एवं रिदिम ऑफ करेज ने सभी को मंत्रमुग्ध किया

*बीच-बीच में बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ गीत, नृत्य एवं रिदिम ऑफ करेज ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। योग की अद्भुत प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और भी विशिष्ट बना दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मधुकर प्रिय ने कहा कि विद्यालय केवल शैक्षणिक विकास ही नहीं, बल्कि बच्चों में मानवीय मूल्यों और भारतीय संस्कृति के प्रति आस्था विकसित करने का भी ध्येय रखता है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को योग और गुरु परंपरा की ओर प्रेरित करें ताकि उनमें संस्कार और गुरुजनों के प्रति सम्मान की भावना प्रबल हो। अंत में फाउंडेशनल कोऑर्डिनेटर श्रीमती बिंदिया चड्ढा ने सभी सहयोगी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का भव्य समापन हुआ। इस कार्यक्रम में फाउंडेशन स्टेज के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।*

## रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविर का भी किया आयोजन

# जनसरोकार दिवस के रूप में मनाया पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा का जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

हरियाणा की पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा का जन्मदिवस आज जन सरोकार दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य समारोह का आयोजन बड़खल विधानसभा क्षेत्र के लखानी धर्मशाला में आयोजित किया गया जहां एक विशाल रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस मौके पर क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोगों ने श्रीमती त्रिखा को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी। रक्तदान शिविर में लगभग 363 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। वहीं लगभग 2145 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई, साथ ही महिलाओं की मेमोग्राफी भी निशुल्क करवाई गई। जिसमें सुधा रस्तोगी डेंटल कालेज, अमृता अस्पताल, रोटरी फरीदाबाद ईस्ट व एक्सीलेंश, महावीर इंटरनेशनल, भाटिया सेवक समाज, जीडी गोयनका की मेडिकल टीम के अलावा सिविल अस्पताल व ईएसआईसी के डाक्टरों की टीम ने भाग लेकर हार्ट, स्किन, नेत्र जांच, दंत रोग आदि बीमारियों की जांच की। वहीं नेत्र रोगियों को मुफ्त चश्में भी वितरित किए गए। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को समर्पित रहा।



### कार्यक्रम में भाग लेने वालों लोगों में भारी उत्साह दिखा

कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों में भारी उत्साह था और उन्होंने मुक्त कंठ से बड़खल विधानसभा क्षेत्र से दो विधायक और हरियाणा सरकार में मंत्री रहते हुए किए गए कार्यों की सराहना की। वहीं केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के शहरी विकास मंत्री विपुल गोयल, मेयर प्रवीण जोशी, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय गौड़, भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, नीरा तोमर, पार्षद मनोज नासवा, सचिन शर्मा, कुलदीप साहनी, प्रियंका बिष्ट, भाजपा उपाध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना, शोभित अरोड़ा, पूर्व पार्षद विकास भारद्वाज, राजबाला सरदाना, रीटा गोंसाई, ललित गोंसाई, नरेन्द्र जैन आदि।

### रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य का कार्यः मंत्री गोयल

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने रक्तवीरों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि रक्तदान महादान होता है क्योंकि आपके दिए गए रक्त से किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से सामाजिक भाईचारा व प्रेम-प्यार की भावना भी जागृत होती है और ऐसे आयोजन समय-समय पर लोगों को करने चाहिए। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है, क्योंकि आपके द्वारा भेंट किए गया रक्त गर्भवती महिलाओं, सड़क दुर्घटना में घायल लोगों व थैलेसीमिया जैसे घातक बीमारी पीड़ितों को राहत देने के काम आता है।

## भूमि अधिग्रहण न करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

# किसान की मर्जी के बिना किसी की भूमि का नहीं होगा अधिग्रहणः केन्द्रीय मंत्री गुर्जर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के दिशा निर्देश पर हरियाणा विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) द्वारा सेक्टर-94, 96, 96ए, 97ए, 99ए, 100, 101, 102, 103 आदि सेक्टरों को विकसित करने के लिए तिगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले करीब 15 गांवों की जमीनें अधिग्रहण करने की सूचना जारी की गई है। इसी मामले को लेकर रविवार को तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर के साथ-साथ करीब 15 गांवों नचौली, बदरपुर सैद, तिगांव, ताजूपुर, भुआपुर, तिगांव, भैंसरावली, ढहकौला, शाहबाद, जसाना, फतुपुरा इत्यादि के किसानों ने केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर से उनके सेक्टर-28 स्थित कार्यालय पर मुलाकात की और भूमि अधिग्रहण न करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

पूर्व विधायक ललित नागर ने केंद्रीय राज्य मंत्री गुर्जर को बताया कि 15 गांवों के किसान करीब 200 एकड़ जमीन के मालिक है, अपनी आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य को लेकर वह अपनी जमीन किसी कीमत पर सरकार को नहीं देंगे इसलिए सभी किसान आपसे निवेदन करने आए है कि आप उनकी बातें सरकार तक पहुंचाएं और उन्हें राहत दिलाने का काम करें।

# प्रधानमंत्री की माताजी पर टिप्पणी से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी स्वर्गीय माताजी के लिए प्रयोग की गई अभद्र, अमर्यादित और अपमानजनक भाषा के खिलाफ रविवार को बल्लभगढ़ के अंबेडकर चौक पर भाजपा युवा मोर्चा एवं भाजपा फरीदाबाद महानगर के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंकते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर भाजपा फरीदाबाद महानगर जिलाध्यक्ष सोहन पाल सिंह,



विधायक मूलचंद शर्मा, विधायक सतीश फागना, हुकमचंद भाटी चेयरमैन, कविंदर चौधरी, अनुराग गर्ग महामंत्री, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती ममता राघव, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कार्तिक वशिष्ठ, लक्ष्य शर्मा सहित भाजपा महानगर व भाजपा युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्तागण मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक मूलचंद शर्मा व सतीश फागना ने संयुक्त रूप से कहा कि राहुल गांधी का यह बयान केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नहीं, बल्कि देश की हर मां और हर बेटे का अपमान है। भारतीय संस्कृति में मां का स्थान सर्वोपरि है और ऐसे बयान कांग्रेस पार्टी के वास्तविक चरित्र को उजागर करते हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी लगातार प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ झूठ, नफरत और षड्यंत्र की राजनीति कर रहे हैं, लेकिन इस बार इन्होंने मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ दी हैं। कांग्रेस को इसका करारा जवाब देगी। विरोध प्रदर्शन को संबोधित भाजपा फरीदाबाद महानगर के जिलाध्यक्ष सोहन पाल सिंह व भाजयुमो के जिलाध्यक्ष कार्तिक वशिष्ठ ने संयुक्त रूप से कहा कि आज का प्रदर्शन कांग्रेस के नेताओं की बीमार मानसिकता के खिलाफ था, जिसमे कांग्रेस के नेताओं द्वारा बार-बार मोदी जी को अपशब्द कहना और इस बार विपक्ष के द्वारा देश के प्रधानमंत्री मोदी की स्वर्गीय माता के लिए अपशब्द कहना इनकी गंदी और बीमार मानसिकता को दर्शाता है।

# छात्रों को तालीमी किट और मदरसों को कंप्यूटर सेट देकर शिक्षा जागरूकता का दिया संदेश

## 225 पसमांदा छात्रों को तालीमी किट का निःशुल्क वितरण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

पसमांदा विकास फाउंडेशन के तत्वावधान में जमीअत उलेमा-ए-हिंद के मदनी हॉल में 'कौमी तालीमी बेदारी कान्फ्रेंस' का आयोजन किया गया। जिसमें मदरसों को कंप्यूटर सेट तथा करीब 225 पसमांदा छात्रों को तालीमी किट का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए मदरसों में शिक्षा मॉडर्न को लेकर मुहिम चलाना और जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के जनरल सेक्रेटरी मौलाना हकीमुद्दीन क़ासमी मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप से मौजूद रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, ₹बिना तालीम के



कोई भी आगे नहीं बढ़ सकता है। आज के दौर में कंप्यूटर ज्ञान आवश्यक हो गया है। पसमांदा मुस्लिमों को तालीम से जोड़ने में समाज के जिम्मेदार लोगों को भी आगे आना चाहिए। इस्लामी दुनिया में ज्ञान के सभी क्षेत्रों की उच्च शिक्षा पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। इस अवसर पर पसमांदा विकास फाउंडेशन के डायरेक्टर मोहम्मद मेराज राईन ने कहा, शिक्षा ही कौमों की तरक्की की असली सीढ़ी है। हमारी प्राथमिकता दीनी और आधुनिक शिक्षा को आम करना है, क्योंकि पिछड़े तबकों को राष्ट्रीय मुख्यधारा में लाने का सबसे प्रभावी माध्यम शिक्षा ही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मदरसों में आधुनिक शिक्षा को अपनाने और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है। सभी पसमांदा बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। हमने 'तालीमी जेहाद' का आह्वान किया है, ताकि शिक्षा के माध्यम से पसमांदा समाज तरक्की की राह पर आगे बढ़ सके।

पसमांदा विकास फाउंडेशन की डायरेक्टर निकहत परवीन ने कहा, एक महिला के शिक्षित होने से पूरा परिवार शिक्षित हो जाता है।

## इनामी बदमाश पर आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज

# एसटीएफ ने एनकाउंटर में लॉरेंस गैंग का शॉर्प शूटर रोहित धराया

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶| गुरुग्राम

स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ ) ने गुरुग्राम के बालियाबास में एनकाउंटर के बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शॉर्प शूटर इनामी बदमाश रोहित को काबू किया है। एनकाउंटर में रोहित के पैर में गोली लगी है और उसे उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां से उसे रोहतक पीजीआई रैफर कर दिया गया। रोहित लॉरेंस के राइट हैंड रोहित गोदारा के लिए काम करता है। उस पर हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट समेत आधा दर्जन मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

दरअसल, एसआईटी गुरुग्राम के प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र चौहान को सूचना मिली कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शॉर्प शूटर इनामी बदमाश रोहित फरीदाबाद रोड़ के निकट किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। जिस पर एसटीएफ ने रविवार की सुबह करीब चार बजे गांव बलियावास के पास जाल बिछाते हुए नाका लगाकर बाइक पर आ रहे रोहित को रोकने का प्रयास किया। पुलिस टीम को देखकर रोहित ने



बाइक मोड़ ली। एसटीएफ ने उसका पीछा किया तो उसने पुलिस पर दो फायर किए। एसटीएफ टीम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दो फायर किए तो एक गोली बाइक सवार युवक के पैर में लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे काबू कर लिया। एसटीएफ टीम को घटनास्थल से एक बाइक और चार खाली खोल बरामद किए हैं। वहीं गोली लगने से घायल रोहित को गुरुग्राम के सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया।

### रोहित गोदारा गैंग से जुड़ा है रोहित

एसटीएफ यूनिट की जांच में सामने आया कि महेंद्रगढ़ जिले के बर्फ गांव निवासी रोहित पिछले कई सालों से रोहित गोदारा गैंग से जुड़ा हुआ है। रविवार की सुबह वह किसी वारदात को अंजाम देने के लिए गुरुग्राम आया था। जून 2025 में राजस्थान के गंगानगर में व्यापारी पर फायरिंग मामले यह वांछित चल रहा है। राजस्थान पुलिस ने रोहित पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ है। रोहित ने राजस्थान, हरियाणा व अन्य राज्यों में भी वारदात को अंजाम दिया है। गैंगस्टर रोहित गोदारा के गैंग से जुड़ा है। रोहित गोदारा विदेश में रहकर हरियाणा व राजस्थान सहित आसपास के क्षेत्रों में अपना नेटवर्क संचालित करके आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा है। रोहित गोदारा पर हत्या, लूट, रंगदारी मांगने सहित कई गंभीर अपराध के करीब 40 मामले दर्ज हैं।

**एसटीएफ के डीएसपी का कहना**

एसटीएफ के डीएसपी प्रीतपाल सिंह का कहना है कि रोहित को अस्पताल से पीजीआई रोहतक के लिए रैफर किया गया है। वहां से डिस्चार्ज होने के बाद रोहित को गिरफ्तार करके पूछताछ की जाएगी। पूछताछ के दौरान रोहित के अन्य साथियों व गिरोह के बारे में जानकारी जुटाकर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

**सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : खसरा नं. 62 डी1/3, इंडस्ट्रियल एरिया, राजारामपुर सिकन्दराबाद बुलन्दशहर, यूपी-203205 (भारत)
CIN: L17112UP1993PLC022479, Email: samtex.compliance@gmail.com, Website: www.samtexfashions.com, Ph. No.: 011-49025972

**वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से 32वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना**

कम्पनी मामलों का मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा जारी इसके सामान्य सरकुलर नं. 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल 2020 और इस सम्बन्ध में इसके पश्चात जारी परिपत्रों नवीनतम सामान्य परिपत्र सं. 9/2024 दिनांक 19 सितम्बर 2024 और परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 दिनांक 03 अक्तूबर 2024 भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी और इस सम्बन्ध में जारी अन्य परिपत्रों के अनुसरण में एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट बिजनेस का सम्पादन करने के लिए सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड ("दि कम्पनी") के सभी सदस्यों की वीसी/ओएवीएम के माध्यम से कम्पनी की 32वीं एजीएम सोमवार, 29 सितम्बर 2025 को अप. 1.00 बजे आयोजित की जाएगी।

उपरोक्त सेबी और एमसीए सरकुलर्स के प्रावधानों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना सहित वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 और ई-वोटिंग समेत वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में शामिल होने के लिए लॉगिन विवरण केवल ई-मेल द्वारा उन सभी सदस्यों को भेजी जाएगी, जिनके ई-मेल पते पहले ही कम्पनी अथवा रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) अथवा उनके संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स ("डीपी") के पास पंजीकृत है। सटीक पथ और वेब लिंक, जहां वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 और एजीएम सूचना उपलब्ध है, प्रदान करते हुए एक पत्र उन सदस्यों को भेजा जाएगा जो कम्पनी/आरटीए/डीपी के पास अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं। एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट (www.samtexfashions.com), स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("सीडीएसएल") की वेबसाइट (www.evotingindia.com) पर भी उपलब्ध करवाई जाएगी। सदस्य जो एजीएम सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 की भौतिक प्रतियां प्राप्त करने के इच्छुक हैं, samtex.compliance@gmail.com को लिख सकते हैं।

सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में शामिल हो सकते हैं और भाग ले सकते हैं। एजीएम में शामिल होने के लिए निर्देश एजीएम की सूचना में प्रदान किए जाएंगे। वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम की गणना के प्रयोजन हेतु गिना जाएगा और किसी कॉमन स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति अपेक्षित नहीं होगी।

कंपनी अपने सभी सदस्यों को एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट सभी प्रस्तावों पर अपना मतदान करने के लिए दूरस्थ ई-वोटिंग (एजीएम से पहले) और ई-वोटिंग (एजीएम के दौरान) सुविधा प्रदान कर रही है। दूरस्थ ई-वोटिंग और एजीएम के दौरान ई-वोटिंग के लिए विस्तृत निर्देश एजीएम के सूचना में प्रदान किए गए गए हैं।

सदस्यों से आग्रह किया जाता है कि एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट टिप्पणियों और विशेषतः एजीएम में शामिल होने के लिए निर्देशों, दूरस्थ ई-वोटिंग और बैठक के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने का तरीका पढ़ें।

ई-वोटिंग (दूरस्थ ई-वोटिंग समेत) के माध्यम से मतदान करने के लिए लॉग-इन प्रत्यायक सदस्यों को ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध करवाए जाएंगे। सदस्य जिनको ई-मेल प्राप्त नहीं होती है अथवा जिनके ई-मेल पते कम्पनी/डीपी के पास पंजीकृत नहीं है, नीचे दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए अपने ई-मेल पते पंजीकृत करवा सकते हैं।

**अपनी ई-मेल आईडी को पंजीकृत/अद्यतन करने का तरीका : जिन शेयरधारकों ने अभी तक अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं की है, उनसे अनुरोध है कि वे अपनी ई-मेल आईडी निम्नानुसार पंजीकृत करवाएं :**

1. **फिजिकल मोड में शेयर धारण करने वाले शेयरधारक** : जिन शेयरधारकों के पास फिजिकल मोड में शेयर हैं और जिन्होंने अपना ईमेल पता अपडेट नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, अर्थात बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्रा. लि. को beetalrta@gmail.com पर ई-मेल पंजीकरण करने के समर्थन में अपना नाम, फोलियो नंबर, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (आगे और पीछे), पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की हुई प्रति और आधार की स्व-सत्यापित स्कैन की हुई प्रति का उल्लेख करते हुए हस्ताक्षरित आग्रह पत्र की प्रति सहित लिखकर अपना ई-मेल पता अद्यतन करवाएं।
2. **डिमटेरियलाइज्ड मोड में शेयर धारण करने वाले शेयरधारक** : डिमैट रूप में शेयर धारण काने वाले सदस्य जिनके ई-मेल पते पंजीकृत नहीं है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने डीपी द्वारा सलाह दी गई प्रक्रिया के अनुसार, केवल अपने डीपी के पास अपना ई-मेल पता पंजीकृत करें। पंजीकृत ई-मेल पते का उपयोग भविष्य में संचार भेजने के लिए भी किया जाएगा।

उपरोक्त सूचना कम्पनी के सभी सदस्यों के लाभार्थ और एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्रों के अनुपालन में भेजी जा रही है।

**निदेशक मंडल के आदेशानुसार**
**सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड**
हस्ता/-
रिंकू रानी
(कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी)

दिनांक : 30.08.2025
स्थान : नई दिल्ली

**डायनमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लिमिटेड**
**CIN:** L74140DL1994PLC304881; **दूरभाष संख्या:** 011-47012010
**पंजीकृत कार्यालय:** 1403, 14वीं मंज़िल, विक्रम टॉवर, 16- राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली – 110008
**ई-मेल:** dpms.kolkata@gmail.com ; **वेबसाइट:** http://dynamicwealthservices.co.in/

**वार्षिक आम बैठक की सूचना**

यह सूचना दी जाती है कि डायनमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लिमिटेड की इकतीसवीं (31वीं) वार्षिक आम बैठक, बुधवार, दिनांक 24 सितम्बर 2025 को प्रातः 11:00 बजे, गंगा इंटरनेशनल स्कूल, गाँव सौदा गेवरा निजामपुर रोड, गेवरा – 110081 के प्रांगण में आयोजित की जाती है, ताकि नीचे लिखित कार्यों को निष्पादित व क्रियान्वित किया जा सके।

**सामान्य कार्य:**

1. कंपनी के 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों को निदेशक मंडल एवं लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट सहित प्राप्त करने के साथ विचार-विमर्श उपरांत अंगीकृत किया जा सके।
2. श्री राजेश गुप्ता (DIN: 08650459), जो रोटेशन द्वारा सेवानिवृत्त हुए हैं और पुनर्नियुक्ति के लिए स्वयं को पात्र एवं इच्छुक प्रस्तुत करते हैं, को निदेशक के रूप में नियुक्त किया जा सके।

**विशेष कार्य:**

3. **श्रीमती सुमन मित्तल (DIN: 05125177) को 28.05.2025 से पाँच वर्षों की अवधि के लिए स्वतंत्र एवं गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया जा सके।**
**निराकृत किया जाता है कि** कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149, 150, 152 अनुसूची IV के साथ पढ़ी जाती है तथा धारा 161(1) और कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति एवं योग्यता) नियम, 2014 और अन्य लागू प्रावधानों, धाराओं और नियमों (जिसमें समय-समय पर किए जाने वाले किसी भी वैधानिक संशोधन अथवा पुनः अधिनियमन सम्मिलित होता है) के अंतर्गत, बोर्ड की सहमति दी जाती है कि श्रीमती सुमन मित्तल (DIN: 05125177) को कंपनी के निदेशक मंडल में 28.05.2025 से अतिरिक्त निदेशक (गैर-कार्यकारी एवं स्वतंत्र) के रूप में नियुक्त किया जाता है, जो अगली वार्षिक आम बैठक के समापन तक पद पर बनी रहती हैं और आगामी आम बैठक में सदस्यों की स्वीकृति के अधीन, स्वतंत्र निदेशक के रूप में पाँच (5) लगातार वर्षों की अवधि हेतु नियुक्त की जाती हैं।
**आगे यह भी निराकृत किया जाता है कि–** कंपनी के वर्तमान निदेशक श्री राजेश गुप्ता को इस हेतु आवश्यक सभी दस्तावेजों एवं अभिलेखों (जिसमें नियुक्ति पत्र आदि सम्मिलित है) पर हस्ताक्षर एवं निष्पादन करने, रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज़ के समक्ष आवश्यक ई-फॉर्म दाखिल करने तथा इस संबंध में आवश्यक एवं उपयुक्त कार्य, कृत्य और कार्यवाहियां करने के लिए पृथक-पृथक रूप से अधिकृत किया जाता है।
**आगे यह भी निराकृत किया जाता है कि–** कंपनी के वर्तमान निदेशक श्री राजेश गुप्ता को इस प्रस्ताव की प्रमाणित प्रति पर हस्ताक्षर करने एवं आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध कराने हेतु पृथक-पृथक रूप से अधिकृत किया जाता है।
4. **श्री अक्षय मित्तल (DIN: 07740755) को 28.05.2025 से पाँच वर्षों की अवधि के लिए स्वतंत्र एवं गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने का प्रस्ताव है।**
**निराकृत किया जाता है कि** कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149, 150, 152 अनुसूची IV के साथ पढ़ी जाती है तथा धारा 161(1) और कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति एवं योग्यता) नियम, 2014 और अन्य लागू प्रावधानों, धाराओं और नियमों (जिसमें समय-समय पर किए जाने वाले किसी भी वैधानिक संशोधन अथवा पुनः अधिनियमन सम्मिलित होता है) के अंतर्गत, बोर्ड की सहमति दी जाती है कि श्री अक्षय मित्तल (DIN: 07740755) को कंपनी के निदेशक मंडल में 28.05.2025 से अतिरिक्त निदेशक (गैर-कार्यकारी एवं स्वतंत्र) के रूप में नियुक्त किया जाता है, जो अगली वार्षिक आम बैठक के समापन तक पद पर बने रहते हैं और आगामी आम बैठक में सदस्यों की स्वीकृति के अधीन, स्वतंत्र निदेशक के रूप में पाँच (5) लगातार वर्षों की अवधि हेतु नियुक्त किए जाना प्रस्तावित हैं।
**आगे यह भी निराकृत किया जाता है कि–** कंपनी के वर्तमान निदेशक श्री राजेश गुप्ता को इस हेतु आवश्यक सभी दस्तावेजों एवं अभिलेखों (जिसमें नियुक्ति पत्र आदि सम्मिलित है) पर हस्ताक्षर एवं निष्पादन करने, रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज़ के समक्ष आवश्यक ई-फॉर्म दाखिल करने तथा इस संबंध में आवश्यक एवं उपयुक्त कार्य, कृत्य और कार्यवाहियां करने के लिए पृथक-पृथक रूप से अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है।
**आगे यह भी निराकृत किया जाता है कि–** कंपनी के वर्तमान निदेशक श्री राजेश गुप्ता को इस प्रस्ताव की प्रमाणित प्रति पर हस्ताक्षर करने एवं आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध कराने हेतु पृथक-पृथक रूप से अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है।
5. **श्री सुजॉय चक्रवर्ती (DIN: 05216758) को 24.07.2025 से अगले पाँच वर्षों की अवधि के लिए स्वतंत्र एवं गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाना प्रस्तावित है।**
**निराकृत किया जाता है कि** कंपनी अधिनियम, 2013 की धाराएँ 149, 152 और अन्य लागू प्रावधानों के अंतर्गत, अनुसूची IV और कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति एवं योग्यता) नियम, 2014 (जिसमें समय-समय पर किए जाने वाले संशोधन अथवा पुनः अधिनियमन सम्मिलित होता है) और नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की सिफारिश तथा प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर, बोर्ड श्री सुजॉय चक्रवर्ती (DIN: 05216758) की स्वतंत्र निदेशक के रूप में पुनर्नियुक्ति को अनुमोदित करता है, जो पाँच लगातार वर्षों की दूसरी अवधि 26 जुलाई 2025 से 26 जुलाई 2030 तक रहती है और जो रोटेशन द्वारा सेवानिवृत्ति के लिए उत्तरदायी नहीं होते, यह नियुक्ति आगामी आम बैठक में सदस्यों की स्वीकृति के अधीन होती है।
**आगे यह भी निराकृत किया जाता है कि–** कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश गुप्ता को इस प्रस्ताव की प्रमाणित प्रति पर हस्ताक्षर करने एवं आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध कराने हेतु पृथक-पृथक रूप से अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है।
6. **एम/एस. दिनेश शर्मा, कंपनी सचिव (ICSI यूनिक कोडः 12022RJ32423700) को कंपनी के सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया जाना प्रस्तावित है।**
**निराकृत किया जाता है कि** कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 और 179(3) तथा कंपनी (नियुक्ति एवं पारिश्रमिक प्रबंधकीय कार्मिक) नियम, 2014, विनियमन 24A और SEBI (लिस्टिंग ऑब्लिगेशंस एंड डिस्क्लोज़र रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशंस, 2015 (जिसमें समय-समय पर किए जाने वाले संशोधन अथवा पुनः अधिनियमन सम्मिलित होता है) तथा समय-समय पर जारी परिपत्रों के अंतर्गत और लेखा परीक्षा समिति एवं बोर्ड की सिफारिश के आधार पर, एम/एस. दिनेश शर्मा, कंपनी सचिव (ICSI यूनिक कोडः 12022RJ32423700) को कंपनी का सचिवीय लेखा परीक्षक नियुक्त किया जाता है, जो वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक पाँच लगातार वर्षों की अवधि के लिए पद पर बने रहते हैं, और उनका पारिश्रमिक बोर्ड एवं सचिवीय लेखा परीक्षक के बीच आपसी सहमति से तय किया जाना प्रस्तावित है।
**आगे यह भी निराकृत किया जाता है कि–** बोर्ड अथवा बोर्ड की कोई विधिवत गठित समिति इस संबंध में आवश्यक एवं उपयुक्त कार्य, कृत्य, मामले और कार्यवाहियां करने के लिए अधिकृत की जाती है ताकि इस प्रस्ताव को प्रभावी बनाया जा सके।

**निदेशक मंडल के आदेश से**
**डायनमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लिमिटेड के लिए**
**हस्ता/- नेहा जादौन, कंपनी सचिव**

**स्थानः नई दिल्ली**
**दिनांकः 30.08.2025**

पंजाबी बाग-रानी बाग अंडरपास इलाके में हाई मास्ट और स्ट्रीट लाइटें बंद

# जन सुरक्षा मामले में अंधेरा खोल रहा सरकार और निगम के दावों की पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार और नगर निगम द्वारा 'डार्क स्पॉट' खत्म करने और राजधानी की सड़कों को रोशन बनाने के दावे ज़मीन पर खोखले साबित हो रहे हैं। पश्चिमी दिल्ली के पंजाबी बाग रानी बाग अंडरपास पर लगे हाई मास्ट लाइट लंबे समय से बंद पड़ी हैं। यही नहीं, अंडरपास से सटी हुई और पंजाबी बाग गोल चक्कर की तरफ जा रही सड़क पर लगी स्ट्रीट लाइटें भी खराब हैं। बता दें कि यह हाई मास्ट लाइट और अन्य स्ट्रीट लाइट्स लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आती हैं। अंधेरे के कारण यहाँ से रोज़ गुजरने वाले यात्रियों, पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को भारी जोखिम उठाना पड़ रहा है। देर रात और सुबह के समय यह अंधेरा अपराध की आशंका और दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ा देता है।




## दावे सिर्फ़ कागज़ों और प्रेसवार्ताओं तक ही सीमित

**नई दिल्ली।** स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायत के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। उनका आरोप है कि डार्क स्पॉट को प्रकाशमय बनाने के दावे सिर्फ़ कागज़ों और प्रेसवार्ताओं तक ही सीमित हैं, ज़मीनी हकीकत इसके उलट है। जन सुरक्षा की दृष्टि से यह स्थिति बेहद गंभीर है। दिल्ली सरकार और नगर निगम के संबंधित विभागों को चाहिए कि वे तुरंत कार्रवाई करते हुए हाई मास्ट और स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराएँ, ताकि दिल्लीवासियों को सुरक्षित और प्रकाशमय सड़के मिल सके जिसके चलते सरकार पर भरोसा बना रहे।

## पंजाबी बाग-रानी बाग अंडरपास बना स्नैचिंग का गढ़

**नई दिल्ली।** प्रकाश व्यवस्था न होने की वजह से यहां आए दिन स्नैचिंग और लूटपाट जैसी घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब तक कई वारदातें घट चुकी हैं और यह अंधेरा आम लोगों के लिए बहुत बड़ी परेशानी का सबब बना हुआ है। विशेष रूप से पंजाबी बाग ट्रांसपोर्ट सेंटर में कामकाज करने आने-जाने वाले लोग रोज़ इस मार्ग से गुजरते हैं। अंधेरे और असुरक्षा के माहौल के कारण महिलाएँ, बुज़ुर्ग सबसे अधिक परेशान हैं। रात में तो लोग इस रास्ते का इस्तेमाल करने से भी डरते हैं। नागरिकों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे।

## यही हाल रहा तो यह इलाका बन जाएगा अपराधियों का अड्डा

ट्रांसपोर्ट नगर कारोबारियों का मानना है कि यदि जल्द ही यहाँ रोशनी बहाल नहीं की गई तो यह इलाका आने वाले दिनों में अपराधियों के लिए सुरक्षित अड्डा बन जाएगा। जन सुरक्षा को देखते हुए जरूरी है कि दिल्ली सरकार और नगर निगम तुरंत कार्रवाई करते हुए इस मार्ग को सुरक्षित और रोशन बनाए।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की घोषणा

# दीपावली से पहले अदा कर दिया जाएगा जीएसटी रिफंड



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के व्यापारियों का वर्ष 2019 से लंबित लगभग 1600 करोड़ रुपये का जीएसटी रिफंड दीपावली से पहले अदा कर दिया जाएगा, ताकि व्यापारी इस पर्व को और खुशहाली से मना सकें। इस बात की घोषणा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने राजधानी के कारोबारियों की दीपावली को और बेहतर व शानदार बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने कैंप ऑफिस 'मुख्यमंत्री जनसेवा सदन' में व्यापार एवं कर विभाग (जीएसटी) की एक विशेष बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें जीएसटी आयुक्त नंदिनी पालीवाल, वित्त सचिव शूरवीर सिंह तथा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में दिल्ली के व्यापारियों के हित में यह विशेष निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस लंबित धनराशि के भुगतान की दिशा में पूर्ववर्ती सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। मुख्यमंत्री ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि यह संपूर्ण रिफंड दीपावली से पहले व्यापारियों को अदा कर दिया जाए। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि रिफंड निपटान प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने के लिए दिल्ली जीएसटी विभाग ने आईआईटी-हैदराबाद के सहयोग से एक उन्नत आईटी मॉड्यूल विकसित किया है। यह मॉड्यूल डेटा एनालिटिक्स, डेटा ऑटोमेशन और त्वरित जांच प्रक्रिया पर आधारित होगा, जिससे रिफंड आवेदन शीघ्रता से निपट सकेंगे और कारोबारियों को राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी बकाया, निर्विवादित और वास्तविक रिफंड आवेदनों का निपटारा संबंधित नियमों के अनुसार जल्द-से-जल्द किया जाए और इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए।

# 'आगे बढ़ने के लिए ऊर्जा प्रदान करता है मन की बात कार्यक्रम'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ भाजपा नेताओं, सांसदों और प्रदेश पदाधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर सुना मन की बात कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम न केवल विचारों को दिशा देता है, बल्कि समाज को सकारात्मकता और राष्ट्र निर्माण के पथ पर आगे बढ़ने के लिए ऊर्जा भी प्रदान करता है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मासिक मन की बात कार्यक्रम हमेशा प्रेरणा और नई सीख का स्रोत होता है। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 125वें एपीसोड को रविवार को दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा सहित दिल्ली भाजपा के सांसदों एव प्रदेश पदाधिकारियों ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुना। सचदेवा ने केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को श्री रामलीला कमेटी इंद्रप्रस्थ के पंडाल में लीला कलाकारों व रामलीला कमेटी सदस्यों के साथ सुना। इस मौके पर प्रदेश मंत्री सारिका जैन भी उपस्थित थीं।

### हम सब को अपने परिवार के साथ सुनना चाहिए

वीरेंद्र सचदेवा ने कार्यक्रम के बाद एकत्र जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का कार्यक्रम अब जन जन का कार्यक्रम बन गया है और इसमें मिलने वाली जानकारी बहुत अद्भुत होती है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक आपदा से लेकर कश्मीर के वाटर स्पोर्ट तक की बात की।

इसलिए मन की बात कार्यक्रम में जो जानकारी मिलती है उसे हम सब को अपने परिवार के साथ सुनना चाहिए। केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि देश की जनता के साथ अनवरत महीने के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बात करते हैं जो विश्व में कोई भी नेता नहीं करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपने कार्यक्रम के माध्यम से लगातार देश की बेहतर संस्कृति और रिवाजों के साथ विकास को भी जनता तक पहुंचाते हैं।

# दिल्ली के कई इलाकों की सड़कों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के कई इलाकों की सड़कों पर आवारा और पालतु पशुओं का जमावड़ा लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। जहांगीरपुरी इलाके में ऐसे मामले को लेकर जहांगीरपुरी आई एंड जे ब्लॉक आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एमएल भास्कर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम की लापरवाही की वजह से पशु सड़कों व गलियों में नजर आ रहे है, अगर प्रशासन गंभीरता से कार्य करते हुए इन आवारा और पशु मालिकों पर कार्रवाई करें तो इस समस्या से काफी हद तक निजात मिल सकती है। उन्होंने इसके लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री और सिविल लाईन जोन के उपायुक्त से गुहार लगाते हुए समस्या को दूर करने की बात कही है।

इसके अलावा नरेला विधायक के निवास स्थल के आसपास, बुराड़ी में नए मेट्रो स्टेशन और आजादपुर फल एवं सब्जी मंडी के आसपास भी आवारा पशुओं का जमावड़ा लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। स्थानीय जागरूक नागरिकों ने दिल्ली सरकार और निगम प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि आप इन पशुओं पर नियमानुसार कार्रवाई करें। लोगों ने बताया कि कई बार इन पशुओं की वजह से दोपहिया वाहन चालक और बच्चे चोटिल भी चुके हैं, लेकिन इस समस्या को लेकर प्रशासन गंभीर नहीं है।

नरेला निवासी सुरेंद्र महरोलिया ने बताया कि यहां रविदास नगर अम्बेडकर पार्क के पास आवारा पशुओं का आतंक हैं और आसपास में दिल्ली सरकार के कई विद्यालय हैं। बड़ी संख्या में यहां आम लागों व छात्र-छात्राओं का रोजाना आवागमन है। वहीं, कई स्थानीय लोगों ने बताया कि आवारा पशुओं के हमले का शिकार कई लोग हो चुके हैं और अपनी जान गवां चुके हैं। बता दें कि उस समय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आवारा गायों को गौशाला में पहुंचाने की बात कही थी।

## राहगीर हो रहे है परेशान, कब होगा समाधान



# मेरी कोठी का पता बताने वाले को 21 लाख का इनाम दिया जाएगा : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने ग्रेटर कैलाश विधानसभा में स्थित चिराग दिल्ली गांव में रविवार को एक पदयात्रा का आयोजन किया। इस पदयात्रा के दौरान उन्होंने ऐलान किया है कि वीरेंद्र सचदेवा सहित भाजपा के सभी नेताओं को में चुनौती देता हूं, कि यदि उन्होंने मेरी कोई कोठी या फार्म हाउस देखा है तो उसका पता ईडी को बताए, मैं पता बताने वाले को 21 लाख रुपए का इनाम दूंगा। साथ ही साथ सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यदि भाजपा का कोई नेता उस कोठी और फार्म हाउस का पता नहीं बताता है और यदि भाजपा के लोगों ने यह झूठ बोला है तो भाजपा को अपने इस झूठ के लिए देश की जनता से माफी मांगनी होगी। सौरभ ने पदयात्रा के दौरान कहा कि छोटे-छोटे भाजपा के नेताओं ने मेरे बारे में झूठ फैलाया है कि सौरभ भारद्वाज ने भ्रष्टाचार करके ग्रेटर कैलाश में एक कोठी बनाई है, हमने वो कोठी देखी है, कोठी के काले शीशे है, कोठी ईष्ट ऑफ कैलाश में है और एक फार्म हाउस भी बनाया है। इसी प्रकार के अन्य झूठे आरोपों के चलते कुछ दिन पहले भाजपा की केंद्र सरकार ने मेरे घर पर ईडी की रेड भी कराई थी। रेड के दौरान भी हर जगह न्यूज़ चैनल पर एक और झूठी खबर चलवाई गई कि सौरभ भारद्वाज के 12 ठिकानों पर ईडी की रेड चल रही है। इस खबर के संबंध में भी सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मैं ईडी के अधिकारियों से अनुरोध करता हूं, कि वह 12 ठिकाने जो मेरे बताए जा रहे हैं और जहां पर ईडी की रेड चल रही है, उन 12 ठिकानों का पता मुझे बताया जाए और उन सभी संपत्तियों का कब्जा मुझे दिलाया जाए। उपहास उड़ाते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि यह बड़ा ही हास्यास्पद है, कि मेरे 12 ठिकानों पर ईडी की रेड चल रही है और मैं ही नहीं जानता कि वह 12 ठिकाने कौन–कौन से हैं और कहां पर हैं।

# ओणम भाईचारे और खुशियों का है पर्व : रेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ओणम केवल फसल और समृद्धि का पर्व नहीं, बल्कि यह भाईचारे, एकता और साझा खुशियों का उत्सव है। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को अपने सरकारी आवास मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में मलयाली समाज के साथ ओणम उत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने न केवल पारंपरिक नृत्य प्रस्तुतियों में सहभाग किया, बल्कि स्वयं अतिथियों को ओणम के पारंपरिक व्यंजन परोसकर उन्हें घर जैसा अपनापन दिया। मुख्यमंत्री ने सभी ओणम पर्व की बधाई देते हुए कहा कि यह मेरे लिए गर्व और सौभाग्य की बात है कि आप सब आज मेरे घर, इस 'जन सेवा सदन' में आए और इस त्योहार का शुभारंभ यहीं से किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में लगभग 10 लाख मलयाली परिवार रहते हैं, जिन्होंने न केवल अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखा है बल्कि दिल्ली को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से समृद्ध भी किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ओणम केवल केरल राज्य का उत्सव नहीं है, बल्कि यह अब पूरे भारत और विश्वभर में फैले मलयाली समाज के कारण वैश्विक पर्व बन गया है। यह समाज अपनी मेहनत, ईमानदारी, सहयोगभाव और राष्ट्रप्रेम के लिए पूरे देश में विशेष स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार हर समुदाय को बराबर सम्मान देती है। मलयाली समाज ने दिल्ली को अपनी विविधता, मेहनत और सेवा भाव से और समृद्ध बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आइए, हम सब मिलकर इस पर्व से प्रेरणा लें और दिल्ली को भी ऐसा ही परिवार बनाएं, जहां हर धर्म, हर समाज, हर परंपरा को बराबरी का सम्मान मिले और सब मिलकर दिल्ली को आगे बढ़ाएं।

टोल टैक्स खत्म करने और यू-टर्न खोलने की मांग

# यूईआर-2 टोल प्लाजा पर ग्रामीणों ने फिर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली देहात के सैकड़ों ग्रामीणों ने रविवार को फिर से रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक यूईआर-2 स्थित मुंडका-बक्करवाला टोल प्लाजा पर धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों की मुख्य मांग है कि स्थानीय लोगों को टोल टैक्स से पूरी तरह मुक्त किया जाए और बंद किए गए यू-टर्न को दोबारा खोला जाए। बता दें कि करीब सप्ताह पहले भी ग्रामीणों ने अपनी इसी मांग को लेकर यहां धरना प्रदर्शन दिया था और जब उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो फिर रविवार को प्रदर्शन टोल टैक्स मामले में बनाई गई एक समिति (360) के प्रधान रामकुमार और समाजसेवी विजय मान के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान एक महापंचायत भी आयोजित की गई जिसमें यह निर्णय लिया गया कि यदि मंगलवार, 2 सितंबर तक केंद्र सरकार ग्रामीणों की मांगों पर फैसला नहीं लेती, तो 3 सितंबर से रणनीति बनाकर आने वाले दिनों में विशाल आंदोलन शुरू किया जाएगा। साथ ही केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से ग्रामीण प्रतिनिधि मंडल मिलने भी जाएगा। बता दें कि धरना प्रदर्शन को देखते हुए धरना स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचे और हालात पर नज़र रखी। सामाजिक कार्यकर्ता विजय मान ने बताया कि गांवों में टोल मामले पर बड़ी संख्या में एकजुटता के लिए प्रचार प्रसार शुरू कर दिया गया है और हर गांव से 11 - 11 लोगों के नाम लिए जा रहे हैं जो आगे की रणनीति बनाने में सहयोग करेंगें और यदि सरकार ने हमारी मांगें नहीं मानी तो फिर टोल प्लाजा पर बैठकर ही अनिश्चित काल के लिए प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। पीड़ित ग्रामीणों ने कहा कि टोल टैक्स ने उनके जीवन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है और यू-टर्न बंद होने से रोज़मर्रा की आवाजाही में गंभीर दिक्कतें आ रही हैं। इस प्रदर्शन में रानीखेड़ा, रसूलपुर, मदनपुर डबास, बक्करवाला, टिकरी, घेवरा, मुबारकपुर, मोहम्मदपुर मजरी, कराला, टिकरी कला, नीलवाल, हिरण कूदना, बापरौला और दिचांऊ कलां जैसे गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

गांवों से पहुंचे प्रमुख प्रतिनिधियों में पूर्व महापौर मास्टर आजाद सिंह, मदनपुर डबास से सत्यवीर डबास, रानीखेड़ा से रामधारी प्रजापति, रसूलपुर से रविंद्र डबास, बक्करवाला से धर्मेंद्र, टिकरी कलां से रिंकू, घेवरा से विपिन राणा, भूल्ले राणा, मुबारकपुर से अशोक डबास आदि गणमान्य लोग शामिल रहें। ग्रामीणों ने सरकार को चेताते हुए स्पष्ट किया कि अब उनकी आवाज़ अनसुनी नहीं की जाएगी और यदि सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानीं तो आने वाले दिनों में यह आंदोलन और बड़ा रूप लेगा।

IRCTC
इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम — नवरत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए बोलियां आमंत्रित करता है:–

1. खुली ई–निविदा संख्या आईआरसीटीसी/सीओ/टीआरएसएम(डीटीटी)/5/2021/पर्यटन/सीओ – 'बौद्ध सर्किट टूरिस्ट ट्रेन' के पर्यटकों के लिए ग्राउंड हैंडलिंग व्यवस्था के प्रावधान हेतु सेवा प्रदाता की नियुक्ति के लिए, जिसमें होटलों में फ्रेश–अप/रात भर ठहरना, ऑफ–बोर्ड खानपान, सड़क स्थानान्तरण, दर्शनीय स्थल, प्राथमिक चिकित्सा, पेशेवर/भाषा गाइड आदि शामिल हैं, दो साल की अवधि के लिए, सीजन 2025–26 और 2026–27 के लिए। बोली–पूर्व ऑनलाइन बैठक: 10.09.2025 को 11:00 बजे। जमा करने की अंतिम तिथि: 25.09.2025 को 15:00 बजे तक।

2. खुली ई–निविदा संख्या 2025/आईआरसीटीसी/आरएन/संचालन/बिलासपुर – 5 साल की अवधि के लिए बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में 'रेल नीर' पैकेज्ड पेयजल संयंत्र के लिए ऑपरेटर के चयन हेतु। जमा करने की अंतिम तिथि: 12.09.2025 को 15:00 बजे तक।

विस्तृत विवरणों के लिए आईआरसीटीसी वेबसाइट www.irctc.com एवं www.tenderwizard.com/IRCTC को देखें। निविदा दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता वेबसाइट www.tenderwizard.com/IRCTC पर की जा सकती है।

उपरोक्त विज्ञापन का आगे कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी होने पर उसे केवल आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctc.com एवं www.tenderwizard.com/IRCTC पर प्रकाशित किया जाएगा।

आईआरसीटीसी लिमिटेड, चौथा तल, टॉवर-डी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029



# शाहिद कपूर की फिल्म में दिखेगी लैला-मजनू की जोड़ी

**नई दिल्ली।** देवा के बाद एक बार फिर शाहिद कपूर बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। इस बार वह विशाल भारद्वाज की मूवी में दिखाई देंगे। वह विशाल के साथ 8 साल बाद वापसी कर रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने फिल्म की शूटिंग पूरी की और डायरेक्टर के साथ सेट से पहली झलक दिखाई है। शाहिद कपूर की इस आगामी फिल्म में लैला मजनू स्टार्स तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी भी अहम भूमिका में हैं। इस बारे में एक्टर ने कहा, यह पोस्ट शानदार कास्ट तृप्ति डिमरी को शामिल किए बिना पूरा नहीं हो सकता, जिनके साथ मुझे बहुत मजा आया। इसमें उनका अभिनय देखना।

लाइफ Style



# जाह्नवी

## दो लोगों के बीच होते हैं लड़ाई-झगड़े

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जाह्नवी कपूर अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर उनके सपनों के बारे में डिस्कस करती रहती हैं। अब जाह्नवी ने कपिल शर्मा के शो में बताया कि वह 3 बच्चे चाहती हैं और उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई है। जाह्नवी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म परम सुंदरी हाल ही में रिलीज हुई है और फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

दोनों फिल्म का खूब जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। अब हाल ही में दोनों कपिल शर्मा के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में पहुंचे और इस दौरान जाह्नवी ने बताया कि उन्हें 3 बच्चे चाहिए और वह साउथ में सेटल होना चाहती हैं। कपिल ने उनसे इसके पीछे की वजह भी पूछी तो जानें उन्होंने क्या कहा। जाह्नवी ने कहा, 'मुझे लगता है अच्छा होता है 3, पहले तो मेरे लिए लकी नंबर है और दूसरी बात है कि लड़ाई-झगड़े हमेशा 2 लोगों के बीच होते हैं। ऐसी सिचुएशन में एक का सपोर्ट जरूरी होता है। एक बहन या लड़का जो भी होगा, वो डबल ढ़ोलकी होगा। दोनों साइड से खेलेगा। दोनों को सपोर्ट मिलेगा। मैंने बहुत सोच समझकर ये प्लानिंग की है।'

जाह्नवी की इस बात को सुनकर ना सिर्फ कपिल बल्कि सिद्धार्थ और बाकी दर्शक भी हंसने लगे। बता दें कि इससे पहले जाह्नवी ने कोमल नहाटा के शो में कहा था, 'मैं शादी करके तिरुमला तिरुपति में पति और बच्चों के साथ सेटल होना चाहती हूं। हम केले के पत्तों पर हर दिन खाना खाएंगे और गोविंदा-गोविंदा सुनेंगे। मेरे बालों में मोगरा होंगे और मैं मणिरत्नम के म्यूजिक को सुनूंगी। मैं अपने पति के तेल चम्पी करूंगी।'

हॉलीवुड मसाला



# किसी भी चीज में राय बहुत आसान

**नई दिल्ली।** एम्मा हेमिंग विलिस ने हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर ब्रूस विलिस के साथ अपनी शादी में लिए गए अब तक के सबसे कठिन फैसलों में से एक के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा, 'किसी भी चीज में राय देना बहुत आसान होता है, क्योंकि कोई कोई आपके घर में नहीं होता, किसी को नहीं पता कि आपका पार्टनर कैसा व्यवहार कर रहा है और आपके घर में क्या चल रहा है। सच्चाई यह है कि राय बहुत जोरदार और शोरगुल वाली होती हैं।



# वीजा अवधि से ज्यादा रुकने पर छोड़ना पड़ा अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने वीजा को लेकर नियम काफी सख्त कर दिए हैं और इस सख्त फैसले से दुनिया के सबसे ज्यादा फॉलोअर्स वाले टिकटॉक स्टार खाबी लेम भी खुद को नहीं बचा पाए। दरअसल, लास वेगास में वीजा अवधि से ज्यादा रुकने पर अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में लिया था। इसके बाद टिकटॉक स्टार को अमेरिका छोड़ना पड़ा था। इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट ने पुष्टि की है कि सेनेगल में जन्मे और इटली के नागरिक खाबी लेम, जिनका पूरा नाम सेरिंगे खाबाने लेम है, उन्हें शुक्रवार को हैरी रीड इंटरनेशनल एअरपोर्ट पर हिरासम में लिया गया था। खाबी लेम 30 अप्रैल को अमेरिका आए थे, लेकिन उन पर वीजा शर्तों के उल्लंघन का आरोप है।



# बुद्धि और शांति हमेशा सही रहे : ईशा

**मुंबई।** गणेश उत्सव के पावन अवसर पर एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर इस त्योहार की अहमियत के बारे में बताया। गणपति बप्पा हमारे लिए बहुत मायने रखते हैं। वो हमारे ईष्ट देवता हैं। बचपन से ही मैं गणेश चतुर्थी मना रही हूं। जब से मैं पैदा हुई हूं, तब से ही घर पर गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। मैं हमेशा बप्पा से यही प्रार्थना करती हूं कि मेरी बुद्धि सही रहे। विनाश काल विपरीत बुद्धि ये लाइन मैं हमेशा याद रखती हूं। पैसे तो इंसान कभी भी कमा सकता है, अगर खत्म भी हो जाए तो दोबारा कमा सकता है। नाम और शोहरत भी आती-जाती रहती है। लेकिन, अगर बुद्धि सही हो और मन में शांति हो, तो जीवन अच्छा चलता है। गणपति बप्पा का नाम, उनकी उपस्थिति और उनका आशीर्वाद हमेशा हमारे दिल, दिमाग और आत्मा में रहे, यही मेरी सदैव प्रार्थना है।




# ओटीटी पर रिलीज हुई हॉरर फिल्म द डोर

**नई दिल्ली।** द डोर एक तमिल हॉरर थ्रिलर है जो ओटीटी पर दस्तक देने से पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बड़े पर्दे पर 28 मार्च को आई थी और अब करीब 5 महीने बाद इसने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक दी है। जयदेव के निर्देशन में बनी द डोर को दर्शकों और क्रिटिक्स की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया थी। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर भी खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था, लेकिन इसके ओटीटी रिलीज का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था जो आखिरकार खत्म हुआ। भावना, कपिल वेलावन, गणेश वेंकटरमन, श्रीरंजिनी और जयप्रकाश जैसे कलाकारों से सजी द डोर को अगर आपने अभी तक नहीं देखी है तो कोई बात नहीं,क्योंकि अब यह ओटीटी पर आ गई है। डोर एक सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर हॉरर मूवी है।

टीवी मसाला




# तान्या मित्तल को किया टारगेट लगाए आरोप, हुईं इमोशनल

**नई दिल्ली।** पॉपुलर रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अपने शुरुआती हफ्ते में ही काफी रोमांचक हो गया है। आए दिन कंटेस्टेंट के बीच गहमागहमी बढ़ती जा रही है। अब शो ने एक प्रोमो लॉन्च किया है, जिसमें प्रतियोगी तान्या मित्तल पर भड़कते नजर आ रहे हैं और उनपर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। आइए देखें कंटेस्टेंट्स ने क्या कहा। नए प्रोमो में बिग बॉस 19 के होस्ट सलमान खान ने कंटेस्टेंट से सवाल किया। उन्होंने पूछा कि अशनूर कौर और तान्या मित्तल में कौन अपने आप को सबसे ज्यादा सुपीरियर बताता है। इसके जवाब में प्रतियोगियों ने कहा कि उन्हें लगता है कि तान्या मित्तल अपने आप को ज्यादा बेहतर समझती हैं। वहीं यूट्यूबर कुनिका सदानंद ने कहा कि तान्या मित्तल को लगता है कि वो बहुत संघर्ष करके यहां तक पहुंची हैं। ज्यादातर कंटेस्टेंट तान्या मित्तल को टारगेट करते दिख रहे हैं। शनिवार को वीकएंड का वार देखने को मिला, जिसमें किसी को एलिमिनेट तो नहीं किया गया, लेकिन गौरव खन्ना के रिश्ते अशनूर और कुनिका से खराब होते हुए दिखे। सलमान खान के जाने के बाद अशनूर और गौरव के बीच बहस देखने को मिली। अब आज रविवार का दिन काफी रोमांचक हो सकता है। सलमान खान रियलिटी शो बिग बॉस के 19वें सीजन को होस्ट कर रहे हैं। प्रतियोगियों की बात करें, तो इनमें अश्नूर कौर, जीशान कादरी, तान्या मित्तल, नगमा मिराजकर, अवेज दरबार, नेहल चुडासमा, अभिषेक बजाज, बसीर अली, गौरव खन्ना, नतालिया जानोसजेक, प्रणित मोरे, फरहाना भट्ट, नीलम गिरी, कुनिका सुदानंद, अमाल मलिक और मृदुल तिवारी जैसे नाम शामिल हैं।

## इंडस्ट्री के बड़े लोग क्रू मेंबर्स का करते हैं अपमान

**नई दिल्ली।** टीवीएफ स्टार नवीन कस्तूरिया ने बॉलीवुड को लेकर कई खुलासे किए। उन्होंने बताया कि किस तरह से इंडस्ट्री के सीनियर लोग क्रू मेंबर्स और बाकी लोगों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। हाल ही में जियो हॉटस्टार की सीरीज सलाकार में नजर आए अभिनेता नवीन कस्तूरिया अब ओटीटी की दुनिया का एक जाना-पहचाना नाम हैं। इस दौरान नवीन ने कई बॉलीवुड स्टार्स और सीनियर लोगों के साथ भी काम किया है और उन्हें सेट पर देखा है। अब नवीन ने इंडस्ट्री में बड़े पदों पर बैठे कुछ सीनियर लोगों के बारे में बात की और बताया कि किस तरह से ये सीनियर लोग सेट पर क्रू मेंबर्स के साथ व्यवहार करते हैं। नवीन ने बॉलीवुड में हेरारिकी को लेकर महत्व दिए जाने पर बात की। उन्होंने कहा, कभी-कभी फिल्म सेट पर इंडस्ट्री में बहुत ऊंचे पद पर बैठा व्यक्ति क्रू मेंबर्स से बहुत अपमानजनक तरीके से बात करता है। मुझे लगता है कि भारत में यह एक समस्या है। कई बार अगर आप मुंबई में देखें, तो जब आप किसी सोसाइटी में जाते हैं तो गार्ड खड़ा हो जाता है। यह कैसी संस्कृति है?



# इस एक्ट्रेस की ठीक वैसे ही हुई मौत जैसी आखिरी फिल्म में गई थी दिखाई

**मुंबई।** यह एक्ट्रेस साउथ फिल्मों की पॉपुलर एक्ट्रेसेस में शुमार थी। बहुत ही कम उम्र में इसने अपनी अच्छी-खासी पहचान बना ली थी। सिर्फ छह साल के करियर में इसने 25 फिल्में कर ली थीं और इसे साउथ की अगली सुपरस्टार माना जा रहा था। मात्र 15 साल की उम्र में ही इस एक्ट्रेस ने नेशनल अवॉर्ड भी जीत लिया था और कई बड़े एक्टर्स-डायरेक्टर्स संग काम किया...पर किसी ने सोचा भी नहीं था कि जरा सी उम्र में इसकी मौत हो जाएगी। करियर से लेकर निजी जिंदगी के लिए हसीन सपने देखने वाली इस एक्ट्रेस की 21 साल की उम्र में बेहद दर्दनाक मौत हुई। बताया जाता है कि मौत वैसी थी, जैसी इस एक्ट्रेस की आखिरी फिल्म में दिखाई गई थी। इस एक्ट्रेस ने 14 साल की उम्र में एक्टिंग डेब्यू किया था। इसका मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में बड़ा नाम था। इसकी मां जानी-मानी डांसर श्रीदेवी उन्नी हैं, जो मोहिनीअट्टम डांस में पारंगत हैं और मलयालम सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस भी हैं। वहीं पिता एक बिजनेसमैन रहे हैं।

### 15 की उम्र में नेशनल अवॉर्ड

जिस एक्ट्रेस की यहां बात हो रही है, उसका नाम है मोनिशा उन्नी। मोनिशा ने जहां 5 साल की उम्र से डांस सीखना शुरू कर दिया था, वहीं 14 साल की उम्र में शॉर्ट फिल्म 'भव्या' में काम किया था। इस फिल्म में मोनिशा की एक्टिंग देख डायरेक्टर एम.टी. वासुदेवन नायर ने उन्हें अपनी क्लासिक फिल्म 'नक्काक्षथंगल' में साइन कर लिया। इस फिल्म के लिए मोनिशा को बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला। तब वह सिर्फ 15 साल की थीं और नेशनल अवॉर्ड पाने वाली सबसे कम उम्र की एक्ट्रेस बनीं।

### बैक-टू-बैक हिट फिल्में बड़े डायरेक्टर्स संग काम

इसके बाद मोनिशा उन्नी ने बैक-टू-बैक कई फिल्में कीं, जो हिट रहीं। उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई। प्रियदर्शन से लेकर हरिहरन और कमल तक, कई बड़े डायरेक्टर्स ने मोनिशा उन्नी को अपनी फिल्मों में लिया। मोनिशा को आज भी आर्यन, अधिपन, कुरुप्पिन्टे कनक्कु पुस्ताकोम, पेरुमथाचन और कदावु जैसी फिल्मों के लिए याद किया जाता है। मोनिशा ने तमिल सिनेमा में भी अपनी धाक जमा ली थी।



### अगली सुपरस्टार मानी जा रही थीं

मोनिशा उन्नी फीमेल सुपरस्टार बनने की राह पर निकल चुकी थीं। बहुत से मेकर्स उन्हें नई सुपरस्टार मानने भी लगे थे, पर उसी दौरान उन पर मौत ने झपट्टा मार दिया। साल 1992 में मोनिशा उन्नी की एक कार एक्सीडेंट में भयानक मौत हो गई। वह उस समय 22 साल की थीं। उस वक्त मोनिशा मलयालम फिल्म चेप्पादिविद्या में काम कर रही थीं। मोनिशा कार में मां के साथ थीं और वह केरल में बस से टकरा गई। बताया जाता है कि मोनिशा उन्नी कार में पिछली सीट पर सोई हुई थीं। उन्हें तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक्ट्रेस को मृत घोषित कर दिया। मोनिशा की मौत को लेकर जो बात सबसे ज्यादा चौंकाने वाली थी और भयावह थी, वो यह कि उनकी मौत वैसे ही हुई, जैसे उनकी एक फिल्म में दिखाया गया।

# एकता ने लाल बाग के राजा के किए दर्शन, टेका माथा, ली फोटो

**मुंबई।** लालबाग का राजा (लाल बागचा राजा) मुंबई का सबसे ज्यादा फेमस पब्लिक गणेश मंडल है। इन्हें 'मन्नतों का राजा' भी कहा जाता है। यहां फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने सेलेब्स, वीआईपी भी दर्शन करने आते हैं। पर आम जनता और वीआईपी-सेलेब्स के दर्शन में जमीन-आसमान का अंतर होता है। जहां आम जनता को एक सेकेंड भी रुककर बप्पा को निहारने का वक्त नहीं मिलता, ऊपर से ऐसा लगता कि धक्के मारकर वहां से हटाया जाता है, वहीं वीआईपी और सेलेब्स आराम से ना सिर्फ दर्शन करते हैं, बल्कि फोटो भी खिंचवाते हैं। वहां के पंडित-पुजारी भी उन्हें फूल-माला और प्रसाद भेंट में देते हैं। पहले भी वीआईपी कल्चर को लेकर सवाल उठे थे, अब एक वीडियो वायरल हो रहा है। ये वीडियो एकता कपूर का है। एक यूजर ने कहा, 'वाह, इसको धक्का नहीं मारा। पैसे का कमाल। भगवान के दर्शन में भेदभाव।' वीडियो में देख सकते हैं कि एक आम जनता के दर्शन की लाइन लगी है, जिसमें वहां पर मौजूद गार्ड्स लोगों को पलभर भी रुकने का समय नहीं देते हैं। ये भी कहा जाता है कि आम जनता के साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया जाता है। दूसरी



तरफ एकता कपूर भी लाल बागचा राजा के दर्शन कर रही हैं, उनके लिए आम जनता को हटाकर साइड कर दिया जाता है। एकता आराम से दर्शन करती हैं। बप्पा के चरणों में अपने प्रोजेक्ट्स और सीडी भेंट करती हैं। आराम से उनकी फोटो खींचती हैं। वहां मौजूद लोग भी उनके साथ फोटोज खिंचवाते हैं। इस वीडियो पर लोगों के रिएक्शन आ रहे हैं। एक ने लिखा, 'रिएलिटी जानने के बाद भी लोग वहां क्यों जाते हैं। प्लीज आपके मंदिर में जो गणपति घर पर हैं, उनकी पूजा करें। इतना ही काफी होगा।' दूसरे ने कहा, 'धंधा बना दिया है यार एकदम।' एक और ने लिखा, 'बायकॉट'। कुछ लोग मैनेजमेंट को 'बेशर्म' बोल रहे।

## कैमरा ही नहीं संभाला, बल्कि प्रोडक्शन में भी निभाई अहम भूमिका

# रामानंद सागर की धरोहर को प्रेम सागर ने बढ़ाया आगे

*मुंबई। 90 के दशक में कई शानदार सीरियल और मुख्यतः रामायण का निर्माण करने वाले डायरेक्टर रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर का निधन हो गया। प्रेम सागर ने भी मनोरंजन की दुनिया में शानदार काम किया था और अपने पिता की धरोहर को आगे बढ़ाने का काम किया था। जब-जब बात रामायण की होती है, तो सबसे पहले रामानंद सागर की 'रामायण' ही याद आती है। वही रामायण, जिसकी हर शाम देश की गलियां सूनी हो जाती थीं। अब जब नितेश तिवारी अपनी फिल्म रामायण लेकर आ रहे हैं, तो सबकी नजर इस पर है। हाल ही में जब फिल्म का पहला टीजर रिलीज हुआ तो लोगों में इसकी चर्चा भी छिड़ी। जब इस टीजर पर रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर से बात की थी तो उन्होंने बड़ी साफ और सधी हुई बात कही।*



### एफटीआईआई से की पढ़ाई

प्रेम सागर ने 84 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। प्रेम सागर एक वरिष्ठ निर्माता और जाने-माने फोटोग्राफर थे, जिन्होंने भारतीय सिनेमा और टेलीविजन में सागर परिवार की विरासत को आगे बढ़ाया। उन्होंने शुरुआती शिक्षा ग्रहण करने के बाद भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे से फोटग्राफी और सिनेमैटोग्राफी की ट्रेनिंग ली, जिसने उनकी कला को निखारने का काम किया। इसके बाद उन्होंने अपने पिता द्वारा स्थापित प्रोडक्शन हाउस, सागर आर्ट्स, के तहत कई परियोजनाओं के दृश्यों की बारीकियों पर काम किया। रामानंद सागर के पॉपुलर टीवी शो 'रामायण' के निर्माण में अनोखे योगदान के लिए भी उन्हें सबसे अधिक याद किया जाता था।

### मैं क्रिटिक नहीं रामभक्त हूं

प्रेम सागर ने खुद को न क्रिटिक बताया, न सिर्फ ऑडियंस। उन्होंने कहा, 'मैं रामभक्त हूं। अगर कोई राम का नाम ले रहा है, राम की बात फैला रहा है, तो उसे मेरा नमस्कार है। राम का प्रचार किसी भी रूप में हो, उसका स्वागत होना चाहिए।'

### अगर राम पेड़ पर चलते हैं, तो वो उसकी कल्पना है

उनका मानना है कि आज की पीढ़ी ग्राफिक्स और विजुअल इफेक्ट्स से जुड़ती है, तो अगर राम का नाम इन नए रास्तों से युवाओं तक पहुंच रहा है, तो ये बुरा नहीं, अच्छा है। उन्होंने कहा, 'अगर किसी की कल्पना में राम पेड़ पर चलते हैं, तो वो उसकी सोच है। हर कलाकार को अपनी बात कहने की आजादी होनी चाहिए। आखिर में जनता ही तय करती है कि क्या ठीक है और क्या नहीं।'

### हर इंसान के मन में अपनी एक रामायण होती है

प्रेम सागर ने कहा, 'हर इंसान के मन में अपनी एक रामायण होती है। अगर कोई डायरेक्टर अपनी सोच से रामायण बना रहा है, तो हमें उसे फौरन सही या गलत नहीं कहना चाहिए। हमें उसे एक कोशिश की तरह देखना चाहिए।

### फिल्मों में दिया योगदान

प्रेम सागर ने फिल्मों में भी अपनी टैलेंट को प्रदर्शित किया था। वो साल 1968 में आई आंखें फिल्म में इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट में थे, तो वहीं 1976 में रिलीज हुई चरस में बतौर सिनेमैटोग्राफर शामिल थे।

### टेलीविजन में भी अहम भूमिका

प्रेम सागर के पिता रामानंद सागर ने रामायण सीरियल बनाकर इतिहास रचा। प्रेम सागर ने पिता की धरोहर को आगे बढ़ाया और वे सागर आर्ट्स प्रोडक्शन हाउस का महत्वपूर्ण हिस्सा बने और उन्होंने जय गंगा मैया, अलिफ लैला, विष्णु पुराण, हनुमान, जय महालक्ष्मी जैसे धारावाहिकों में सिर्फ पर्दे के पीछे रहकर कैमरा ही नहीं संभाला, बल्कि प्रोडक्शन में भी अहम भूमिका निभाई।

### आदिपुरुष ने रावण को जिस तरह दिखाया, वो गलत था

हालांकि, इस दौरान प्रेम सागर का कहना था कि क्रिएटिव लिबर्टी का मतलब ये नहीं कि धार्मिक किरदारों की जड़ें ही हिला दी जाएं। आदिपुरुष का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आदिपुरुष में रावण को जिस तरह दिखाया गया, वो ठीक नहीं था। रावण कोई मांस खाने वाला या चिल्लाने वाला राक्षस नहीं था। वो एक बड़ा विद्वान और शिवभक्त ब्राह्मण था। राम ने खुद उसे यज्ञ कराने के लिए बुलाया था। रामेश्वरम की पूजा उसी की मिसाल है। जब आप ऐसे महान पात्रों को गलत तरह से दिखाते हैं, तो जनता उसे नकार देती है। आदिपुरुष इसका उदाहरण है।

## खबर संक्षेप

### यूपी में आठ आईपीएस अफसरों के हुए तबादले

**लखनऊ।** यूपी में आठ आईपीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। इनमें तीन जिलों के पुलिस



अधीक्षक भी शामिल हैं। शामली के एसपी राम सेवक गौतम को पुलिस अधीक्षक, पीटीएस, मुरादाबाद की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं कानपुर देहात के एसपी, अरविंद मिश्र को एसपी ईओडब्ल्यू, श्रावस्ती के एसपी घनश्याम को एसपी सतर्कता अधिष्ठान, उप्र बनाया गया है।

### बिहार चुनाव में आकाश को बसपा की कमान

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बसपा प्रमुख मायावती ने कमर कस ली है।



उन्होंने अकेले चुनाव लड़ने के ऐलान के साथ ही भतीजे आकाश आनंद को बिहार की कमान सौंपी है। एक्स पर मायावती ने जानकारी दी। लिखा- बिहार चुनाव को लेकर पिछले दो दिन तक चली समीक्षा बैठक में उम्मीदवारों के चयन सहित पार्टी के तैयारियों को लेकर चर्चा चल रही है।

### झारखंड में फिर पैर पसार रहा लंपी वायरस

**रांची।** राजधानी रांची में एक बार फिर लंपी वायरस पैर पसार रहा है। अधिकारी ने बताया कि रांची के



कुछ हिस्सों में मवेशियों में लंपी वायरस जैसे लक्षण देखे गए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी जानवर की मौत की खबर नहीं है। अधिकारी ने बताया कि इंस्टीट्यूट ऑफ एनिमल हेल्थ एंड प्रोडक्शन की एक टीम नमूने इकट्ठा करने के लिए दौरा करेगी।

# घुसपैठियों को खुश कर कांग्रेस, सपा व राजद राजनीतिक रोटी सेंकते रही

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनावी राज्य बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाली गई, इसका समापन एक सितंबर को पटना में होने जा रहा है। इस पर यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने निशाना साधा। कहा कि यह कथित यात्रा केवल घुसपैठियों और राष्ट्र विरोधी तत्वों को खुश करने के लिए है।

उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राजनीतिक रूप से सबसे मुखर



और जागरूक बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' राज्य के मूल लोगों को चिढ़ाने के सिवा कुछ नहीं है। यह कथित यात्रा केवल घुसपैठियों और राष्ट्र विरोधी तत्वों को खुश करने के लिए है। ऐसे तत्वों के बल पर ही कांग्रेस, सपा और राजद अपनी राजनीतिक रोटी सेंकते रहे हैं।

# सीएम के पास अपना कोई विजन नहीं,कहा-चीफ मिनिस्टर हैं

## नीतीश कुमार पर तेजस्वी की जुबान फिर बहकी

एजेंसी ▶▶ पटना

नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल के युवराज तेजस्वी प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर विवादित टिप्पणी की है। तेजस्वी ने नीतीश कुमार को चीट मिनिस्टर बताया है। कहा है कि वे राजद की सभी योजनाओं की नकल उतार रहे हैं क्योंकि उनके पास अपना कोई विजन नहीं है। तेजस्वी के बयान पर एनडीए गुस्से में है। बीजेपी नेता प्रेम रंजन पटेल ने कहा है कि राजद को काफी महंगा पड़ेगा तो जदयू प्रवक्ता नीरज ने भाषाई मर्यादा में रहने की नसीहत दी है।

पटना में पत्रकारों से बात करते हुए तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार पर बड़ा हमला किया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार लगातार चीटिंग कर रहे हैं। वे अब चीफ मिनिस्टर नहीं बल्कि चीट मिनिस्टर बनकर रह गए हैं। कहा- ही इज नॉट वर्किंग लाइक ए चीफ मिनिस्टर बट वर्किंग लाइक चीट मिनिस्टर। खुद से कुछ नहीं कर सकते तो हमारी सभी घोषणाओं की कॉपी करके ऐलान कर रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि सीएम चीटिंग तो कर ही रहे हैं ना। बिहार की जनता उनको पहचान गई है। अब जनता परिवर्तन लाने के मूड में आ गई है। राज्य के लिए उन्होंने क्या किया,इसका हिसाब देना पड़ेगा।

### बयान पर सियासी खलबली मची



तेजस्वी यादव के इस बयान पर सियासी खलबली मच गई है। भाजपा नेता प्रेम रंजन पटेल ने कहा है कि महागठबंधन के नेताओं को विश्वास हो गया है कि उनकी आगामी चुनाव में हार होने वाली है। इस वजह से बौखला गए हैं। पहले पीएम नरेंद्र मोदी को गाली दी गई। अब नीतीश कुमार के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की जा रही है। जनता सब समझ रही है। तेजस्वी यादव को यह बयान देना बहुत महंगा पड़ेगा। जदयू ने भी तेजस्वी के बयान पर प्रहार किया है। पार्टी प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि ये लोग भाषाई लंपटीकरण के नायक हैं। कभी पीएम को गाली देंगे तो कभी सीएम के बारे में अपमानजनक बयान देंगे।

## विमुक्त जाति दिवस समारोह में सीएम योगी ने किया बड़ा एलान

# घुमंतू जातियों के लिए यूपी में गठित होगा बोर्ड, बनेंगी कॉलोनिया व मकान

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

घुमंतू और विमुक्त जातियों के कल्याणा के लिए जल्द ही उत्तर प्रदेश में एक विशेष बोर्ड का गठन किया जाएगा। साथ ही इन जातियों के लोगों के लिए कॉलोनी और मकान भी उपलब्ध कराए जाएंगे। यह बात सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विमुक्त व घुमंतू जातियों के कल्याणार्थ आयोजित विमुक्त जाति दिवस समारोह में शिरकत करने के दौरान कहीं।

समारोह में सीएम योगी ने कई बड़ी भी घोषणाएं की। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नट, बंजारा, बावरिया, सासी, कंजड़, कालबेलिया, सपेरा व जोगी जैसी जातियां देश की वीर जातियां हैं। सभी ने विदेशी आक्रमणकारियों से युद्ध लड़ा था। लेकिन अंग्रेजों ने इन जातियों के पराक्रम से भयभीत होकर 1871 में क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट लागू किया था। इस एक्ट के द्वारा इन जातियों को जन्म से ही अपराधी घोषित कर दिया गया था। देश के आजाद होने के बाद भी 1952 तक यह कलंक इन जातियों पर लगा रहा। हालांकि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रयासों से 31 अगस्त 1952 को इन जातियों को इस एक्ट से मुक्ति मिल गई। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में केंद्र और राज्य सरकार विमुक्त और घुमंतू जातियों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है।

**खास बातें**

- देश की वीर जातियां हैं नट, बंजारा, बावरिया, सासी, कंजड़, कालबेलिया, सपेरा, जोगी
- अंग्रेजों ने इन जातियों को जन्म से अपराधी घोषित कर दिया था



### पुलिस भर्ती में घुमंतू जातियों से जुड़े युवक-युवतियों का हुआ चयन

*प्रदेश में शिक्षा और आवास की दिशा में इन जातियों के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। कहा कि नट, बंजारा, बावरिया, सासी, कंजड़, कालबेलिया, सपेरा, जोगी सहित घुमंतू जातियों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही इन जातियों के लोगों को कॉलोनी और मकान उपलब्ध कराने की योजना पर भी काम किया जाएगा। सीएम ने कहा कि प्रदेश की पुलिस भर्ती में घुमंतू जातियों से जुड़े कई युवक-युवतियों का चयन हुआ है। जो इस बात का प्रमाण है कि सरकार बिना भेदभाव के सभी वर्गों को समान अवसर दे रही है। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि 9 जिलों में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं, दो आवासीय आश्रम पद्धति विद्यालय प्रारंभ हो चुके हैं। जबकि 101 आवासीय विद्यालय पहले से चल रहे हैं। यहां छात्रों को रहने, खाने से लेकर यूनिफॉर्म तक की व्यवस्था सरकार कर रही है।*

### विमुक्त जातियों के बच्चों को दी जा रही विशेष सुविधा

इसके अलावा 264 राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में विमुक्त जातियों के बच्चों के लिए भी विशेष सुविधा दी जा रही है। इस दौरान सीएम ने वनटांगिया समाज का उदाहरण देते हुए कहा कि उनकी सरकार ने उन्हें राजस्व गांव का दर्जा दिया। मताधिकार का अधिकार दिया। उनके लिए घर, स्कूल और अस्पताल बनवाए। इसी तरह मुसहर, कोल, थारू, गौड़, चेरो और सहरिया जैसी जातियों के लिए भी योजनाएं संचालित की गईं। कुम्हार, निषाद और राजभर समाज को भी सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। अब अब विमुक्त और घुमंतू जातियों को भी जमीन के पट्टे और मतदान की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जैसे शामली और वनटांगिया का मॉडल बना, उसी तरह घुमंतू जातियों के लिए भी योजनाएं लागू होंगी।



# प्रदेश स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में हिसार ने जीता गोल्ड मेडल

- एबीवीपी द्वारा आरबीएसएम स्कूल में करवाई गई प्रतियोगिता
- प्रतियोगिता में प्रदेशभर से कुल 36 टीमों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा मेजर ध्यानचंद जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रदेश स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का भव्य समापन आर बी एस एम स्कूल, भोंडसी में हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से कुल 36 टीमों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना, अनुशासन और उत्साह का परिचय दिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक चौधरी तेजपाल तंवर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में खो-खो संघ के महासचिव महेंद्र कंबोज तथा विशेष उपस्थिति में एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दिनेश फंडन मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरबीएसएम स्कूल के निदेशक ने की। महानगर अध्यक्ष डॉ. योगिता राघव ने अपने संबोधन में विद्यार्थी परिषद द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों की जानकारी दी और कहा कि परिषद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव समर्पित है। बालक एवं बालिका वर्ग की प्रथम स्थान प्राप्त टीमों को 21,000 रुपये नकद व सभी खिलाड़ियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। द्वितीय स्थान प्राप्त टीमों को 11,000 रुपये नकद व सभी खिलाड़ियों को रजत पदक दिए गए। तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को 5,100 रुपये नकद व सभी खिलाड़ियों को कांस्य पदक प्रदान किए गए। चतुर्थ स्थान प्राप्त टीमों को 2,100 रुपये नकद राशि दी गई।

**बालिका वर्ग में परिणाम**

बालिका वर्ग में प्रथम स्थान हिसार, द्वितीय स्थान चरखी दादरी, तृतीय स्थान झज्जर व चतुर्थ स्थान पर रेवाड़ी की टीम रही।

**बालक वर्ग**

बालक वर्ग प्रथम स्थान हिसार, द्वितीय स्थान रोहतक, तृतीय स्थान सोनीपत व चतुर्थ स्थान पर कैथल की टीम रही।

## पेज एक का शेष

### उपहार वही हो- जो ...

ये स्वदेशी है। उपहार वही हो, जो भारत में बना हो, पहनावा वही हो, जो भारत में बुना हो, सजावट वही हो, जो भारतीय सामान से हो, और रोशनी वही हो, जो भारत में बनी झालरों से हो। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' का मंत्र दोहराते हुए कहा कि यही विकसित भारत की ओर जाने का रास्ता है। पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि स्वदेशी अपनाने से न सिर्फ देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान भी और सशक्त बनेगी। साथ ही उन्होंने स्वच्छता अभियान पर भी जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन को जन आंदोलन बनाना जरूरी है। हर नागरिक को अपने आसपास सफाई रखनी चाहिए ताकि भारत आत्मनिर्भर और विकसित बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सके। पीएम मोदी ने युवाओं से भी अपील की कि वे इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं और स्वदेशी व स्वच्छता दोनों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। कार्यक्रम के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी एक छोटा वीडियो साझा किया और लिखा- गर्व से कहो ये स्वदेशी है।

### फुटबॉल खिलाड़ियों को...

हाल ही में उन्होंने विश्व प्रसिद्ध पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत में विचारपुर के फुटबॉल खिलाड़ियों की मेहनत और संघर्ष का जिक्र किया था। इस पॉडकास्ट को सुनने के बाद जर्मनी के फुटबॉल कोच डायटमार बेयर्सडॉर्फर खिलाड़ियों की कहानी से प्रभावित हुए और उन्होंने भारतीय दूतावास से संपर्क कर प्रशिक्षण देने की पेशकश की। मध्य प्रदेश सरकार ने इस दिशा में तेजी से कदम उठाए हैं। तय हुआ है कि शहडोल के चार युवा खिलाड़ी, जिनमें दो बालक और दो बालिकाएं शामिल होंगी, अक्टूबर में जर्मनी जाएंगे। खिलाड़ियों के साथ एक प्रशिक्षक भी भेजा जाएगा। सभी का चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद नाम घोषित किया जाएगा। सरकार इसके लिए पूरा खर्च वहन करेगी।

**'मिनी ब्राजील' की पहचान से अंतरराष्ट्रीय मंच तक:** विचारपुर गांव को फुटबॉल के प्रति जुनून के कारण 'मिनी ब्राजील' कहा जाता है, जिसने हाल के वर्षों में खेल जगत में खास पहचान बनाई है। यहां के खिलाड़ी अपने संघर्ष और समर्पण से न केवल स्थानीय बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी ध्यान आकर्षित कर चुके हैं। अब उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

### बोले दोनों शीर्ष नेता, विश्व...

बीते शनिवार को अपनी जापान यात्रा के बाद दो दिवसीय दौरे पर चीन पहुंचे थे। जहां हवाईअड्डे से लेकर होटल तक उनका भव्य स्वागत हुआ। सात साल बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह चीन यात्रा हुई है। इससे पहले 2018 में वह चीन दौरे पर गए थे। वहीं, पूर्वी लद्दाख में 2020 से एलएसी विवाद की शुरुआत के नजरिए से देखें तो यह पीएम की पहली चीन यात्रा है। सोमवार (1 सितंबर) को भारतीय प्रधानमंत्री रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और एससीओ समूह के अन्य राष्ट्राध्यक्षों के साथ मुलाकात करेंगे।

**एलएसी पर बहाल हुई शांतिः पीएम :** पीएम मोदी ने 2024 में रूस के कजान में राष्ट्रपति जिनपिंग के साथ हुई पिछली बैठक को सार्थक बताते हुए उसका स्वागत किया। उन्होंने कहा, इससे हमारे संबंधों में एक सकारात्मक गति और तेज प्रगति देखने को मिली है। द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर विकास के लिए सीमाई इलाकों में शांति और सौहार्द के महत्व को भी प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि दोनों देश परस्पर विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रपति जिनपिंग ने पीएम के इस कथन से सहमति जताई। प्रधानमंत्री ने कहा, विशेष प्रतिनिधियों के बीच सीमा संबंधी प्रबंधन को लेकर सहमति बनी है। पूर्वी लद्दाख में सीमा (एलएसी) पर सैनिकों के आक्रामकता मुद्रा से पीछे हटने (डिसएंगेजमेंट) के बाद शांति-स्थिरता का माहौल कायम हुआ है। दोनों नेता इस प्रक्रिया की सफलता और उसके बाद सीमा पर लौटी शांति से संतुष्ट हैं। साथ ही उन्होंने सीमा संबंधी मामलों के एक स्पष्ट, तर्कसंगत और आपसी रूप से स्वीकार्य समाधान को लेकर प्रतिबद्धता जताई है। जिसके तहत राजनीतिक दृष्टिकोण से समूचे संबंधों और लोगों के दीर्घकालिक हितों को देखा जाना चाहिए। इस महीने हुई विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का जिक्र भी शीर्ष नेताओं ने अपनी बैठक में किया और उनके प्रयासों को भविष्य में भी समर्थन देने पर जोर दिया।

**मजबूती से उठाया आतंकवाद का मुद्दा :** बैठक में प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान प्रायोजित पहलगाम आतंकी हमले का नाम लिए बगैर पूरी दृढ़ता के साथ चीन के राष्ट्रपति के समक्ष आतंकवाद का मुद्दा उठाया और कहा कि भारत और चीन रणनीतिक स्वायत्ता का अनुसरण करते हैं। आतंकवाद एक वैश्विक खतरा है और इससे निपटने के लिए दोनों देशों को एक साथ मिलकर काम करना चाहिए। हमारे संबंधों को किसी तीसरे देश के चश्मे यानी नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। शीर्ष नेताओं ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों और चुनौतियों को लेकर समान सोच के विस्तार की आवश्यकता जताई। जिसमें आतंकवाद और बहुपक्षीय मंचों पर स्पष्टता का मामला भी शामिल किया गया। पीएम ने चीन के राष्ट्रपति को एससीओ की अध्यक्षता की सफलता के लिए बधाई दी और चीन यात्रा व इस बैठक के लिए भी आभार जताया।

### चीन में एससीओ के मंच...

मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ एससीओ जैसे वैश्विक मंच पर एक साथ नजर आए हैं। हालांकि इस तस्वीर के केंद्र में सम्मेलन के मेजबान देश चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग खड़े हुए हैं। उनके ठीक बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हैं। फिर दो नेताओं के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नजर आ रहे हैं। जबकि जिनपिंग के दूसरी ओर से तीन नेताओं के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ खड़े हुए दिखाई पड़ रहे हैं। ग्रुप फोटो से पहले औपचारिक शिष्टाचार निभाते हुए समूह के तमाम देशों के शीर्ष नेताओं ने चीन के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी से हाथ मिलाया। इस फोटो में बाकी नेताओं के साथ तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन भी नजर आ रहे हैं।

**भारत ने आतंकवाद पर साफ किया अपना रुख :** एससीओ के मूल एजेंडे में समूह देशों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के अलावा साझा क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों जैसे आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ से मुकाबला करने के मामले पर विचार-विमर्श किया जाएगा। लेकिन इस बात की भी बहुत संभावना है कि एससीओ देश ट्रंप के टैरिफ से उत्पन्न संकट के मामले पर मंथन कर उससे निपटने का भी कोई मार्ग निकालें। यहां बता दें कि एससीओ सम्मेलन में दुनिया के कुल 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष और कई अंतरराष्ट्रीय मंचों के प्रमुख शिरकत करेंगे। भारत 2017 में एससीओ का स्थायी सदस्य बना था। इससे पहले वह पर्यवेक्षक के रूप में संगठन से जुड़े आयोजनों में भागीदारी करता था।

**मोदी-शरीफ के बीच होगी बैठक :** एससीओ के मंच पर ग्रुप फोटो में तो भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री एक साथ नजर आए हैं। लेकिन दोनों के बीच किसी तरह की बैठक या बातचीत होने की संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही है। भारत सरकार की तरफ से भी इस संबंध में अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है। दोनों देशों के संबंधों में ऑपरेशन सिंदूर के बाद से तनाव बना हुआ है। सीमाओं पर फिलहाल 10 मई 2025 को हुए संघर्षविराम के बाद से शांति कायम है। लेकिन भारत ने पाकिस्तान को ये साफ कर दिया है कि आतंकवाद को लेकर उसका ये अभियान अभी भी जारी है। अगर भविष्य में पाकिस्तान ने पहलगाम हमले या किसी अन्य आतंकी हमले जैसी कोई गलती फिर से दोहराने की कोशिश की। तो उसे उसका तुरंत मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इन सबके बीच रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हुई अपनी द्विपक्षीय बैठक में भी आतंकवाद को वैश्विक खतरा बताते हुए इसके खिलाफ बनी हुई भारत की दृढ़ता का साफ शब्दों में उल्लेख किया। उन्होंने चीन से भी इस मामले में साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय भी पूर्व में कह चुका है भारत उम्मीद करता है कि एससीओ द्वारा एकजुटता से आतंकवाद की कड़ी निंदा की जाएगी। यहां ये देखना महत्वपूर्ण होगी कि सम्मेलन के अंत में कोई संयुक्त घोषणापत्र जारी किया जाता है या नहीं। क्योंकि पूर्व में हुई समूह के विदेश-रक्षा मंत्रियों की बैठकों में पाकिस्तान की अंदरखाते चालबाजी की वजह से एससीओ के अंतिम घोषणापत्र से जुड़े हुए प्रारंभिक दस्तावेज में पहलगाम हमले का जिक्र नहीं किया गया था। जिसके चलते भारत ने दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं किए और फिर इसे जारी नहीं किया जा सका।

**पुतिन से मिलेंगे मोदी :** 1 सितंबर को एससीओ सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री मोदी की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय मुलाकात होगी। जिसमें दोनों देशों के प्राचीन और भरोसेमंद द्विपक्षीय संबंधों के अलावा साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर भी बातचीत की जाएगी। दोनों नेताओं के बीच इस साल संभवतः दिसंबर में भारत में होने वाली वार्षिक बैठक से पहले चीन में ये मुलाकात होगी। अमेरिका ने भारत पर यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से जारी तेल की खरीद से नाराज होकर ही दुनिया में सबसे ज्यादा 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जिसमें 25 फीसदी सीधे-सीधे रूसी तेल खरीद से जुड़ा टैरिफ का दंडात्मक भाग है। भारत पहले ही अमेरिका के निर्णय को अनुचित और अविवेकपूर्ण बता चुका है। उसका ये भी कहना है कि रूस से भारत के मुकाबले कहीं अधिक तेल चीन खरीदता है। लेकिन अमेरिका ने सिर्फ भारत पर ही 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जबकि चीन के खिलाफ ऐसा नहीं किया गया है। उसका कहना है कि अमेरिका जब खुद रूस से व्यापार कर रहा है तो उसे बाकी देशों को लेकर परेशानी क्यों हो रही है?

### पहाड़ों को 'चीरकर' ...

के लिए रेल गेटवे का काम करेगी। बैराबी-सैरांग रेल लाइन, आर्थिक दृष्टि से मिजोरम के लिए महत्वपूर्ण है। क्योंकि, इस रेलवे लाइन के साथ मिज़ोरम की क्षेत्रीय जीडीपी सालाना 2-3 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। ऐसे में 25,000 करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था वाले राज्य को हर साल 500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी।

### फैक्ट्री मालिक उनकी....

राहत कार्य शुरू किया। फैक्ट्री बिना लाइसेंस के चल रही थी और लोगों ने पहले भी इसकी शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर शोक जताया और उच्च स्तरीय जांच व दोषियों पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए। दो लोगों को गंभीर अवस्था में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। धमाके से पांच मकान क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं कुछ मकानों में मामूली दरार आई है। पुलिस का दावा है कि आलम की भाभी खातून के नाम पर पटाखा बनाने का लाइसेंस है। बताया गया कि आलम चूड़ी बेचने के साथ ही पटाखे का भी कारोबार करता है। रविवार सुबह उसके घर में पटाखा बनाया जा रहा था। सुबह 11.30 बजे अचानक पटाखों में आग लगी और फिर जोरदार धमाके हुए। एक के बाद एक कई धमाकों से आलम का मकान ताश के पत्तों की तरह ढह गया। घर में मौजूद आलम, उसकी पत्नी मुन्नी, बेटा दिलशान, इरशाद मलबे से नीचे दब गए। धमाका इतना तेज था कि एक किलोमीटर के दायरे में उसकी आवाज गूंज उठी। आवाज सुनकर दहशतजदा ग्रामीण घरों से बाहर निकल आए। लोगों ने आलम के मकान से धुएं का गुबार उठते देखा। भागकर लोग वहां पहुंचे तो आलम का मकान जमींदोज मिला।

### यू-टर्न लेकर दिल्ली...

ही देर बाद वापस दिल्ली लौटना पड़ा। मानक प्रक्रिया अपनाते हुए पायलटों ने इंजन बंद किया और विमान को सुरक्षित दिल्ली एयरपोर्ट पर उतार लिया। इस घटना में सभी यात्री सुरक्षित हैं। एयरलाइन ने बताया कि विमान को निरीक्षण के लिए ग्राउंड कर दिया गया है और उसकी तकनीकी जांच चल रही है। यह घटना ऐसे वक्त में हुई है, जब एयरलाइंस में तकनीकी सुरक्षा को लेकर लगातार निगरानी बढ़ाई जा रही है। हालांकि, एयर इंडिया ने साफ किया है कि पूरे ऑपरेशन के दौरान स्टैंडर्ड सेफ्टी प्रोटोकॉल अपनाया गया और यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।

### प्रथम आओ- प्रथम पाओ...

अग्रिम पंक्ति में बैठेंगे। इसके बाद जैसे जैसे आवेदन प्राप्ति होगी उसी आधार पर उन्हें बैठने का स्थान दिया जाएगा। नई व्यवस्था इस मिथक को भी तोड़ देगी कि वीवीआईपी ही सबसे आगे बैठकर भस्म आरती दर्शन करते हैं। मंदिर समिति जल्द ही श्रद्धालुओं को वर्चुअल अनुमति के साथ नंबर जारी करने की व्यवस्था करेगी। अभी भक्तों को ये पता नहीं होता है कि उन्हें कहां बैठाया जाएगा।

### चीन में नेपाल के पीएम और म्यांमार...

**भारत को उम्मीद, म्यांमार में होंगे निष्पक्ष चुनाव :** विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने तियानजिन में म्यांमार के राज्य सुरक्षा एवं शांति आयोग के वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग के साथ मुलाकात की। जिसमें पीएम ने उम्मीद जताई कि म्यांमार में होने वाले आगामी चुनाव सभी हितधारकों को शामिल करते हुए निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होंगे। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत म्यांमार के नेतृत्व वाली और म्यांमार के स्वामित्व वाली शांति प्रक्रिया का समर्थन करता है। जिसके लिए शांतिपूर्ण संवाद और परामर्श ही आगे बढ़ने का एकमात्र मार्ग है। पीएम ने म्यांमार की विकासात्मक आवश्यकताओं में सहयोग के लिए भारत की तत्परता दोहराई।

## केशवदेव महाराज ने दिए राधा स्वरूप में दर्शन

# मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर धूमधाम से मनाई गई राधाष्टमी



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर राधाष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। घंटे, घड़ियाल, ढोल, नगाड़े, झांझ मजीरे की मंगल ध्वनि के मध्य प्रातः 9:00 बजे राधा स्वरूप धारण कर विराजमान भगवान केशवदेव महाराज का दिव्य पंचामृत अभिषेक किया गया। राधा स्वरूप में भगवान श्रीकेशवदेवजी के दर्शन अत्यन्त मनोहारी और भक्तों को आनन्दित कर रहे थे। मंगल ध्वनि के मध्य उद्दाम नृत्य-गायन, संकीर्तन करते हुए भागवत भवन में पधारे। भागवत भवन में विराजमान प्रत्यक्ष रूप श्रीराधाकृष्ण युगल सरकार के समक्ष दिव्य भजन और बधाई गायन भजन-गायिका शालिनी शर्मा द्वारा किया गया। 11:30 बजे श्रीसूक्त आदि मंगल पाठों के मध्य भगवान श्रीराधाजी के प्रत्यक्ष स्वरूप का पुरूपार्चन किया गया। श्रीकिशोरी जी की प्राकट्य आरती हुई। कमल पुष्प में विराजित श्रीराधाजी के चल श्रीविग्रह अभिषेक स्थल पर पधारे। संस्थान के सचिव कपिल शर्मा, सदस्य व हिन्दूवादी नेता गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी और मंदिर के पूजाचार्यों ने जन्ममहाभिषेक किया। मंदिर प्रांगण में बधाई गायन के मध्य श्रद्धालुओं को फल, मिष्ठान, वस्त्र, खिलौने, पुष्प-माला बधाई स्वरूप प्रदान की गई।

## मुरादाबाद जिले में की जा रही हैं खोज

# 1978 के दंगे का रिकॉर्ड संभल के थानों में नहीं



एजेंसी ▶▶ संभल

1978 के दंगे से शहर जला और लोगों की जान गई। ज्यादातर कारोबारी इस दंगे की की आग में अपना पूरा कारोबार जला बैठे। अहम बात यह है कि दंगे के दौरान दर्ज की गईं 169 एफआईआर का रिकॉर्ड नहीं मिल सका। यह एफआईआर संभल कोतवाली और नखासा थाने में दर्ज की गई थीं। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई का कहना है कि दंगे से जुड़ी जो एफआईआर दर्ज की गई थीं, उनका रिकॉर्ड होना चाहिए था लेकिन यहां के थानों में वह नहीं मिला। जिला बनने से पहले संभल मुरादाबाद का हिस्सा था। लिहाजा मुरादाबाद से ही सूचनाएं एकत्र की जा रही हैं। दंगे को 46 वर्ष बीते हैं। इस हिसाब से इन रजिस्टरों को होना चाहिए था। अब पुलिस सारा रिकॉर्ड मुरादाबाद पुलिस कार्यालय से तलाश कर रही है। ऐसे में यह भी सवाल उठना लाजिमी है कि जब मामला दबाया गया तभी उन रिकॉर्ड को भी गायब किया गया होगा। 29 मार्च 1978 को यह दंगा हुआ तो पुलिस प्रशासन ने काबू कर लिया था लेकिन 30 मार्च को दूसरे दिन दंगे ने बड़ा रूप ले लिया।

## चिंतन

# चीन से दोस्ती तो ठीक सतर्क रहना भी जरूरी

चीन और भारत दो प्राचीन सभ्यताएं हैं। ये विश्व के दो सबसे अधिक आबादी वाले देश हैं। दोनों साथ आते हैं तो दोनों देशों का ही नहीं बल्कि 2.8 अरब लोगों को फायदा होगा। आज चीन के शहर बीजिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात का सार यही है। सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। जून 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद भारत-चीन के संबंध खराब हो गए थे। गलवान झड़प के बाद मोदी पहली बार चीन पहुंचे हैं। हालांकि दोनों नेताओं में रूस में मुलाकात हो चुकी है। वैसे भी गलवान के तनाव और अब के हालात में बहुत अंतर है। इस अंतर का कारण हैं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने सबसे पहले चीन को निशाने पर लिया था। उस पर एक के बाद एक टैरिफ थोपे गए। हालांकि बाद में वो चीन को लेकर नरम पड़ गए और भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि डोनाल्ड ट्रंप पर किसी भी सूरत में भरोसा नहीं किया जा सकता। वो अपनी सनक के चलते कब क्या फैसला लेंगे, इसकी जानकारी किसी को भी नहीं। इसलिए जरूरी है कि मिलकर उनसे मुकाबला किया जाए। यह पहला मौका नहीं है जब भारत और चीन साथ आए हो। कभी 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' का नारा लगता था, लेकिन 1962 के युद्ध ने रिश्तों में कड़वाहट घोल दी थी। भारत और चीन के रिश्तों की शुरुआत 1938 में हुई थी। उस समय चीन जापान के हमलों से परेशान था। भारत ने इंसानियत दिखाते हुए चीन की मदद के लिए एक मेडिकल टीम भेजी। इस टीम में पांच भारतीय डॉक्टर थे, जिनमें से एक थे डॉ. द्वारकानाथ कोटनीस। डॉ. कोटनीस ने चीन के लोगों की सेवा करने का फैसला किया और वहीं रुक गए। भारत और चीन ने आजादी के बाद अपने संबंधों को बेहतर बनाने का प्रयास किया। दोनों देशों ने एक समझौता किया। यह समझौता 29 अप्रैल, 1954 को हुआ था लेकिन यह समझौता ज्यादा समय तक नहीं चल पाया। 1959 में जब भारत ने चीन से भागे दलाई लामा को शरण दी तो चीन ने इसे अपने अंदरूनी मामलों में दखल देना माना। इसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा को लेकर तनाव बढ़ने लगा। भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और चीन के प्रीमियर झोउ एनलाई ने कई बार मिलकर इस समस्या को सुलझाने की कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। आखिरकार 20 अक्टूबर, 1962 को चीन ने भारतीय सीमा पर हमला कर दिया। इस युद्ध ने भारत के भरोसे को बुरी तरह से तोड़ दिया। साल 2020 में लद्दाख के अक्साई चिन में भारत और चीन के सैनिकों के बीच गलवान घाटी में हिंसक झड़प हुई थी। इस झड़प में भारत के 20 जवान शहीद हो गए। गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद भारत ने चीन के नागरिकों को वीजा देना बंद कर दिया था। फ्लाइट सर्विस भी रोक दी गई थी। इससे दोनों देशों के बीच यात्रा करना मुश्किल हो गया था। भारत के लिए परेशानी का एक कारण चीन द्वारा बार-बार पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा होना भी है। वो पाक का समर्थन करके आतंकवाद के समर्थन में खड़ा हो जाता है। अब प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक के बाद जिनपिंग का यह कहना कि ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिए। सुनने में बहुत अच्छा लगता है और चीन-भारत की दोस्ती समय की मांग भी है, लेकिन चीन की विस्तारवादी सोच के चलते भारत को हमेशा सतर्क भी रहना होगा।

## व्यक्तित्व

कमल कटकी



# उत्कृष्ट भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ थे 'भूपेन दा'

मुझे लगता है कि समग्र विश्व में ऐसा कोई कलाकार नहीं होगा- जिसके पास गायक, गीतकार, संगीतकार, कहानी लेखक, निबंधकार, नाटककार, पटकथा लेखक, फिल्म निर्देशक, फिल्म निर्माता, संगीत निर्देशक, अभिनेता, पत्रकार, साहित्यकार, पत्रिका संपादक, पुस्तक पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनेता, बुद्धिजीवी आदि सभी गुण एक साथ हों। ऐसा ही एक व्यक्ति हैं डॉ. भूपेन हाजरिका। 1984 से भूपेन दा के एक गिटार वादक के रूप में 5 नवंबर 2011 को महाप्रयाण के दिन तक, अपने पच्चीस वर्षों से अधिक समय की निकटता के दौरान हर एक क्षण में, मैंने बहु-प्रतिभाशाली, बहुआयामी कर्मयोगी, भूपेन दा को करीब से देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। 8 सितंबर, 1926 को उस समय के नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर के अधीन तथा आज के अरुणाचल प्रदेश की तलहटी में स्थित एक छोटे से शहर सदिया से अपनी जीवन यात्रा की शुरुआत करने वाले भूपेन दा अपनी जीवन परिक्रमा को कठोर संघर्ष, सुख-दुख, उतार-चढ़ाव के बीच आगे ले जाते हुए खुद को एक वैश्विक कलाकार के रूप में स्थापित करना इतना आसान नहीं था। इसलिए उन्होंने अपनी गुणवत्तापूर्ण



गीत-संगीत की रचनाओं के माध्यम से आम लोगों का दिल जीतने में सक्षम हुए थे। भूपेन दा की चिरस्थायी वैश्विक लोकप्रियता केवल उनके गीतों के कारण ही है, ऐसी बात नहीं है। मेरी दृष्टि में, भूपेन दा एक बरगद के पेड़ की तरह विशाल हृदय के व्यक्तित्व के धनी थे और इस पेड़ की जड़ें खारखोआ (मूल) असमिया थे, पूरे पेड़ समग्र भारत था और पेड़ की शाखाएं, उप-शाखाएं, पत्ते आदि विश्व-उन्मुख थे। बिहू, ब्रह्मपुत्र और भूपेन- अंग्रेजी वर्णमाला के तीन अक्षरों से समृद्ध इन शब्दों ने आज भी असम का परिचय विश्व के सामने उजागर करती है। भूपेन दा के सहयोगी के रूप में काम करने के कारण, असम के अलावा दुनिया भर के कई जाने-माने कलाकारों और हस्तियों से मिलने का अवसर मुझे मिला। लेकिन भूपेनदा जैसे महान व्यक्तित्व की सुगंध मुझे उनमें नहीं मिली। हमारे जैसे आम लोगों के लिए भूपेन दादा को समझ पाना मुश्किल है। उनमें विभिन्न रूपों का एक अद्भुत संयोजन था। क्रोध उनके जीवन का हमसफर जैसा था, ठीक उसी तरह जैसा उनके साथ हमेशा अपनी प्यारी मुस्कान रहती, जैसे धान के खेत की पराली तुरंत जलते ही थम जाती है, गुस्सा भी उसी तरह तुरंत गायब हो जाता है। पैसे के प्रति उनमें तनिक भी मोह नहीं था। उन्होंने मुझे कभी यह नहीं पूछा कि "फलाँ कार्यक्रम में गाने के लिए तुम्हें कितना मानदेय मिला?" या "मैं गाकर कितना कमा पाया?" यहां तक कि कार्यक्रम से संबंधित आय-व्यय का हिसाब-किताब जानने की कोशिश भी उन्होंने कभी नहीं की। पैसों के प्रति उनकी उदासीनता इतनी थी कि एक बार गुवाहाटी में आयोजित लता मंगेशकर के संगीत-प्रदर्शन का भारी-भरकम मानदेय लेकर भूपेन दा ने वह पैसों का थैला मुम्बई की टैक्सी में ही भूलकर छोड़ दिया था। धन के जोड़-घटाव से भूपेन दा का कोई लेना-देना नहीं था, वे जानते थे तो केवल शब्द और सुर का जोड़-घटाव, जनता से संवाद का जोड़-घटाव। आम लोगों के बीच रहकर असाधारण जीवन जीकर उन्हें बहुत संतोष मिलता था। साधारण जन के बीच रहकर खुश रहने वाले इस असाधारण भूपेन हजारिका ने समय से आगे चलकर अपनी जीवन-यात्रा को गहन आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाया और असम सहित सम्पूर्ण भारत में स्वयं को एक चिरस्मरणीय संगीतकार के रूप में स्थापित कर गए। राजपथ के किनारे आराम कर रहे रिक्शा चालक से वे कभी एक चुटकी खैनी लेकर अचानक ही गाने लगते थे -"मानुहे मानुहर बाबे, जदीहे अकनो ना भाबे"। उस क्षण कोई सोच भी नहीं सकता था कि ये वही भूपेन हाजरिका हैं जिन्होंने पचास के दशक में कोलंबिया विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की थी। तेजपुर केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में जब भूपेन दा को डॉक्टरेट की उपाधि दी गई, तब डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने कहा था - 'डॉ. हज़ारिका, मैं हमेशा आपके जैसा बनना चाहता हूँ। लेकिन मैं आपके जैसा कैसे बन सकता हूँ?' तेजपुर विश्वविद्यालय ने इन दोनों महापुरुषों को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की थी। भूपेन दा के महाप्रयाण के कुछ दिन पहले स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर ने भूपेन दा को दीपावली की शुभकामनाएं भेजते हुए जीवन-संघर्ष में विजय पाने का उत्साह दिया और कहा था- 'सभी उत्कृष्ट भारतीयों में आप सर्वश्रेष्ठ हैं।' मेरी नजर में भूपेन दा एक ऐसे ही व्यक्तित्व थे।

( लेखक प्रसिद्ध संगीतज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



टैरिफ संकट

विकेश कुमार बडोला

भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाली वस्तुओं में आभूषण, वस्त्र, हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, इत्यादि सम्मिलित हैं। इन वस्तुओं के उत्पादन में नियुक्त औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सम्मुख आगामी समय चुनौतियों से पूर्ण होगा। जब तक भारतीय शासन द्वारा अमेरिका को विभिन्न वस्तुयें निर्यात करने के माध्यम से वैश्विक बाजार में टिके हुए निर्यातकों को बड़े व नवोन्मेषी राहत पैकेज नहीं मिल जाते अथवा अमेरिका के साथ वार्ता करके अतिरिक्त शुल्क के निर्णय को निष्क्रिय नहीं कर दिया जाता, तब तक इनके स्तर पर देशी-विदेशी व्यापार मंद होता रहेगा। हालांकि भारतीय वाणिज्य विभाग निर्यातकों की सहायता के लिए विविध आयामी व्यापार नीति पर कार्य कर रहा है।

# जल्द निकालना होगा टैरिफ का तोड़

अंततः भारत-अमेरिका की आर्थिक शत्रुता बढ़ाने वाला बड़ा निर्णय ट्रंप ने ले ही लिया। गत 28 अगस्त से अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय उत्पादों पर कुल पचास प्रतिशत शुल्क लगने लगेगा। भारत में तो नहीं किंतु अमेरिका में बढ़े हुए शुल्क के शासकीय निर्णय पर पक्ष-विपक्ष के राजनेता तथा उनसे संबद्ध विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के दो समूह बन गये हैं। एक समूह भारत पर अतिरिक्त शुल्क लगाने को अनुचित मान रहा है, तो दूसरा ट्रंप के निर्णय का समर्थन कर रहा है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट सकारात्मक हैं। वे आशान्वित हैं कि अंततः अमेरिका व भारत के मध्य अर्थव्यवस्था की अनुकूल स्थितियां बनेंगी। उनके अनुसार एकपक्षीय टैरिफ व कुछ अनावश्यक वक्तव्यों के बाद भी दोनों देशों के मध्य वार्ता की राह बंद नहीं हुई है। कुछ अन्य प्रभावशाली पदाधिकारी भी बारंबार कह रहे हैं कि यदि भारत पर पच्चीस प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ रूस से तेल खरीद के कारण लगा है तो फिर चीन पर बढ़ा हुआ टैरिफ क्यों नहीं लगाया गया, क्योंकि वो तो भारत की तुलना में रूस से अधिक तेल आयात कर रहा है।

इस आपत्ति के आलोक में विचार करें तो यही ज्ञात होता है कि ट्रंप जो हैं वे मोदी के साथ अपनी व्यक्तिगत मित्रता के कारण यही चाहते थे कि भारत के साथ प्रस्तावित अमेरिका के अनेक क्षेत्रों, विशेषकर व्यापार से संबंधित समझौतों पर भारत वैश्विक भूराजनीतिक एवं आर्थिक परिप्रेक्ष्यों पर विचार किये बिना ही सहमति के साथ हस्ताक्षर कर दे। भारत ने ऐसा नहीं किया और अमेरिकी टैरिफ के चक्रव्यूह में फंस गया। भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाली वस्तुओं में आभूषण, वस्त्र, हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, इत्यादि सम्मिलित हैं। इन वस्तुओं के उत्पादन में नियुक्त औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सम्मुख आगामी समय चुनौतियों से पूर्ण होगा। जब तक भारतीय शासन द्वारा अमेरिका को विभिन्न वस्तुयें निर्यात करने के माध्यम से वैश्विक बाजार में टिके हुए निर्यातकों को बड़े व नवोन्मेषी राहत पैकेज नहीं मिल जाते अथवा अमेरिका के साथ वार्ता करके अतिरिक्त शुल्क के निर्णय को निष्क्रिय नहीं कर दिया जाता, तब तक इनके स्तर पर देशी-विदेशी व्यापार मंद होता रहेगा। हालांकि भारतीय वाणिज्य विभाग निर्यातकों की सहायता के लिए विविध आयामी व्यापार नीति पर कार्य कर रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक के स्तर पर निर्यातकों हेतु नकदी की चुनौतियों से निपटने के उपायों पर विचार हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मूलतः अमेरिका में वस्तुयें भेजने वाले निर्यातकों को शीघ्रातिशीघ्र सहायता उपाय लागू करने का भरोसा दिया है। शासन पहले से चली आ रही योजनाओं को पुनर्जीवित करने व निर्यात संवर्द्धन अभियान को भी शीघ्र लागू करने की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री जापान, चीन की यात्रा पर हैं। वे इस समयावधि में प्रमुख रूप से भारत के उन आर्थिक-व्यापारिक क्षेत्रों के लिए ही नये विकल्प ढूंढने को प्राथमिकता देंगे, जिन्हें अमेरिकी टैरिफ के बाद मंदी का सामना करना पड़ेगा। टैरिफ संकट से निकलने का प्रत्यक्ष एवं आसान उपाय तो यही है कि भारत टैरिफ की चिंताओं व समस्याओं के संबंध में अमेरिका से निरंतर वार्ता करता रहे। अमेरिकी वित्त मंत्री सहित भारत हितैषी कुछ नेताओं द्वारा इस संदर्भ में सकारात्मक



वक्तव्य भी प्रस्तुत किये जा रहे हैं, जो कहीं न कहीं गुप्त रूप से यही इंगित कर रहे हैं कि ट्रंप के राष्ट्रपति पद से हटते ही भारत-अमेरिका के मध्य टैरिफ संकट पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

टैरिफ व्यूह से निकलने के इन तात्कालिक उपायों, आशाओं एवं कार्यों के अतिरिक्त भारत को अपनी भावी आर्थिक स्थितियों को अमेरिका या किसी एक बड़े देश पर आश्रित करने की तुलना में आत्मनिर्भरता तथा स्वदेशी के अर्थबल द्वारा साधना होगा। स्वदेशी अर्थव्यवस्था को कार्यबल देकर भारत टैरिफ की समस्याओं से तात्कालिक मुक्ति पा सकता है। पारंपरिक रूप से मांग व उपभोग आधारित रही अपनी अर्थव्यवस्था को भारत एफएमसीजी यानी फास्ट मूविंग कंज्यूमर प्रोडक्ट के उत्पादन से लेकर अंतिम उपभोग के चरण तक आर्थिक वृद्धि का आधार बना सकता है। इसके लिए भारतीय बाजारों को वस्तु के कम मूल्य से लेकर गुणवत्ता तक का तो ध्यान रखना ही होगा, साथ ही बाजारीकरण के पुराने ढर्रे और ऑनलाइन आपूर्ति शृंखला का सामंजस्य भी बनाये रखना होगा। विभिन्न क्षेत्रों में बड़े विनिर्माणन उद्योगों में निर्मित होने वाले यांत्रिक उत्पादों में लगने वाले छोटे व सहायक उपकरणों हेतु मेक इन इंडिया अभियान को स्टार्ट अप से जोड़कर परिणोन्मुखी व लाभोन्मुखी बनाना होगा। अमेरिका को निर्यात होने वाले हीरे-जवाहरात, वस्त्र, शिल्पकारी की वस्तुओं, डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों व अन्य उत्पाद सामग्रियों के लिए मांग आधारित स्वदेशी व विदेशी, दोनों बाजारों में मूल्य को प्रतिक्षण प्रतिस्पर्द्धी व लचीला रखना होगा। मूल्यह्रास की प्रतिस्पर्द्धा में बने रहकर होने वाली आर्थिक हानि को वस्तुओं व सामग्रियों की मांग में पुनरावृत्ति करके कम करना होगा।


अमेरिका को छोड़ जिन अन्य देशों के साथ भारत का आयात-निर्यात दहाई के प्रतिशत में है, उनके हाई परचेजिंग उपभोक्ताओं में भारतीय उत्पादों व सेवाओं के प्रति विशेष रुचि उत्पन्न करने की दिशा में कार्य करना होगा। अभी ब्रिक्स के दो सदस्य देशों रूस और ब्राजील को भी भारत के निर्यात खरीदार के रूप में स्थापित करने की चुनौती सामने है। विश्व में जनसंख्या में शीर्ष के तीन देशों में तो अमेरिका, चीन समेत स्वयं भारत प्रथम स्थान पर है। शीर्ष दस बड़े आबादी वाले देशों में से पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ भारत के व्यापार संबंध रसातल में पहुंचे हुए हैं। इनके अतिरिक्त ब्राजील, नाइजीरिया, रूस व यूथोपिया के अधिक जनसंख्या वाले देशों तक भी भारतीय एफएमसीजी उत्पादों एवं सेवाओं का प्रसार करना होगा। इन देशों की बड़ी क्रयशक्ति वाले ग्राहकों की रुचि के अनुसार स्वदेशी निर्माण, विनिर्माण व निर्यातकों का यथोचित पूल बनाना होगा। इन तात्कालिक उपायों के अतिरिक्त अनेक दीर्घकालिक उपाय भी हैं, जो भविष्य में भारत की अर्थव्यवस्था को हर संकट, समस्या एवं चुनौती से सुरक्षित रख सकते हैं। जैसे कि प्राकृतिक खेती एवं कृषि। इस क्षेत्र में नवोन्नत प्रगति करके इससे संबंधित खाद्य उत्पादों के सबसे बड़े विक्रेता, निर्यातक व लाभार्जक के रूप में भारत की स्थापना अवश्य हो सकती है, क्योंकि दुनिया में बढ़ते स्वास्थ्य संकट, कृत्रिम व रसायन मिश्रित खाद्यान्नों की प्रचुरता से विश्व के लोग दुःखी हैं। इसी प्रकार भारत के पास आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा की विलक्षण योग्यता है।

इन उपायों के बल पर दुनिया का हरेक व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ करना चाहता है। भविष्य में इस क्षेत्र को भी भारत के अर्थतंत्र का बड़ा आधार स्तंभ बनाया जा सकता है। इन दीर्घकालिक उपायों को अपनाकर भारत भविष्य में अमेरिका हो अथवा कोई अन्य देश, उसके किसी भी टैरिफ युद्ध का प्रतिरोध करने में पूर्णरूपेण सक्षम हो सकेगा

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# गलतियों को खुले मन से स्वीकार करें



संकलित

## दर्शन

कार्य संपन्न होने की प्रक्रिया में कदाचित त्रुटियां रह सकती हैं, भले ही कार्य निष्ठा से किया जाए। अगर कोई आपके किए-कराए में चूक निकाले, उस पर टिप्पणी करे तो नाराज होने के बजाय उसे खुलेमन से स्वीकार करें। वैसे आप गलतियां करने से तभी बच पाएंगे, जब कुछ नहीं करेंगे। अपने अवगुण या खोट को स्वीकार करना श्रेष्ठ मानवीय गुण है। औसत सोच का व्यक्ति ऐसा करने में असमर्थ होता है। अवांछनीय या अनुचित कार्य की अनदेखी का अर्थ है संशोधन के द्वार बंद कर देना। सर्वगुणसंपन्न व्यक्ति तो साक्षात देवता है। भूल-चूक की स्वीकारोक्ति प्रगति की राह में पहला चरण है। इस प्रक्रिया में आप अनेक व्यक्तियों का विश्वास जीतते हैं। जिस सत्य का सामना करने के लिए तैयार नहीं, उसे बदलेंगे कैसे? जिसे अपनी अपूर्णताओं का आभास नहीं वह मूर्ख नहीं, बल्कि दयनीय है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने अवगुणों को दूर नहीं कर सकेगा। जिस सीमा तक हम अपनी अपूर्णताओं और अवांछनीय व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे और समाधान की ओर अग्रसर रहेंगे, उसी अनुपात में हम नैतिक रूप से समृद्ध होंगे। व्यावहारिक जीवन में संयमी, संयत व्यक्ति से भी भूल-चूक हो जाती है। उन्नत सोच का व्यक्ति अपनी भूल को तुरंत स्वीकार कर लेगा। मध्यम सोच वाले को गलती का अहसास तो होगा, वह मन में कुढ़ेगा भी, किंतु लज्जित होने की आशंका से वह गलती को खुलेआम नहीं मानेगा। अपनी छवि के प्रति अत्यंत चौकस अधिसंख्य व्यक्ति अपने गलत कार्य या कथन की वैसी संरक्षा करेंगे जैसे सद्गुण या शील दांव पर हो।

# ऐसे काम न करें, जिनसे गलत संदेश जाता है



संकलित

## प्रेरणा

गुरुजी अपने शिष्यों को नियमित रूप से उपदेश दिया करते थे। एक दिन जब वे उपदेश दे रहे थे, उस समय एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आम लोग तो सभी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन साधु-संतों के लिए इतने कठोर नियम क्यों हैं? परमहंस जी ने शिष्य से कहा कि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनसे समाज को अच्छा संदेश मिलता है। ये बात साधु-संतों को खासतौर पर ध्यान रखनी चाहिए। आम लोग तो समाज में रहकर अनुशासन के साथ सभी काम कर सकते हैं, लेकिन साधु-संत को हर हाल में गलत कामों से दूर ही रहना चाहिए। साधु-संतों को धन का संग्रह नहीं करना चाहिए, सुख-सुविधा पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, संत को क्रोध से भी बचना चाहिए। तभी वे समाज को अच्छा संदेश दे सकते हैं। शिष्य ने फिर पूछा कि साधु-संतों के लिए ही इतने कठिन नियम क्यों हैं? जबकि वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। परमहंस जी ने शिष्य को समझाया कि त्याग का संदेश साधु-संत नहीं देंगे तो और कौन दे सकता है। साधु-संत अपने ज्ञान और कर्म से समाज को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देते हैं। साधु-संत हमें बताते हैं कि हमें किसी भी चीज का मोह नहीं रखना चाहिए, त्याग की भावना रखेंगे तो कभी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परमहंस जी ने साधु-संतों के माध्यम से संदेश दिया है कि अगर हम घर-परिवार और समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं तो हमें इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए।

## सोरहिया मेला

वाराणसी में 16 दिनों तक चलने वाले सोरहिया मेले के दौरान लोग अनुष्ठान करते हुए।



## आज की पाती

### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा। आज नहीं तो कल हर कोई इसका शिकार होगा। यह एक चुनौती भी है। सभी को सचेत रहना होगा।

*- विकास लाहोटी, रायगढ़*

## ट्रेंड

### 'प्रतिभा सेतु' प्लेटफार्म



यूपीएससी की अलग-अलग परीक्षाओं में जो होनहार प्रतिभागी आखिरी मेरिट लिस्ट का हिस्सा नहीं बन पाते, उनके लिए 'प्रतिभा सेतु' डिजिटल प्लेटफार्म बनाया गया है। यह बहुत खुशी की बात है कि इसकी मदद से उन्हें नए अवसर मिलने लगे हैं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### निर्यात में गिरावट की आशंका



अमेरिकी टैरिफ से निर्यात में गिरावट की आशंका के कारण राजस्थान के हैंडीक्राफ्ट निर्यातक भी परेशान हैं। इसका सीधा असर प्रदेश की अर्थव्यवस्था एवं कारीगरों एवं श्रमिकों के रोजगार पर भी पड़ेगा। केंद्र सरकार इस चुनौती से निपटने के लिए जल्द ठोस कदम उठाने होंगे।

**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### चीन पर निर्भरता



चीन से आने वाले सामानों पर जिस तरह भारत की निर्भरता बढ़ती जा रही है, उसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारखानों और दुकानों के लगातार घटते जा रहे काम-कारोबार पर पड़ा है। इससे बेरोजगारी भी बेतहाशा बढ़ रही है।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### संवैधानिक ज़िम्मेदारी



गुजरात में भी बड़े पैमाने पर वोटों में धांधली का पर्दाफाश हुआ है। चुनाव आयोग ऐसे मामलों पर प्रतिक्रिया देने व उनकी जाँच करने की अपनी संवैधानिक ज़िम्मेदारी निभाएगा या फिर यूँ ही चुपचाप बैठा रहेगा?

**-जयराम रमेश, सांसद, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

# मैक्रों के फैसले से इजराइल और अमेरिका हुए नाराज



फलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने के फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निर्णय के बाद अन्य पश्चिमी देशों ने भी इसी प्रकार के कदम उठाए जिसे लेकर इजराइल और उसके सहयोगी अमेरिका में नाराजगी है। इस फैसले ने गाजा में जारी विनाशकारी युद्ध को समाप्त करने के कूटनीतिक प्रयासों के केंद्र में दो-राष्ट्र समाधान को एक बार फिर से ला खड़ा किया। पिछले सप्ताह इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लिखे एक पत्र में राष्ट्रपति मैक्रों ने लिखा, "फलस्तीनी जनता को उनका अपना राष्ट्र दिलाने के हमारे संकल्प की जड़ें इस विश्वास से जुड़ी हैं कि स्थायी शांति इजराइल की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। मैक्रों ने कहा, फ्रांस के कूटनीतिक प्रयास गाजा में उस भयावह मानवीय आपदा पर हमारे आक्रोश से उत्पन्न हुए हैं, जिसका कोई औचित्य नहीं हो सकता। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सात अक्टूबर 2023 को हमास के नेतृत्व में इजराइल पर हमले के साथ शुरू हुए युद्ध में अब तक 63,000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और माल्टा ने कहा है कि वे 23 सितंबर से शुरू हो रही संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक के दौरान फलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने के अपने संकल्प को औपचारिक रूप देंगे।

## ऑफ बीट

# एआई को प्रशिक्षित करने का डेटा खत्म हो सकता है




जैसे-जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अपनी लोकप्रियता के चरम पर पहुंच रही है, शोधकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि उद्योग में प्रशिक्षण डेटा खत्म हो सकता है - वह ईंधन जो शक्तिशाली एआई सिस्टम चलाता है। यह एआई मॉडल, विशेष रूप से बड़े भाषा मॉडल के विकास को धीमा कर सकता है, और एआई क्रांति के प्रक्षेपवक्र को भी बदल सकता है। लेकिन वेब पर डेटा की मात्रा को देखते हुए, डेटा की संभावित कमी एक मुद्दा क्यों है? और क्या जोखिम से निपटने का कोई तरीका है? एआई के लिए उच्च गुणवत्ता वाला डेटा क्यों महत्वपूर्ण है? शक्तिशाली, सटीक और उच्च गुणवत्ता वाले एआई एल्गोरिदम को प्रशिक्षित करने के लिए हमें बहुत सारे डेटा की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, चैटजीपीटी को 570 गीगाबाइट टेक्स्ट डेटा या लगभग 300 अरब शब्दों पर प्रशिक्षित किया गया था। इसी तरह, स्थिर प्रसार एल्गोरिथ्म (जो डीएएलएल-ई, लेंसा और मिडजर्नी जैसे कई एआई छवि-जनरेटिंग ऐप्स के पीछे है) को 5.8 अरब छवि-पाठ जोड़े वाले एलआईएओएन-5बी डेटासेट पर प्रशिक्षित किया गया था। यदि किसी एल्गोरिदम को अपर्याप्त मात्रा में डेटा पर प्रशिक्षित किया जाता है, तो यह गलत या निम्न गुणवत्ता वाले आउटपुट उत्पन्न करेगा।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में तकनीक रही अहम, भारत की अंतरिक्ष उड़ान प्रेरणादायी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 125वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने हाल ही में उत्तर भारत में आई बाढ़ और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र किया और कहा कि संकट की घड़ी में देश ने आधुनिक तकनीक और संसाधनों का प्रभावी उपयोग किया।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 125वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने हाल ही में उत्तर भारत में आई बाढ़ और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र किया और कहा कि संकट की घड़ी में देश ने आधुनिक तकनीक और संसाधनों का प्रभावी उपयोग किया। पीएम ने कहा कि संकट के समय जवानों ने थर्मल कैमरे, लाइव डिटेक्टर, स्निफर डॉग और ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया। हेलीकॉप्टरों से राहत सामग्री पहुंचाई गई और घायलों को एयरलिफ्ट किया गया। इससे राहत कार्यों की गति तेज हुई। उन्होंने बताया कि इन संसाधनों ने हजारों लोगों की जिंदगी बचाने में मदद की।

**मन की बात के125 वें एपिसोड में बोले पीएम मोदी**



आपदा में देश ने आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया

### एनडीआरएफ- एसडीआरएफ को सराहा

पीएम मोदी ने कहा कि मानसून ने देश की कठिन परीक्षा ली है। कई जगह बाढ़ और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई। कहीं घर और खेत बह गए, तो कहीं पुल और सड़कें टूट गईं। परिवार उजड़ गए और लोगों की जिंदगी संकट में फंस गई। लोगों का दर्द हम सबका दर्द है। उन्होंने राहत और बचाव कार्य में जुटी एजेंसियों और नागरिकों की सराहना की। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना और सुरक्षा बलों ने लगातार दिन-रात काम किया। स्थानीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता, डॉक्टर और प्रशासन ने भी हर संभव योगदान दिया। हर नागरिक ने इस कठिन समय में मानवता को सबसे ऊपर रखा। इसके लिए मैं सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

### बिहार की 'सोलर दीदी' का किया जिक्र

पीएम मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में बिहार के मुजफ्फरपुर जिले की एक महिला देवकी देवी का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि कैसे देवकी देवी ने सौर ऊर्जा की मदद से अपने गांव की तकदीर बदल दी। आज वह न सिर्फ अपने लिए, बल्कि अपने आस-पास के कई किसानों के लिए भी पानी का इंतजाम कर रही हैं। लोग उन्हें प्यार से 'सोलर दीदी' कहते हैं।

### भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों पर गर्व जताया

पीएम मोदी ने भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों पर गर्व जताया। उन्होंने कहा कि इस समय सबकी निगाहें अंतरराष्ट्रीय स्पेस सेंटर पर भी हैं। भारत ने एक नया इतिहास रचा है। इस संदर्भ में उन्होंने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से अपनी हालिया बातचीत का जिक्र किया, जो इस समय अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### मध्य प्रदेश के शहडोल में फुटबॉल क्रांति पर भी की बात

इस दौरान उन्होंने मध्य प्रदेश के शहडोल में फुटबॉल क्रांति का जिक्र किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि कुछ समय पहले उन्होंने मध्य प्रदेश के शहडोल में फुटबॉल क्रांति का जिक्र किया था। जर्मनी के एक बड़े कोच ने इस पहल को देखा और अब शहडोल के खिलाड़ियों को जर्मनी में ट्रेनिंग देने की इच्छा जताई है।

### यूपीएससी कुछ नंबर से फेल युवाओं को मिल रही नौकरी

पीएम मोदी ने 'प्रतिभा सेतु' पहल का जिक्र किया है। यह पहल खासतौर पर उन उम्मीदवारों के लिए है, जो यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षाओं में लिखित और इंटरव्यू जैसे सभी चरण पार कर लेते हैं, लेकिन फाइनल मेरिट लिस्ट में नाम न आने से सपनों से कुछ कदम दूर रह जाते हैं. ।पीएम मोदी ने कहा कि देश की यह प्रतिभा यूं ही व्यर्थ नहीं जानी चाहिए, बल्कि उन्हें एक और मौका मिलना चाहिए। 'प्रतिभा सेतु' न केवल एक डिजिटल डेटाबैंक है, बल्कि यह उस भरोसे का भी प्रतीक है कि संघर्ष करने वाले हर युवा की मेहनत को पहचाना जाएगा। जो उम्मीदवार मेरिट लिस्ट में कुछ अंकों से चूक गए थे, वे भी अपनी क्षमता के हिसाब से नए अवसर पा सकेंगे।

## अहमदाबाद में शहरी स्वास्थ्य केंद्र का गृह मंत्री शाह ने किया उद्घाटन

# लोगों को सभी बुनियादी व विशेष स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी, आसानी से मिलेगा इलाज



**विशेष चिकित्सकों से लोगों को होगा लाभ**

### घाटलोडिया में 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधरोपण अभियान का नेतृत्व भी किया



सभी को गहरा संदेश भी दिया

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इसी दिन गृह मंत्री अमित शाह ने गोता वार्ड में बने शहरी स्वास्थ्य केंद्र का भी उद्घाटन किया। लगभग 3.84 करोड़ की लागत से बने इस केंद्र में लोगों को सभी बुनियादी और विशेष स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। अहमदाबाद नगर निगम के अनुसार, इस तरह यह स्वास्थ्य केंद्र गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। खासतौर पर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को अब अपने इलाके में ही विशेषज्ञ डॉक्टर और जरूरी इलाज आसानी से मिल सकेगा। उन्होंने और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने घाटलोडिया वार्ड में 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत पौधरोपण अभियान का नेतृत्व किया। यह कार्यक्रम अहमदाबाद नगर निगम की तरफ से आयुष्मान वन में आयोजित किया गया था।

### सभी रोगों का भी होगा यहां पर उपचार

इसमें आयुष्मान भारत योजना कार्ड, अभा कार्ड जैसी योजनाओं से जुड़ी सेवाएं, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना और जननी सुरक्षा योजना जैसी मातृ कल्याण योजनाओं का लाभ, महिलाओं की बीमारियों का इलाज व परामर्श, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए विशेष सुविधा शामिल हैं। नवजात शिशुओं और बच्चों के लिए जांच, इलाज और टीकाकरण के साथ-साथ गंभीर बीमारियों की जांच व पहचान- जैसे ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कैंसर इत्यादि की सुविधा मौजूद है। यहां संक्रामक बीमारियों की समय पर पहचान और इलाज, ममता दिवस कार्यक्रम के तहत महिलाओं और बच्चों के पोषण व स्वास्थ्य पर ध्यान, प्रयोगशाला जांच, दवाइयों की सुविधा और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी परामर्श सेवाएं पर उपलब्ध हैं।

### मकसद...पर्यावरण की सुरक्षा और हरियाली को बढ़ावा

पौधरोपण का मकसद है कि पर्यावरण की सुरक्षा और हरियाली दोनों को बढ़ावा मिल सके। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि यह अभियान न केवल पर्यावरण को बचाने का काम करेगा बल्कि लोगों के दिलों को अपनी मां से जोड़ते हुए एक भावनात्मक संदेश भी देगा। शाह ने कहा कि यह पहल समाज को प्रकृति और पारिवारिक मूल्यों से जोड़ने वाली है।

**बिहार चुनाव को लेकर दिल्ली में बुलाई अहम बैठक**

## 3 सितंबर को दोनों डिप्टी सीएम

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली में 3 सितंबर को अहम बैठक बुलाई है. ।इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के महासचिव विनोद तावड़े, सह प्रभारी दीपक प्रकाश, बिहार के दोनों डिप्टी सीएम विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी समेत एनडीए के नेता शामिल होंगे इस बैठक में एनडीए के सीट बंटवारे पर भी चर्चा की जा सकती है. इस बैठक में आगामी बिहार चुनाव को लेकर एनडीए की महत्वपूर्ण रणनीतियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। साथ ही बैठक में संगठन की चुनावी तैयारियां, बूथ मैनेजमेंट और पार्टी का सामाजिक समूहों तक पहुंचने जैसे विषयों पर चर्चा की जा सकती है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संभावित यात्राओं को लेकर भी चर्चा की संभावना है, ताकि गठबंधन की साख को और मजबूत किया जा सके।

### 2 दिनी दौरे पर पहुंचे किश्तवाड़ बारिश से आफत का लेंगे जायजा

किश्तवाड़। जम्मू-कश्मीर में मूसलधार बारिश के चलते स्थिति का जायजा लेने गृहमंत्री शाह 2 दिनी दौरे पर जम्मू पहुंचे। बारिश से अब तक 110 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, कई लापता बताए जा रहे हैं। शाह कटड़ा में वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर का दौरा कर सकते हैं और किश्तवाड़ का हवाई सर्वेक्षण भी करेंगे। यह दौरा ज़मीनी हालात की सीधी जानकारी लेने के लिए है।

### उच्चस्तरीय बैठक में होगी स्थिति की समीक्षा

गृह मंत्री जम्मू स्थित राजभवन में एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, प्रशासनिक अधिकारी और शीर्ष पुलिस अधिकारी शामिल होंगे। राहत कार्यों की प्रगति, बचाव अभियानों की स्थिति और पुनर्वास की योजना पर विस्तृत जानकारी प्राप्त करेंगे।

## बिहार चुनाव में बसपा अकेले चुनाव लड़ेगी



**लखनऊ।** बिहार में मायावती ने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। मायावती ने बिहार चुनाव की जिम्मेदारी अपने भतीजे आकाश आनंद को सौंपी है।कुछ दिन पहले ही मायावती ने आकाश आनंद को बीएसपी का राष्ट्रीय संयोजक बनाया था। उन्हें अब बिहार की जिम्मेदारी दी है। वे बिहार स्टेट यूनिट इसकी जिम्मेदारी संभालेंगे।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अंकित उर्फ हकला, पुत्रः** श्री रामजी लाल, **पताः** मकान नं. 113, गली नं. 3, गली बूटवाली, नांगलोई, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 67/2023 U/s 380/411 IPC, थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंकित उर्फ हकला** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंकित उर्फ हकला** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 67/2023 U/s 380/411 IPC, थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अंकित उर्फ हकला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री शशांक नंदन भट्ट
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–02
कमरा नं. 356, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/11617/WD/2025
(Court Matter)


अंसारी ने रायफल क्लब में विद्युत समिति की बैठक में कहा

# हिंदू धर्म के लिए संघ को बताया सबसे बेहतर, सीख लेने पर भी दिया जोर

## अफजाल ने की आरएसएस प्रमुख डॉ.भागवत की तारीफ

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

समाजवादी पार्टी से सांसद अफजाल अंसारी अक्सर पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हैं।शनिवार को उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डॉ.मोहन भागवत की तारीफ की। उन्होंने कहा कि लोगों को उनसे सीख लेनी चाहिए। अंसारी रायफल क्लब में विद्युत समिति की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। अंसारी ने कहा कि आरएसएस के 3 दिनी शिविर के बाद भागवत ने महसूस किया है कि देश में एकता और भाईचारे की जरूरत है और नफरत का कारोबार बंद होना चाहिए। सपा सांसद ने तारीफ करते हुए कहा, "हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व करने के लिए संसार में आरएसएस से बढ़कर कोई प्लेटफार्म नहीं है।

### धर्मगुरु भी संघ प्रमुख के वक्तव्य का स्वागत करें



अंसारी ने कहा कि मैं भागवत की बातों का स्वागत करता हूं। अन्य धर्मों के धर्मगुरुओं से भी अपील है कि वे संघ प्रमुख के वक्तव्य का स्वागत करें। बिना नाम लिए भाजपा के बड़े नेताओं पर भी टिप्पणी की और कहा कि जिसके पास अपना परिवार नहीं होता, वह दूसरों के परिवार का दर्द क्या ही समझेगा।

**टेक्सटाइल इंडस्ट्री में 30 लाख लोग होंगे बेरोजगार**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने पर अंसारी ने कहा कि ट्रंप के टैरिफ से टेक्सटाइल मिलें बंद हो रही हैं। इससे टेक्सटाइल इंडस्ट्री में 30 लाख लोग बेरोजगार हो जाएंगे।

### पहलगाम हमले का भी किया जिक्र

अंसारी ने पहलगाम घटना का जिक्र करते हुए कहा कि शुरुआत अच्छी थी, लेकिन अंत शर्मनाक रहा। ट्रंप ने अमेरिका में बैठकर सीजफायर का ऐलान कर दिया और भारत-पाकिस्तान ने इसे स्वीकार कर लिया। विदेश नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि दुनिया का कोई भी देश खुलकर भारत के पक्ष में नहीं बोल रहा है। उन्होंने कि कि अडाणी को बचाने सरकार चुप है।

## बरसाना में राधारानी का अभिषेक दर्शन करने उमड़ी भीड़

राधारानी का जन्मोत्सव मनाया

# श्रद्धालुओं की भीड़ ने तोड़ा बैरियर, 3 श्रद्धालु चोटिल

## वृषभान दुलारी का अभिषेक किया, भक्तिगीत और आतिशबाजी में डूबे लोग

एजेंसी ▶▶ बरसाना

मथुरा के बरसाना में श्रीराधारानी का जन्मोत्सव से धूमधाम से मनाया गया, ब्रह्म मुहूर्त में श्रीराधा रानी का पंचामृत से रविवार को सुबह चार बजे अभिषेक किया गया। दूध, दही, शहद, इत्र आदि का पंचामृत तैयार किया गया जिससे राधा रानी का अभिषेक किया गया। राधारानी के जन्म के दौरान पुलिस प्रशासन ने बैरियर लगाकर भीड़ को रोक रखा था, लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ ने पुलिस का बैरियर तोड़कर भागने लगे। इस दौरान 3 लोग चोटिल हो गए। । हालैंकि किसी बड़े हादसे को नहीं होने दिया। तुरंत गिरे लोहे के बैरियर को हटा दिया।

### संपूर्ण नगर भक्ति रस में डूब गया



लाडली जू के महल की ओर जाते श्रद्धालुओं के मुख पर बधाई गीत थे और यह दृश्य मानो संपूर्ण नगर को भक्ति-रस में डुबो रहा था। सखियां भी श्रृंगार कर आल्हा और बधाई पदों पर थिरक उठीं, महिलाएं पद गातीं तो बच्चे ढोलक-करतल की ताल पर झूमते नजर आए। इस बार अनूठी बात यह रही की इस बार राधा रानी के जन्मोत्सव के पूर्व संध्या पर बरसाना में भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया गया।

### देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आए

राधा रानी का नाम मूला भी है क्योंकि उनका जन्म मूल नक्षत्र में हुआ था, उसके लिए 27 तीर्थ का जल 27 कुओं का जल , 27 तीर्थ की रज और 27 वृक्षों के पत्ते लाए गए,मूल शांति की गई। पूरी रात बधाई गायन चला इस आनंद को लूटने के लिए देश-विदेश से लाखों की श्रद्धालु संख्या में श्रद्धालु बरसाना पहुंचे।

**2 बजे रात्रि से ही उमड़ने लगे थे श्रद्धालु**

वृषभान दुलारी के अभिषेक दर्शनों के लिए रात्रि दो बजे से ही श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ने लगा। इस दौरान पीली कोठी से लेकर कटारा पार्क तक जगह जगह पुलिस प्रशासन ने बैरियर लगाकर श्रद्धालुओं की भीड़ को रोक रखा था।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

आगामी त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**04203/04204 लखनऊ – नई दिल्ली – लखनऊ आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 04203 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04204 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:05 | लखनऊ | 06:35 | --- |
| 18:30 | --- | नई दिल्ली | --- | 20:20 |

चलने के दिन : **04203 लखनऊ** तथा **04204 नई दिल्ली** से दिनांक 22.09.2025 से 24.11.2025 तक (प्रत्येक सोमवार)
ठहराव : शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04008/04007 आनंद विहार (ट) – जोगबनी – आनंद विहार (ट) आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 22 फेरे

| गाड़ी सं. 04008 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04007 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:30 | आनंद विहार (ट) | 03:00 | --- |
| 17:00 | --- | जोगबनी | --- | 18:30 |

चलने के दिन : **04008 आनंद विहार (ट)** से दिनांक 20.09.2025 से 29.11.2025 तक (प्रत्येक शनिवार) तथा **04007 जोगबनी** से दिनांक 21.09.2025 से 30.11.2025 तक (प्रत्येक रविवार)
ठहराव : गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, आलम नगर, उत्तरेटिया जं., रायबरेली जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा जं., सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया जं., अररिया कोर्ट एवं फारबिसगंज स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04010/04009 दिल्ली जं. – सीतामढ़ी – दिल्ली जं. आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 18 फेरे

| गाड़ी सं. 04010 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04009 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:05 | दिल्ली जं. | 23:58 | --- |
| 22:30 | --- | सीतामढ़ी | --- | 23:55 |

चलने के दिन : **04010 दिल्ली जं.** से दिनांक 02.10.2025 से 27.11.2025 तक (प्रत्येक गुरुवार) तथा **04009 सीतामढ़ी** से दिनांक 03.10.2025 से 28.11.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार)
ठहराव : गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., गोरखपुर, बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनियाँ स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य।

**04022/04021 नई दिल्ली – गोरखपुर – नई दिल्ली आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 04022 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04021 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:00 | नई दिल्ली | 23:10 | --- |
| 05:00 | --- | गोरखपुर | --- | 07:00 |

चलने के दिन : **04022 नई दिल्ली** से दिनांक 19.09.2025, 03, 10, 17, 24, 31.10.2025, 07, 14, 21 एवं 28.11.2025 (प्रत्येक शुक्रवार) तथा **04021 गोरखपुर** से दिनांक 20.09.2025, 04, 11, 18, 25.10.2025, 01, 08, 15, 22 एवं 29.11.2025 (प्रत्येक शनिवार)
ठहराव : गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं., गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04060/04059 आनंद विहार (ट) – जयनगर – आनंद विहार (ट) आरक्षित सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 04060 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04059 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 09:00 | आनंद विहार (ट) | 08:40 | --- |
| 07:30 | --- | जयनगर | --- | 10:00 |

चलने के दिन : **04060 आनंद विहार (ट)** से दिनांक 25.09.2025 से 27.11.2025 तक (प्रत्येक गुरुवार) तथा **04059 जयनगर** से दिनांक 26.09.2025 से 28.11.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार)
ठहराव : कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं एवं मधुबनी स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04070/04069 आनंद विहार (ट) – राजगीर – आनंद विहार (ट) आरक्षित सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 04070 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04069 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 00:20 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | --- |
| 19:50 | --- | राजगीर | --- | 23:30 |

चलने के दिन : **04070 आनंद विहार (ट)** से तथा **04069 राजगीर** से दिनांक 26.09.2025 से 28.11.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार)
ठहराव : गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्र नगर टर्मिनल, बख्तियारपुर जं., बिहार शरीफ जं. एवं नालंदा स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।

**04064/04063 दिल्ली जं. – भागलपुर – दिल्ली जं. आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 04064 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04063 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 11:00 | दिल्ली जं. | 15:30 | --- |
| 10:30 | --- | भागलपुर | --- | 13:40 |

चलने के दिन : **04064 दिल्ली जं.** से दिनांक 23.09.2025 से 25.11.2025 तक (प्रत्येक मंगलवार) तथा **04063 भागलपुर** से दिनांक 24.09.2025 से 26.11.2025 तक (प्रत्येक बुधवार)
ठहराव : अलीगढ़ जं., टुण्डला जं, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, रफी गंज, गया जं., तिलैया, नवादा, वारिसली गंज, शेखपुरा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर एवं सुलतानगंज स्टेशन।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

**04525/04526 सहारनपुर जं. – अम्बाला कैंट – सहारनपुर जं. अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 142 फेरे

| गाड़ी सं. 04525 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04526 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 04:40 | सहारनपुर जं. | 22:30 | --- |
| 06:45 | --- | अम्बाला कैंट | --- | 20:20 |

चलने के दिन : **04525 सहारनपुर जं.** से तथा **04526 अम्बाला कैंट** से दिनांक 21.09.2025 से 30.11.2025 तक (प्रतिदिन)
ठहराव : पिलखनी, सरसावा, कलानौर, यमुनानगर जगाधरी, जगाधरी वर्कशॉप, दराज़पुर, मुस्तफाबाद, बराड़ा, तंदवाल, केसरी एवं दुखेड़ी स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

**04219/04220 शाहगंज – अयोध्या धाम – शाहगंज अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 142 फेरे

| गाड़ी सं. 04219 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04220 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 22:35 | शाहगंज | 04:40 | --- |
| 01:40 | --- | अयोध्या धाम | --- | 02:10 |

चलने के दिन : **04219 शाहगंज** से तथा **04220 अयोध्या धाम** से दिनांक 21.09.2025 से 30.11.2025 तक (प्रतिदिन)
ठहराव : मालीपुर, अकबरपुर एवं गोशाईंगंज स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### बिकवाली से बीते सप्ताह तेल-तिलहनों के दाम टूटे



**नई दिल्ली।** त्योहारी मांग होने के बावजूद आयात की लागत से कम दाम पर बिकवाली के कारण घरेलू बाजार में सरसों, मूंगफली एवं कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तेल तथा बिनौला तेल के दाम हानि दर्शाते बंद हुए। भारत में शुल्क अंतर बढ़ाये जाने के बीच मलेशिया में सीपीओ से पामोलीन तेल का दाम 4.5 रुपये किलो सस्ता है।

### ईवी दोपहिया की पहुंच वर्ष 2031 तक 40 फीसदी होगी



**नई दिल्ली।** एथर एनर्जी लिमिटेड ने कहा कि भारत में वित्त वर्ष 2030-31 तक इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत तक हो सकती है। कंपनी ने बताया कि इस समय तक कुल दोपहिया वाहन उद्योग आठ प्रतिशत की दर से बढ़ते हुए सालाना 3-3.1 करोड़ इकाइयों तक पहुंच सकता है।

### आईओसी के प्रोजेक्ट स्प्रिंट के नतीजे दिखने शुरू




**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के 'प्रोजेक्ट स्प्रिंट' ने रिफाइनरियों में बेहतर परिचालन प्रदर्शन के साथ परिणाम दिखाना शुरू कर दिया है और कंपनी ईंधन खुदरा विस्तार में नेतृत्व की स्थिति फिर से हासिल कर रही है। कंपनी के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी ने यह जानकारी दी।

### फैशन उद्योग में बिड़ला समूह अवसरों का लाभ उठाने तैयार

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह के चेयरपर्सन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि समूह भारतीय फैशन उद्योग में उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार है। एबीएफआरएल और एबीएलबीएल को वृद्धि का दोहरा इंजन बताया। अगले पांच वर्षों में 2,500 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 4,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है।

# आज से इंडेक्स डेरिवेटिव्स के लिए क्वांटिटी फ्रीज लिमिट में होगा बदलाव

एजेंसी ⏭ मुंबई

- बैंक निफ्टी 900 पर, निफ्टी 50 1,800 पर, फ्रिज लीमिट लागू किया गजा

इंडेक्स डेरिवेटिव्स में एक सितंबर, 2025 से महत्वपूर्ण बदलाव होने जा रहा है, जिसमें क्वांटिटी फ्रीज लिमिट में फेयरबदल किया गया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने इंडेक्स डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट के लिए क्वांटिटी फ्रीज लिमिट को संशोधित किया है, जो 1 सितंबर, 2025 से प्रभावी होगी। 29 अगस्त को जारी एक सर्कुलर के माध्यम से परिवर्तनों को अधिसूचित किया गया। संशोधित फ्रेमवर्क के अनुसार प्रमुख सूचकांकों के लिए लागू फ्रीज लिमिट इस प्रकार होंगी। बैंक निफ्टी 900 पर, निफ्टी 50 1,800 पर, फिननिफ्टी 1,800 पर, निफ्टी मिडकैप सेलेक्ट 2,800 पर और निफ्टी नेक्स्ट 50 600 पर फ्रीज़ लिमिट होगी। 1 जुलाई से प्रभावी पहले के सर्कुलर के तहत कुछ सूचकांकों के लिए लिमिट कम थीं। बैंक निफ्टी 600 पर, निफ्टी 1,800 पर, फिननिफ्टी 1,800 पर, मिडकैप निफ्टी 2,800 पर, और निफ्टी नेक्स्ट 50 600 पर लिमिट फ्रीज़ थी।

## 29 अगस्त को एक सर्कुलर के माध्यम से परिवर्तनों को सूचित किया गया

### ट्रेडर्स सीधे प्रभावित हो सकते हैं

ये लिमिट फ्यूचर एंड ऑप्शन सेगमेंट में ट्रेड करने वाले बड़े ट्रेडर्स को सीधे तौर पर प्रभावित करेंगी, क्योंकि इसके अनुसार उन्हें अपनी ट्रेडिंग क्वांटिटी के अनुसार बदलाव करने होंगे। हालांकि थोड़े बहुत एडजस्टमेंट के बाद सबकुछ पुरानी लिमिट की तरह की मैनेज होने लगेगा, लेकिन क्वांटिटी पर नई फ्रीजिंग लिमिट के साथ अपने ट्रेड एक्सिक्यूशन को समझने में एक दो दिन लग सकते हैं। ट्रेड्र्स के लिए यह कोई बहुत बड़ा बदलाव नहीं है।




### संशोधन ऑर्डर साइज को बढ़ाता है

ताज़ा संशोधन प्रभावी रूप से बैंक निफ्टी फ्यूचर और ऑप्शन के लिए स्वीकार्य ऑर्डर साइज़ को बढ़ाता है, जबकि अन्य कॉन्ट्रैक्ट के लिए फ्रीज लिमिट को बरकरार रखता है। क्वालिटी लिमिट गलत या असामान्य रूप से बड़े ऑर्डर को रोकने के लिए एक सुरक्षा उपाय के रूप में कार्य करती हैं जो बाजार की स्थिरता को बाधित कर सकते हैं। फ्यूचर एंड ऑप्शन कॉन्ट्रैक्ट में अधिकतम ऑर्डर साइज़ की लिमिट निर्धारित करके एक्सचेंज 'फैट फिंगर' ट्रेडों के जोखिम को कम करने और डेरिवेटिव बाजार के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने का प्रयास करता है।

### डेरिवेटिव्स के सभी ट्रेड पर लागू होगी

एनएसई ने अपने ट्रेडिंग में मेंबर्स को प्रभावी तारीख से पहले अपने सिस्टम को संशोधित कॉन्ट्रैक्ट डिटेल्स से अपडेट करने की सलाह दी है। अपडेट की गई कॉन्ट्रैक्ट फ़ाइलें एक्सचेंज के एक्स्ट्रानेट सर्वर के साथ-साथ इसकी आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं। संशोधित लिमिट 1 सितंबर से इंडेक्स डेरिवेटिव्स के सभी ट्रेड पर लागू होंगी।

## पाकिस्तान की सीमा के पास विशाल बंजर भूमि पर बना केंद्र

# कच्छ में स्वच्छ ऊर्जा का नया केंद्र शुरू अंबानी-अदाणी ने किया अरबों का निवेश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

गुजरात के कच्छ रण में पाकिस्तान की सीमा के पास की एक विशाल बंजर भूमि भारत की स्वच्छ ऊर्जा महत्वाकांक्षाओं का केंद्र बन गई है, जिसने उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी से कई अरब डॉलर का निवेश आकर्षित किया है। पाकिस्तान सीमा के पास के इस सूखे और बंजर इलाके के लिए सबसे पहले अदाणी समूह ने अपनी बड़ी योजनाओं का ऐलान किया था।

अदाणी का खावड़ा नवीकरणीय ऊर्जा पार्क 538 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है, जो पेरिस शहर से करीब पांच गुना बड़ा है। इसे दुनिया की सबसे बड़ी हरित ऊर्जा परियोजना बताया जा रहा है, जिसका लक्ष्य सौर और पवन ऊर्जा के जरिए 30 गीगावाट बिजली पैदा करना है। अदाणी समूह ने खावड़ा में 2022 में काम शुरू किया था और फरवरी 2024 तक राष्ट्रीय ग्रिड में पहली बिजली की आपूर्ति भी शुरू कर दी।

### *2100 किलोवाट घंटे प्रतिवर्ष मिलती है सौर ऊर्जा*

*कच्छ में अरबों डॉलर का निवेश आकर्षित होने का मुख्य कारण यह है कि यह भारत के उन क्षेत्रों में से एक है जहां सबसे अधिक सौर विकिरण (सोलर रेडिएशन) मिलता है। यहां प्रतिदिन औसतन 5.5 से 6.0 किलोवाट-घंटे प्रति वर्ग मीटर सौर ऊर्जा प्राप्त होती है (लगभग 2,060 से 2,100 किलोवाट-घंटे प्रति वर्ष)। यहां साल भर में 300 से अधिक दिन धूप वाले होते हैं, जिससे यह क्षेत्र निरंतर और बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए बेहद उपयुक्त बन जाता है।*



- सबसे पहले अदाणी समूह ने बड़ी परियोजना का किया था ऐलान
- खावड़ा नवीकरणीय ऊर्जा पार्क 538 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ
- इसे दुनिया की सबसे बड़ी हरित ऊर्जा परियोजना बताया जा रहा

### दुनिया की सबसे तेज सौर ऊर्जा स्थापनाओं में से एक

परियोजना के चरम समय में हम हर दिन 55 मेगावाट के सोलर मॉड्यूल और 150 मेगावाट-घंटे के बैटरी कंटेनर स्थापित करेंगे। यह दुनिया की सबसे तेज सौर ऊर्जा स्थापनाओं में से एक होगी। यह एकल स्थल आने वाले दशक में भारत की लगभग 10 प्रतिशत बिजली की जरूरतों को पूरा कर सकता है। उन्होंने जिस तरह से अपनी परियोजना का ब्यौरा दिया, उससे यह साफ लगा कि वह इसकी तुलना अदाणी समूह की परियोजना से नहीं करना चाहते थे।

### बंजर भूमि के कारण लागत घटी

कच्छ में बड़े पैमाने पर फैली बंजर और अनुपजाऊ जमीन है, जो यूटिलिटी-स्केल (बड़े स्तर की) सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए बेहद उपयुक्त मानी जाती है। चूंकि यह जमीन कम आबादी वाले इलाकों में है और कृषि कार्य के लिए उपयोग में नहीं आती, इसलिए यहां लोगों के विस्थापन की समस्या बहुत कम होती है और भूमि अधिग्रहण की लागत भी काफी हद तक घट जाती है।

### सौर मॉड्यूल व पवन टर्बाइन बनाने का काम शुरू

अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के अनुसार वहां 5.6 गीगावाट की क्षमता पहले से ही चालू हो चुकी है और 2029 तक यह 30 गीगावाट तक पहुंच जाएगी। दोनों समूहों की योजनाएं सिर्फ बिजली बनाने तक सीमित नहीं हैं। वे सौर मॉड्यूल, बैटरी और हरित हाइड्रोजन जैसे उपकरण भी खुद बनाना चाहते हैं। इस मामले में भी अदाणी समूह फिलहाल आगे हैं, जिसने सौर मॉड्यूल और पवन टर्बाइन बनाने का काम शुरू कर दिया है।

# आरबीआई को निजी पूंजीगत व्यय बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ⏭ मुंबई




- व्यय 21.5 फीसदी बढ़कर 2 .67 लाख करोड़ होने की उम्मीद
- बुनियादी ढांचा क्षेत्र अब भी पूंजी निवेश आकर्षित कर रहा

मजबूत घरेलू आर्थिक स्थिति और ब्याज दरों में एक प्रतिशत की कटौती से वित्त वर्ष 2025-26 में निजी क्षेत्र का पूंजी निवेश 21.5 प्रतिशत बढ़कर 2.67 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।
भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अगस्त बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में यह बात कही गई।

'निजी कॉरपोरेट निवेश: 2024-25 में वृद्धि एवं 2025-26 के लिए संभावनाएं' शीर्षक वाले इस लेख में कहा गया कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारतीय कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत मजबूत बहीखाते, बेहतर नकदी भंडार, बढ़ी हुई लाभप्रदता और वित्तपोषण के विविध स्रोतों तक बेहतर पहुंच के साथ की है।

लेख में यह भी बताया गया कि सरकार की ओर से बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने वाली नीतियां, लगातार घटती महंगाई, कम ब्याज दरें, बाजार में पर्याप्त नकदी की उपलब्धता और उद्योगों द्वारा क्षमता उपयोग में वृद्धि जैसे कारक देश में निजी निवेश के लिए अनुकूल माहौल बना रहे हैं। यह लेख निजी कंपनियों द्वारा घोषित पूंजीगत व्यय योजनाओं के चरणबद्ध आंकड़ों का विश्लेषण करता है, जिससे उनके निवेश इरादों का आकलन और निकट भविष्य की संभावनाओं की झलक मिलती है।

### ढांचा क्षेत्र में सबसे अधिक पूंजी निवेश

बुनियादी ढांचा क्षेत्र अब भी सबसे अधिक पूंजी निवेश आकर्षित कर रहा है, जिसमें सबसे अहम भूमिका 'ऊर्जा क्षेत्र' निभा रहा है। यह लेख स्निग्धा योगिन्द्रन, सुक्ति खांडेकर, राजेश बी कावेदिया और आलोक घोष ने लिखा है, जो सभी आरबीआई के सांख्यिकी और सूचना प्रबंधन विभाग से हैं।

# टाटा कैपिटल सितंबर के अंतिम सप्ताह में लाएगी आईपीओ

- 17,200 करोड़ रुपए का बहुप्रतीक्षित आईपीओ लाने के लिए तैयार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) टाटा कैपिटल 22 सितंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में अपना 17,200 करोड़ रुपये का बहुप्रतीक्षित आईपीओ लाने के लिए तैयार है। मामले से परिचित बाजार सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। आरंभिक सार्जवनिक निर्गम से कंपनी का मूल्यांकन लगभग 11 अरब डॉलर होने की उम्मीद है। टाटा कैपिटल 30 सितंबर तक शेयर बाजार में सूचीबद्ध हो सकती है। अगस्त में दायर मसौदा रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के अनुसार 47.58 करोड़ शेयरों के प्रस्तावित आईपीओ में 21 करोड़ इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम और 26.58 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है। टाटा संस 23 करोड़ शेयर बेचेगी, जबकि अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) 3.58 करोड़ शेयर बेचेगा। इस समय टाटा कैपिटल में टाटा संस की 88.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि आईएफसी के पास 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी है। आईपीओ से मिली राशि का इस्तेमाल कंपनी के टियर-1 पूंजी आधार को मजबूत करने और आगे की उधारी सहित भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जाएगा। आईपीओ लाने वाली टाटा समूह की दूसरी कंपनी होगी

## भारत जल्द कर सकता है दो पनडुब्बी सौदों पर हस्ताक्षर



**नई दिल्ली।** चीन की बढ़ती नौसैना ताकत के मद्देनजर भारत अपनी समुद्री युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अगले साल के मध्य तक एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के दो बड़े पनडुब्बी सौदों को अंतिम रूप दे सकता है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। पहला सौदा तीन स्कॉर्पीन क्लास पनडुब्बियों के लिए है, जिनका निर्माण 'मझगांव डॉक लिमिटेड' (एमडीएल) और फ्रांस की रक्षा कंपनी 'नेवल ग्रुप' मिलकर करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने हालांकि करीब 36,000 करोड़ रुपये के इस सौदे को दो साल पहले मंजूरी दे दी थी लेकिन तकनीकी और वित्तीय शर्तों को लेकर बातचीत में देरी हुई है। दूसरा बड़ा सौदा छह 'डीजल-इलेक्ट्रिक स्टील्थ' पनडुब्बियों के निर्माण का है, जिसकी अनुमानित लागत 65,000 करोड़ रुपये है। एक सूत्र ने बताया, "हमें उम्मीद है कि अगले साल के मध्य तक दोनों सौदों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।"

# चीन अक्टूबर से विशेष उर्वरक निर्यात पर प्रतिबंध लगाएगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- इसका सीधा असर भारत के किसानों पर पड़ेगा
- आपूर्ति रूकने से कीमतें बढ़ सकती है

भारत का विशेष उर्वरक उद्योग आपूर्ति संबंधी नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है, क्योंकि चीन अक्टूबर से निर्यात प्रतिबंध फिर से लगाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। एक वरिष्ठ उद्योग अधिकारी ने शनिवार को कहा कि ऐसे में कीमतें बढ़ सकती हैं, जिसका सीधा असर किसानों पर पड़ेगा। चीन से विशेष उर्वरक निर्यात की अस्थायी बहाली के चलते राहत मिली है, लेकिन यह राहत अल्पकालिक होगी, क्योंकि बीजिंग अगले महीने से निरीक्षण बढ़ाकर और खेप में देरी करके निर्यात नियंत्रण कड़ा करने की योजना बना रहा है। घुलनशील उर्वरक उद्योग संघ (एसएफआईए) के अध्यक्ष राजीब चक्रवर्ती ने दिए एक साक्षात्कार में कहा, ''यह एक अस्थायी समाधान है, क्योंकि चीन अक्टूबर से निर्यात खिड़की बंद कर रहा है। वे इसे केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व बाजार के लिए बंद कर देंगे।'' भारत और चीन के बीच मुद्दे फिलहाल सुलझ गए हैं, लेकिन प्रतिबंधों का सिलसिला फिर से शुरू होने की आशंका है। चक्रवर्ती ने कहा, ''एक बार जब वे आपूर्ति रोक देते हैं या उस पर प्रतिबंध लगाना शुरू कर देते हैं, तो वे इसे पूरी तरह से नहीं रोकते।

### भारत ने सात वर्षों बाद घुलनशील तकनीक विकसित की

चक्रवर्ती ने बताया कि भारत ने सात वर्षों के अनुसंधान के बाद अपनी पहली स्वदेशी पानी में घुलनशील उर्वरक तकनीक विकसित कर ली है। यह एक ऐसी सफलता है जो देश को विशिष्ट उर्वरकों के क्षेत्र में अग्रणी बना सकती है। इस शोध पहल का नेतृत्व एसएफआईए ने किया।

# कुल कारोबार का 50 फीसदी हिस्सा होगा ई-कॉमर्स से

- कूरियर प्रदाता कंपनी डीटीडीसी को उम्मीद
- तेज डिलीवरी सेवाओं पर बड़ा दांव लगा रही

एजेंसी ⏭ मुंबई

कूरियर सेवा प्रदाता डीटीडीसी एक्सप्रेस का लक्ष्य है कि उसका ई-कॉमर्स कारोबार कुल राजस्व का लगभग 50 प्रतिशत तक पहुंचे। कंपनी इन दिनों 'रैपिड कॉमर्स' यानी तेज डिलीवरी सेवाओं पर बड़ा दांव लगा रही है, क्योंकि आज के ग्राहक अपने ऑर्डर की जल्द और समय पर डिलीवरी चाहते हैं। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभिषेक चक्रवर्ती ने बताया कि कंपनी ने इसी महीने अपनी रैपिड कॉमर्स सेवा 'रफ्तार' की शुरुआत की है, जिसमें चार से छह घंटे के अंदर डिलीवरी की जाती है। ग्राहकों की बढ़ती उम्मीदों को पूरा करने के लिए, डीटीडीसी एक्सप्रेस अगली तीन तिमाहियों में 125 छोटे गोदाम खोलने की योजना बना रही है। सीईओ ने कहा, ''रैपिड कॉमर्स आज के दौर में एक बहुत ही उपयुक्त तरीका है। हम जानते हैं कि क्विक कॉमर्स का मतलब है मिनटों में डिलीवरी, जो तत्काल खरीदारी, जरूरी चीजों और किराना सामान के लिए बहुत बढ़िया है। चक्रवर्ती ने कहा, ''मुझे लगता है कि कई ऐसे उत्पाद हैं, जिनके लिए ब्रांडों को एक तेज, टिकाऊ और किफायती समाधान चाहिए। डीटीडीसी यही सुविधा देना चाहती है, ताकि ब्रांडों को ज्यादा पैसे खर्च न करने पड़ें।

## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मैट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

## शब्द पहेली - 5975




**बाएँ से दाए-**
1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

### शब्द पहेली -5974 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बे | मि | सा | ल | | प | ह | चा | न | |
| बे | | ल | | हु | न | र | | क | | स |
| ई | मा | न | | लु | | व | | र | स | म |
| मा | | | | हा | ज | रि | | | | क |
| न | क | ब | ज | न | | श | य | न | क | क्ष |
| | म | | र | | | | की | | हा | |
| अ | ल | सु | ब | ह | | का | न | भ | र | ना |
| प | | | | म | लि | न | | | | स |
| रा | श | न | | व | | ख | | स | ला | म |
| ध | | हा | | त | रा | जू | | रो | | झ |
| | स | ना | त | न | | रा | ज | पा | ट | |



# यूएस ओपन: वीनस के साथ जीते भांबरी, कोको-नाओमी ने चौथे दौर में रखा कदम



एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

- बोपन्ना और अर्जुन का सफर समाप्त
- 2019 के बाद ओसाका और कोको का होगा आमना-सामना

अमेरिका में जारी यूएस ओपन 2025 के दौरान कोको गॉफ का शानदार प्रदर्शन जारी है। कोको गॉफ ने जहां मैग्डेलेना फ्रेच पर जीत दर्ज की। वहीं साल 2021 के बाद कोई ग्रैंडस्लैम खेलने वाली जापान की नाओमी ओसाका ने डारिया कसाटकिना को हराकर चौथे दौर में कदम रखा। अब ओसाका ओर कोको का साल 2019 के बाद किसी ग्रैंडस्लैम में आमना-सामना होगा। वहीं मेंस डबल्स में युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस ने दूसरे दौर में कदम रखा। लेकिन रोहन बोपन्ना और अर्जुन काधे अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ हारकर बाहर हो गए।

### भारतीय खिलाड़ियों में भांबरी ही जीते बाकी हारे

वहीं मेंस डबल्स में भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस के साथ मिलकर अमेरिका के मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन की जोड़ी को 6-0, 6-3 से हराकर अगले दौर में कदम रखा। जबकि रोहन बोपन्ना और मोनाको के जोड़ीदार रोमेन अर्नेडो को पहले दौरे में ही अमेरिका के रॉबर्ट कैश और जेम्स ट्रेसी की जोड़ी से 4-6 और 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। यूएस ओपन में डेब्यू करने वाले भारत के अर्जुन काधे और उनके जोड़ीदार डिएगो हिडाल्गो को दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी के आगे 7-5, 6-7(4), 4-6 से हार का सामना करना पड़ा।



### गॉफ पहुंची चौथे दौर में

यूएस ओपन 2025 के वीमेंस सिंगल्स के तीसरे दौर में कोको गॉफ ने मैग्डेलेना फ्रेच पर 6-3, 6-1 से जीत के साथ लगातार चौथे वर्ष अमेरिकी ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। जबकि ओसाका ने चार साल बाद ग्रैंडस्लैम में वापसी करते हुए डारिया कसाटकिना को 6-0, 4-6, 6-3 से हराया। इसके चलते अब साल 2019 के बाद पहली बार ओसाका और कोको का मुकाबला होगा।

### प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे सिनर



दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा और लोगों को यह भी याद दिलाया कि वह कोई मशीन नहीं हैं। मौजूदा चैंपियन सिनर ने दुनिया के 27वें नंबर के डेनिस शापोवालोव को 5-7, 6-4, 6-3, 6-3 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। सिनर ने मैच के बाद कहा, 'मैं कोई मशीन नहीं हूं और आप सब यह जानते हैं। मुझे भी कभी-कभी संघर्ष करना पड़ता है। मुझ पर भी दबाव होना स्वाभाविक है। आपको मैच के अनुसार सामंजस्य बिठाना पड़ता है।' इटली के इस खिलाड़ी ने इस तरह से हार्डकोर्ट पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

## खबर संक्षेप



### प्रदर्शन से अधिक ध्यान मैच खेलने पर था: पराग

**बेंगलुरु।** सत्र में अधिकतर समय कंधे की चोट से जूझने के बाद रियान पराग का दलीप ट्रॉफी में आने का निजी लक्ष्य कुछ मैच खेलना था और असम के इस ऑलराउंडर को इस लक्ष्य को हासिल करने की खुशी है। पिछले साल के अंत में लगी कंधे की चोट ने आईपीएल 2025 में भी उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी को प्रभावित किया है और पराग ने आईपीएल के बाद दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में पूर्व क्षेत्र की अगुवाई करने तक कोई क्रिकेट नहीं खेला। उत्तर क्षेत्र के पहली पारी की बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बनाने के बाद पराग ने संवाददाताओं से कहा, 'मैच में खेलकर अच्छा लगा।

### ओलंपिक में पदक जीत जाती, तो ले लेती संन्यास



**नई दिल्ली।** लवलीना बोरगोहेन ने अपनी अकादमी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मुक्केबाजी से संन्यास लेने पर विचार किया था, लेकिन पेरिस ओलंपिक खेलों में पदक से चूकने के बाद उन्होंने यह फैसला टाल दिया। असम की यह मुक्केबाज आगामी विश्व चैंपियनशिप से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करने के लिए तैयार है और उनका लक्ष्य ओलंपिक में दूसरा पदक जीतना है। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से दूर हैं। रिंग से दूर रहने के दौरान उन्होंने अपनी अकादमी स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका उद्घाटन जून में गुवाहाटी में हुआ।

### मैराथन: किरोस और हसन ने बनाए नए रिकॉर्ड

**सिडनी।** इथियोपिया के हैलीमारयम किरोस और नीदरलैंड के सिफान हसन ने सिडनी मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में नए रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की। किरोस ने पुरुषों की दौड़ दो घंटे छह मिनट और छह सेकंड में जीती। यह ऑस्ट्रेलिया में मैराथन में सबसे तेज समय है। उन्होंने पिछले रिकॉर्ड में एक मिनट से भी अधिक समय का सुधार किया। यह 28 वर्षीय खिलाड़ी हमवतन अदिसु गोबेना से 10 सेकंड आगे रहा।

### यू मुंबा ने वापसी कर थलाइवाज को हराया

**विशाखापत्तनम।** यू मुंबा ने प्रो कबड्डी लीग मुकाबले के दूसरे हाफ में नौ अंक से पिछड़ने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए रविवार को यहां तमिल थलाइवाज को 36-33 से हराया। अर्जुन देशवाल के सुपर 10 से थलाइवाज ने मैच के ज्यादातर समय में अपनी बढ़त बनाये रखी लेकिन दूसरे हाफ में अजित चौहान और अनिल मोहन के दमदार खेल से यू मुंबा की टीम वापसी कर जीत दर्ज करने में सफल रही। मध्यांतर के समय थलाइवाज की टीम 14-11 से आगे थी और टीम ने यू मुंबा को ऑल आउट कर नौ अंकों की मजबूत बढ़त बना ली। यू मुंबा ने हालांकि आखिरी क्षणों में मैच का रुख पलट दिया।

## हॉकी एशिया कप: कप्तान हरमनप्रीत ने दागे 2 गोल

# टीम इंडिया ने चीन के बाद जापान को भी रौंदा, लगातार मिली दूसरी जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगीर

कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारत ने पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के पूल ए के कड़े मुकाबले में जापान को 3-2 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की और सुपर चार चरण के लिए क्वालीफाई किया। चीन के खिलाफ पहले मैच में हैट्रिक बनाने वाले हरमनप्रीत ने पांचवें और 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागे जबकि भारत के लिए एक अन्य गोल मनदीप सिंह ने चौथे मिनट में किया। जापान की ओर से दोनों गोल कोसेई कावाबे ने 38वें और 59वें मिनट में किए। भारत ने शुक्रवार को टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत चीन पर 4-3 की जीत के साथ की थी। दो मैच में दो जीत के बाद भारत छह अंक के साथ पूल ए में शीर्ष पर है।



### करकेरा ने किए दो शानदार बचाव

मध्यांतर के बाद खेल शुरू होने के कुछ मिनट बाद सुखजीत ने मनदीप को सर्कल के अंदर पास दिया लेकिन उनके शॉट को जापान के गोलकीपर ने रोक दिया। जापान ने 38वें मिनट में काइतो तनाका के पास पर कावाबे के गोल से भारत की बढ़त को कम किया लेकिन मेजबान टीम ने पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत के एक और गोल से फिर दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। जापान को 49वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सूरज करकेरा ने दो शानदार बचाव किए।मैच खत्म होने से दो मिनट पहले कावाबे ने जरमनप्रीत की कमजोरी का फायदा उठाकर गोल किया लेकिन जापान को हार से नहीं बचा पाए।

### चीन ने कजाखस्तान को 13-1 से हराया

पूल ए के दूसरे मैच में चीन ने कजाखस्तान को 13-1 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की और सुपर चार में जगह बनाने का दावा बरकरार रखा। कजाखस्तान को मैच शुरू होने के 12 सेकेंड के अंदर ही पेनल्टी मिली और अगिमटे डुइसेंगजी ने सटीक फ्लिक से गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। हालांकि इसके बाद चीन ने दबदबा बनाया। चीन के लिए डू शिहाओ (10वें, 53वें), किजुन चेन (13वें), चांगलियांग लिन (15वें, 39वें), बेनहाई चेन (29वें, 56वें), युआनलिन लू (31वें), जिशेंग गाओ (33वें) शियाओलोंग गुओ (41वें, 58वें) और युआनलिन लू (42वें, 44वें) ने गोल दागे। इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता का विजेता अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा।

### भारत ने पिछले मैच की तुलना में किया बेहतर प्रदर्शन

जापान और चीन ने एक-एक जीत दर्ज की है। मेजबान टीम अपना अंतिम पूल मैच सोमवार को कजाखस्तान के खिलाफ खेलेगी जबकि जापान और चीन के बीच होने वाले मुकाबले से पूल ए से सुपर चार में जगह बनाने वाली दूसरी टीम का फैसला होगा। भारत ने पिछले मैच की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया। टीम में बेहतर समन्वय दिखा और उसे तेज हॉकी खेली, जिसके कारण प्रतिद्वंद्वी सर्कल के अंदर लगातार हमले हुए। भारत को पहला मौका दूसरे मिनट में ही मिल गया जब हरमनप्रीत ने मनप्रीत को गेंद दी लेकिन सर्कल के ठीक अंदर से लिया गया उनका शॉट गोल से कुछ इंच दूर से बाहर निकल गया।

## 13 से 21 सितंबर के बीच होगी प्रतियोगिता

# विश्व चैंपियनशिप में भारत की अगुवाई करेंगे नीरज



भाषा ⏭ नई दिल्ली

**भाला फेंक में हमारे सबसे अधिक खिलाड़ी**

**रविवार को हुई 19 सदस्यीय टीम की घोषणा**

अगले महीने तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में भारत के पुरुष भाला फेंक खिलाड़ियों की संख्या सबसे अधिक होगी जिसमें नीरज चोपड़ा की अगुआई में देश के चार खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह वैश्विक मंच पर दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा के प्रदर्शन से आई गई 'क्रांति' का उल्लेखनीय प्रतिबिंब है। भारत ने 13 से 21 सितंबर तक होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए रविवार को 19 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें भाला फेंक स्पर्धा में चोपड़ा के अलावा सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव भी देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। तोक्यो में प्रतिस्पर्धा करने वाले शुरुआती 36 खिलाड़ियों के समूह में जगह बनाने में नाकाम रहे रोहित को विश्व एथलेटिक्स से आमंत्रण मिला जब विश्व रैंकिंग में उनसे ऊपर के प्रतियोगियों ने नाम वापस ले लिया। पिछले टूर्नामेंट में भी चार भारतीयों ने क्वालीफाई किया था लेकिन रोहित चोट के कारण बाहर हो गए थे। चोपड़ा ने 2023 में बुडापेस्ट में पिछली विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था जबकि किशोर जेना और डीपी मनु क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहे थे। देश के इतिहास में पहली बार चार भारतीय विश्व चैंपियनशिप की किसी स्पर्धा में हिस्सा लेंगे।

गत चैंपियन होने के कारण 27 वर्षीय चोपड़ा ने वाइल्ड कार्ड से विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया जिससे तीन अन्य भारतीयों के उनके साथ जुड़ने का रास्ता साफ हुआ।

## विश्व चैंपियनशिप

# सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



एजेंसी ⏭ पेरिस

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल सेमीफाइनल में चीन के 11वें वरीय चेन बो यांग और लियू यी से हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए पदक सुनिश्चित करने के एक दिन बाद सात्विक और चिराग के पास विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनने का मौका था लेकिन शनिवार की शाम को 67 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में 19-21, 21-18, 12-21 से हारने के कारण उनका यह सपना पूरा नहीं हो पाया। भारतीय जोड़ी का विश्व चैंपियनशिप में यह दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने 2022 में कांस्य पदक जीता था।

### टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त

एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर 2011 से लेकर अब तक इस टूर्नामेंट में पदक जीतने का भारत का सिलसिला जारी रखा था। सेमीफाइनल में हालांकि भारतीय टीम चीनी जोड़ी की कड़ी चुनौती का सामना नहीं कर सकी। इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया।

### चेन और लियू की शानदार वापसी

सात्विक और चिराग ने शुरुआती गेम में आक्रामक रवैया अपनाया और जल्द ही 9-3 की बढ़त बना ली। लेकिन चेन और लियू ने इसके बाद शानदार वापसी की और भारतीय जोड़ी को पीछे छोड़ दिया। इसके बाद चिराग तीसरे गेम प्वाइंट पर चूक गए और चीन की टीम पहला गेम जीतने में सफल रही। दूसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करके 5-1 की बढ़त बना ली। सात्विक के स्मैश और चिराग के नेट पर आक्रामक खेल से भारतीय टीम को बढ़त हासिल करने में मदद मिली। लेकिन इसके बाद चिराग ने नेट पर बार-बार गलतियां की और सात्विक की सर्विस भी अच्छी नहीं रही, जिससे चीन की जोड़ी ने स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया। सात्विक के जबरदस्त स्मैश और भाग्यशाली नेट कॉर्ड की बदौलत उन्होंने 21-18 से जीत हासिल की और निर्णायक गेम में प्रवेश किया।

## स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल



**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड के विनीसियस जूनियर (दाएं) रियल मैड्रिड और मैलोर्का के बीच स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल मैच के दौरान अपनी टीम का दूसरा गोल करने का जश्न मनाते हुए।

## पाकिस्तान ने यूएई को हराया

**शारजाह।** सैम अयूब और हसन नवाज के तूफानी अर्धशतकों की मदद से पाकिस्तान ने टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला में संयुक्त अरब अमीरात को 31 रन से हरा दिया। बाएं हाथ के बल्लेबाज अयूब ने 38 गेंदों पर 69 रन बनाए जबकि नवाज ने 26 गेंदों पर 56 रन की पारी खेली जिसमें छह छक्के शामिल हैं।



कप्तान सलमान अली आगा ने लगातार दूसरी बार टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और पाकिस्तान ने 20 ओवरों में 207 रन बनाए। यूएई की तरफ से तेज गेंदबाज सगीर खान ने 44 रन देकर तीन विकेट लिए। मध्यक्रम के बल्लेबाज आसिफ खान ने यूएई के लिए अपने 50वें टी-20 मैच का जश्न 35 गेंदों पर 77 रन की आक्रामक पारी के साथ मनाया, लेकिन उनके अलावा केवल कप्तान मोहम्मद वसीम (33) ही कुछ योगदान दे पाए। पाकिस्तान ने नियमित अंतराल में विकेट लेकर यूएई को आखिर में आठ विकेट पर 176 रन पर रोक दिया। पाकिस्तान की तरफ से हसन अली ने 47 रन देकर तीन विकेट लिए।

## सेमीफाइनल में सेंट्रल जोन का सामना वेस्ट जोन से, साउथ जोन से भिड़ेगा नॉर्थ जोन

# दोनों क्वार्टर फाइनल ड्रॉ, 2 मैचों में लगे 4 शतक, 2 डबल सेंचुरी

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

दलीप ट्रॉफी 2025 का पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला नॉर्थ जोन और ईस्ट जोन के बीच खेला गया, जो ड्रॉ पर खत्म हुआ तो वहीं दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला सेंट्रल जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन के बीच खेला गया और ये मैच भी ड्रॉ पर खत्म हुआ। बेशक दोनों मैच ड्रॉ रहे, लेकिन अपने-अपने मैचों में बड़ी बढ़त के आधार पर नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन ने सेमीफाइनल में जगह बना ली।

पहले दोनों क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कुछ बल्लेबाजों ने अपने हाथ जमकर दिखाए और इन दोनों मैचों में चार बल्लेबाजों ने शतक लगाए जबकि दो बल्लेबाजों ने दोहरा शतक जड़ा यानी पहले दो मैचों में 4 शतकीय पारी खेली गई जबकि दो दोहरा शतक भी लगा।

### मालेवर और बदोनी ने लगाए दोहरे शतक

दानिश मालेवर ने सेंट्रल जोन के लिए खेलते हुए नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ पहली पारी में 222 गेंदों पर 203 रन की पारी खेली थी और फिर वो रिटायर हर्ट हो गए थे। उनकी इस पारी से उनकी टीम को बड़ी बढ़त लेने में काफी आसानी हुई। वहीं दूसरा दोहरा शतक नॉर्थ जोन के खिलाड़ी आयुष बदोनी ने ईस्ट जोन के खिलाफ लगाई। उन्होंने ईस्ट जोन के खिलाफ दूसरी पारी में 223 गेंदों पर नाबाद 204 रन बनाए।





### अंकित, ढुल, पाटीदार और शुभम ने ठोकी सेंचुरी

दलीप ट्रॉफी के दोनों क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अंकित कुमार, यश ढुल, रजत पाटीदार और शुभम शर्मा ने शतकीय पारी खेलने का कमाल किया। सेंट्रल जोन की तरफ से इस टीम के कप्तान रजत पाटीदार ने पहली पारी में नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ 96 गेंदों पर 125 रन की पारी खेली जबकि सेंट्रल जोन के शुभम शर्मा ने दूसरी पारी में नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ 215 गेंदों पर 122 रन की पारी खेली।

### सेमीफाइनल में अजहरुद्दीन करेंगे दक्षिण क्षेत्र की अगुवाई

**बेंगलुरु।** केरल के बल्लेबाज मोहम्मद अजहरुद्दीन को उत्तर क्षेत्र के खिलाफ चार सितंबर से बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिए रविवार को तिलक वर्मा की जगह दक्षिण क्षेत्र का कप्तान नियुक्त किया गया। तिलक वर्मा को पहले दक्षिण क्षेत्र का कप्तान नियुक्त किया गया था लेकिन उन्हें एशिया कप के लिए भारतीय टीम में चुना गया है और इसलिए वह आगे दलीप ट्रॉफी में नहीं खेल पाएंगे। तिलक वर्मा के साथ अजहरुद्दीन टीम के उप-कप्तान थे और अब यह भूमिका तमिलनाडु के एन. जगदीशन को सौंप दी गई है।



राज्य में अब तक 12 जिलों में 63 स्थानों पर हुए बड़े भूस्खलन

# उत्तराखंड में भूस्खलन: धौलीगंगा परियोजना की दोनों सुरंगों में 11 श्रमिक फंसे, 8 को निकाला

**ऋषिकेश में एसडीआरएफ ने एक 12 वर्षीय किशोर को सॉन्ग नदी से बचाया**

**11 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया गया**



एजेंसी ▶▶ पिथौरागढ़

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में धारचूला के पास ऐलागाड़ क्षेत्र में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन से धौलीगंगा विद्युत परियोजना की सामान्य और आपातकालीन सुरंगों को जाने वाला रास्ता अवरुद्ध हो गया, जिससे राष्ट्रीय जलविद्युत निगम लिमिटेड (एनएचपीसी) के 19 श्रमिक बिजलीघर के अंदर फंस गए। इनमें से 8 को निकाल लिया गया और 11 को सुरक्षित बचाने के प्रयास खबर लिखे जाने तक जारी थे। धारचूला के उप जिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि मलबा हटाने के लिए मशीनें तैनात कर दी गई हैं और रविवार शाम तक रास्ता साफ कर लिया जाएगा, जिसके बाद सभी मजदूर बाहर आ सकेंगे। उन्होंने बताया कि ऊपर से लगातार मलबा गिरने के बावजूद सीमा सड़क संगठन और हालवेज कंपनी की जेसीबी मशीनों की मदद से मलबा हटाने का कार्य जारी है।

### लैंडस्लाइड और बाढ़ का खतरा बरकरार

*उधर आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने रविवार को एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सितंबर में उत्तराखंड में लैंडस्लाइड और बाढ़ का खतरा बना हुआ है। अगले महीने राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि सितंबर में सामान्य (167.9 मिमी) से ज्यादा बारिश होगी। उधर पंजाब के आठ जिलों में भारी बारिश के बाद 1018 गांवों में बाढ़ की स्थिति है। बाढ़-बारिश में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है।*

### गौरव यात्रा को दिखाई हरी झंडी

वर्मा ने कहा कि सभी श्रमिक सुरक्षित हैं और बिजलीघर का रास्ता खुलने के बाद वे बाहर निकल आएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि विद्युत परियोजना से बिजली उत्पादन सामान्य रूप से जारी है। उत्तराखंड में इस बार मानसून में भूस्खलन की एक के बाद एक घटनाओं ने चिंता और चुनौती दोनों बढ़ा दी हैं। राज्य में मई से अब तक 12 जिलों में 63 स्थानों पर बड़े भूस्खलन हुए हैं।



### रुद्रप्रयाग में भूस्खलन से केदारनाथ हाईवे ठप

*उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने लोगों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। केदारनाथ हाईवे भूस्खलन के कारण कई स्थानों पर बंद हो गया, जिससे तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हो रही है। शनिवार-रविवार की रात भारी मलबा गिरने और गौशाला के मलबे में तब्दील होने की घटनाएं सामने आईं।*


## खबर संक्षेप

### दुर्घटनावश गोली लगने से सैनिक की मौत



**श्रीनगर।** गांदेरबल जिले में दुर्घटनावश गोली लगने से एक सैनिक की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सेना की राष्ट्रीय राइफल्स के कांस्टेबल छोटू कुमार जब मध्य कश्मीर जिले के मानसबल इलाके में पहुंचने के बाद एक ट्रक से कूद रहे थे, तभी उनकी सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल गई। अधिकारियों ने बताया, 'उनकी राइफल का 'ट्रिगर' गलती से दब गया। कांस्टेबल कुमार को ठोड़ी के नीचे गोली लग गई जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### रूस के दागेस्तान में भीषण धमाका, कई लोग घायल



**नई दिल्ली।** रूस के दागेस्तान में एक गैस स्टेशन पर धमाका हो गया। इस शक्तिशाली विस्फोट में कई लोग घायल हो गए। घटना मखचकाला के पूर्वी बाहरी इलाके में स्थित खासाव्युर्ट जिले के सुलेवकेंट गांव के पास हुई। खासव्युर्ट जिले के सुलेवकेंट गांव में एक पेट्रोल पंप में विस्फोट हुआ, जिससे घटनास्थल पर आग लग गई।विस्फोट में घायल हुए चार लोगों को भर्ती कराया गया। फुटेज में लोगों को विस्फोट से बचने के लिए भागते हुए देखा जा सकता है।

ट्रंप को भारत के इतिहास और उसकी अहमियत का कोई अंदाजा नहीं

# भारत को झुकाने में सफल नहीं हुए ट्रंप ने यूरोप से की अमेरिका जैसे एक्शन की मांग

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारतीय आयात पर 50% प्रतिशत का टैरिफ लगाने के बाद भी भारत को झुकाने में नाकाम होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब नया पैंतरा चल रहे हैं। वॉइट हाउस ने अब यूरोपीय देशों से भारत पर अमेरिका जैसे ही प्रतिबंध लगाने को कहा है, जिसमें नई दिल्ली से खरीदे जाने वाले सभी तेल और गैस पर पूरी तरह से रोक लगाना भी शामिल है। रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

सूत्रों के अनुसार, ट्रंप प्रशासन चाहता है कि यूरोप भारत पर सेकेंडरी टैरिफ लगाए। यह उसी तरह से होगा, जैसे अमेरिका ने मॉस्को से तेल खरीदना बंद नहीं करने पर भारत के ऊपर लगाने की चेतावनी दी थी। अमेरिका ने इसी सप्ताह बुधवार को भारत के ऊपर 50% टैरिफ लागू कर दिया है।

### भारत,रूस और चीन आ गए साथ, ट्रंप की चिंता बढ़ी

यूरोपीय देश भी खुश नहीं हैं ट्रंप की कार्यशैली से



### भारत, चीन और रूस के नेता होंगे साथ

*यह जानकारी ऐसे समय में सामने आई है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के नेता शी जिनपिंग तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान मिल हैं। दुनिया के चार बड़े नेताओं में से तीन का एक साथ होना वर्तमान भू-राजनीतिक हलचल के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिस पर सभी की नजरें हैं।*

### मजबूत रिश्तों पर हुई बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव कै क्यू से मुलाकात की, जो सत्ताधारी पार्टी की पोलित ब्यूरो स्थायी समिति के सदस्य हैं।



इस दौरान दोनों ने भारत-चीन सहयोग को मजबूत बनाने पर बातचीत की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पीएम मोदी और कै क्यू के बीच हुई मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा कीं। उन्होंने कहा, "पीएम मोदी ने चीन के तियानजिन में पोलित ब्यूरो की स्थायी समिति के सदस्य कै क्यू से मुलाकात की। आज की बैठक के अनुरूप, उन्होंने भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय आर्थिक, राजनीतिक और लोगों के बीच आपसी विचार साझा किए।

सेना ने किया बड़ी साजिश का खुलासा

## पुंछ में सुरक्षा बलों ने 2 आतंकियों को पकड़ा,एके-47, हैंड ग्रेनेड जब्त

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में पुंछ के मंडी सेक्टर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है।

इनके पास से एक एके-47 और एक हैंड ग्रेनेड मिला है। पुंछ पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन शुरू कर दिया है। पुलिस ने बताया कि इस दौरान पुलिस ने छापेमारी भी की। इसमें आजमाबाद स्थित एक घर पर छापा मारा, यहां से स घर के मालिक स्थानीय निवासी तारिक शेख और उसके साथी चैंबर गांव निवासी रियाज अहमद को हिरासत में लिया गया है।अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार करने के बाद दोनों से पूछताछ की गई, जिससे मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने जलियां गांव स्थित शेख के एक और किराए के मकान पर छापा मारा, जहां से यह हथियार बरामद किए गए।

### दो आतंकियों को किया ढेर

इसकी जानकारी देते हुए चिनार कॉर्प्स ने लिखा, जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा संदिग्ध घुसपैठ के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। इसके आधार पर भारतीय सेना और स्थानीय पुलिस ने गुरेज सेक्टर में संयुक्त अभियान शुरू कर दिया। सैनिकों ने एक गतिविधि देखी और कार्रवाई शुरू कर दी। परिणामस्वरूप आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सैनिकों ने भी जवाबी कार्रवाई की और दो आतंकियों को मार गिराया।

30 साल बाद कश्मीर में फिर खुला शारदा भवानी मंदिर

## स्थानीय मुस्लिम बोले- घाटी रही है पंडितों की जन्मभूमि

एजेंसी ▶▶ जम्मू

कश्मीरी पंडित समुदाय ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में शारदा भवानी मंदिर को तीन दशकों से भी ज्यादा समय बाद फिर से खोल दिया। इस समारोह में स्थानीय मुस्लिम समुदाय की भारी भागीदारी रही। मध्य कश्मीर जिले के इचकूट गांव में 'मुहूर्त' और 'प्राण प्रतिष्ठा' के साथ आयोजित इस समारोह में कश्मीरी पंडित परिवारों का एक ग्रुप 1990 के दशक की शुरुआत में कश्मीर घाटी में उग्रवाद भड़कने के बाद पहली बार अपने पैतृक स्थान पर लौटा। इस दौरान एक मुस्लिम बुजुर्ग ने कहा कि कश्मीर घाटी कश्मीरी पंडितों की जन्मभूमि है और दोनों समुदाय साथ-साथ पले-बढ़े हैं।

### कश्मीरी पंडित जल्द लौटें, यही प्रार्थना

स्थानीय मुसलमान भी यही चाहते थे। वे हमें नियमित रूप से आकर मंदिर की पुनर्स्थापना करने के लिए कहते थे। उन्होंने कहा कि पंडित समुदाय ने 35 साल बाद मंदिर को फिर से खोला है।




मालवेयर से यूजर्स को था बड़ा खतरा

## गूगल ने प्ले स्टोर से एक साल में हटाए 40 लाख से ज्यादा एप्स



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गूगल ने एक बड़ा ऐक्शन लेते हुए अपने प्ले स्टोर से 77 खतरनाक एप्स को हटा दिया है। ये सभी एप्स यूजर्स की सुरक्षा और प्राइवेसी के लिए खतरा बने हुए थे। हालांकि, यह केवल हालिया कार्रवाई का हिस्सा है। फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, गूगल ने पिछले साल लगभग 40 लाख एप्स को डिलीट किया, यानी औसतन हर दिन 11,000 एप्स को हटाया गया। यह जानकारी सर्फशार्क की रिपोर्ट और गूगल के ट्रांसपेरेंसी डेटा से सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, हटाए गए आधे से ज्यादा ऐप्स डेटा प्रोटेक्शन और प्राइवेसी नियमों का उल्लंघन कर रहे थे।

### जांच से गुजरना होगा

इसके साथ ही गूगल ने इस साल करीब 1.55 लाख डेवलपर अकाउंट्स को भी ब्लॉक कर दिया। कंपनी अब साइडलोडेड एप्स (जो सीधे प्ले स्टोर से डाउनलोड नहीं होते) पर भी सख्ती कर रही है। गूगल का कहना है कि अब केवल वही डेवलपर्स एप्स पब्लिश कर सकेंगे, जो वेरिफिकेशन प्रक्रिया से गुजरेंगे। गूगल ने यूजर्स को चेतावनी दी है कि अगर कोई एप प्ले स्टोर से गायब हो जाए, तो इसका मतलब यह नहीं है कि डेवलपर ने उसे हटाया है। बल्कि अक्सर इसका कारण होता है कि एप ने नियमों का उल्लंघन किया है। हालांकि, अगर एप आपके फोन में पहले से मौजूद है तो वह चलता रहेगा, लेकिन उसे आगे अपडेट नहीं मिलेगा। कंपनी ने साफ किया है कि अगर ऐप खतरनाक पाया गया तो प्ले प्रोटेक्ट आपको उसे अनइंस्टॉल करने का अलर्ट देगा। लेकिन अगर ऐसा अलर्ट नहीं आया, तो ऐप आपके फोन में बिना सिक्योरिटी अपडेट्स के चलता रहेगा।

### पहले आधे एप्स हटाए जा चुके थे

*गूगल ने पिछले साल ही एप पब्लिशिंग को लेकर सख्त नियम लागू करने का ऐलान किया था और अब उसका असर साफ दिखाई दे रहा है। 2024 की शुरुआत तक ही प्ले स्टोर पर मौजूद लगभग आधे एप्स हटाए जा चुके थे।*

आदिवासी छात्रों के लिए अंतरिक्ष शिक्षा को देगा बढ़ावा

## त्रिपुरा में शुरू हुई स्पेस एजुकेशन लाइब्रेरी, छात्रों को मिलेगा चंद्रयान से मंगल मिशन तक का ज्ञान

एजेंसी ▶▶ उनाकोटी

त्रिपुरा के सुदूर उनाकोटी जिले के एक स्कूल में स्पेस एजुकेशन लाइब्रेरी की शुरुआत की गई है। यहां छात्रों को रॉकेट मॉडल, अंतरिक्ष अभियानों की जानकारी और रिकॉर्डेड लेक्चर के जरिए अंतरिक्ष विज्ञान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। नई पीढ़ी के बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान में रुचि दिलाने के लिए त्रिपुरा के उनाकोटी जिले के एक स्कूल में अंतरिक्ष शिक्षा पुस्तकालय खोला गया है। ईस्ट रैटविसा डालोंग पारा हाई स्कूल की इस लाइब्रेरी में एसएलवी मार्क-2, पीएसएलवी और जीएसएलवी जैसे रॉकेटों के छोटे मॉडल रखे गए हैं। साथ ही, चंद्रयान, मंगल मिशन और सौर मिशन जैसे अभियानों के मॉडल भी यहां मौजूद हैं। बच्चों को बेहतर समझ देने के लिए अंतरिक्ष विज्ञान पर रिकॉर्ड किए गए लेक्चर भी सुनाए जाते हैं। कुमारघाट के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) सुदीप भौमिक ने कहा, हमारा मुख्य उद्देश्य ऐसी सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

**स्कूल में एक आधुनिक कक्षा भी तैयार की गई है, जिसमें स्मार्ट क्लासरूम है**



### दूरदराज के छात्रों के लिए विकास और अवसर

*इन प्रगति के साथ, कुमारघाट ब्लॉक सलाहकार समिति (बीएसी) का लक्ष्य केवल दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले जनजातीय समुदायों में वैज्ञानिक मानसिकता उत्पन्न करना नहीं है, बल्कि उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए उम्मीद प्रदान करना भी है। स्कूल के एक शिक्षक रिंगामपर हलाम ने कहा, विद्यालय को उत्कृष्टता का केंद्र बनाने के लिए समग्र दृष्टिकोण के कारण, छात्रों की संख्या हर साल बढ़ती जा रही है।*

### सौर ऊर्जा से संचालित आधुनिक स्मार्ट क्लासरूम का निर्माण

बीडीओ ने बताया कि यह पुस्तकालय 'नानाजी देशमुख सर्वोत्कृष्ट पंचायत सतत विकास पुरस्कार' के तहत मिलने वाले अनुदान से बनाया गया, जिसे केंद्रीय पंचायत मंत्रालय ने वित्तीय सहायता दी। इसके अलावा, स्कूल में एक आधुनिक कक्षा भी तैयार की गई है, जिसमें स्मार्ट क्लासरूम है, जिसमें डिजिटल पैनल, डिजिटल पोडियम और प्रशिक्षण कुर्सियां लगी हुई हैं। भौमिक ने कहा, इन सभी को स्कूल में स्थापित 5 किलोवाट सौर प्रणाली द्वारा संचालित किया गया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109